Samyak
An Institute For Civil Services

द्विमासिक
समसामयिकी घटनाचक्र



जनवरी - फरवरी, 2020

# करेंट अफेयर्स

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी















अंतरराष्ट्रीय | राष्ट्रीय | राजस्थान | राजस्थान सुजस सार | रक्षा/विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

पुरस्कार | खेलकूद | चर्चित व्यक्ति/स्थान

✆ - 9875170111, 9414988860

Near Riddhi-Siddh, Gopalpura Bypass, Jaipur | www.samyakias.com

# 1 अन्तरराष्ट्रीय घटनाक्रम

## CPI-2019 : भारत का 80वां स्थान

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में जनवरी, 2020 में 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' ने वर्ष 2019 का 'भ्रष्टाचार अवधारणा सूचकांक (Corruption Perception Index- CPI) जारी किया है। 180 देशों की सूची में भारत को 80वां स्थान (41स्कोर) दिया गया है जो गत वर्ष 78वां था। CPI में विश्व का औसत स्कोर 43 है।

**यह भी जानें:-** सूचकांक में 0 स्कोर वाला देश सबसे ज्यादा भ्रष्ट और 100 स्कोर वाला देश सर्वाधिक ईमानदार माना जाता है।

**शीर्ष 5 कम भ्रष्ट देश:-**

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 1. | डेनमार्क, न्यूजीलैंड | 87 |
| 3. | फिनलैंड | 86 |
| 4. | स्विट्जरलैंड, सिंगापुर व स्वीडन | 85 |
| 7. | नॉर्वे | 84 |
| 8. | नीदरलैण्ड | 82 |

**शीर्ष 5 सर्वाधिक भ्रष्ट देश:-**

| रैंक | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 180. | सोमालिया | 9 |
| 179. | दक्षिणी सूडान | 12 |
| 178. | सीरिया | 13 |
| 177. | यमन | 15 |
| 173. | वेनेजुएला, गिनी, सूडान, अफगानिस्तान | 16 |

## वैश्विक सामाजिक बदलाव सूचकांक

विश्व आर्थिक मंच की ओर से जनवरी, 2020 में 'वैश्विक सामाजिक बदलाव सूचकांक (Globlal Social Mobility Index) जारी किया गया। 82 देशों को लेकर जारी किए गए सूचकांक में भारत का 76वां स्थान रहा। रिपोर्ट में लिखा है कि यदि किसी देश के सामाजिक बदलाव में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो उससे उस देश की सामाजिक एकता मजबूत होगी तथा उसकी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

**यह रहा आधार:-** सूचकांक तैयार करने के निम्न पांच आधार रहे-स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कामकाज, सरंक्षण व संस्थान।

**शीर्ष 5 देश:-**

| रैंक | देश |
|---|---|
| 1 | डेनमार्क |
| 2 | नॉर्वे |
| 3 | फिनलैंड |
| 4 | स्वीडन |
| 5 | आइसलैंड |

## ब्राजील के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो 24-27 जनवरी, 2020 को भारत की यात्रा पर रहे। वे यहां 71वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**15 समझौतों पर हस्ताक्षर:-** 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई उनकी वार्ता के बाद कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, साइबर सुरक्षा व सामरिक सुरक्षा सहित 15 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। दोनों देशों ने वर्ष 2022 तक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 15 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

## आयरलैंड के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

आयरलैंड के भारतीय मूल के प्रधानमंत्री लियो वराडकर 30 दिसम्बर, 2019 से 1 जनवरी, 2020 के बीच सपरिवार भारत दौरे पर रहे। यह उनकी निजी यात्रा थी।

## WHO : आगामी दशक की 13 चुनौतियां

विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization-WHO) ने जनवरी, 2020 में आगामी दशक के संदर्भ में 13 अति महत्त्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से संबंधित सूची जारी की है।

वर्ष 2030 तक सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र ने आगामी दशक को 'कार्रवाई का दशक' घोषित किया है।

13 **चुनौतियां :-**

1. जलवायु वार्ताओं में स्वास्थ्य को शामिल करना
2. संघर्ष और संकट के समय स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करना
3. स्वास्थ्य देखभाल में समानता लाना
4. औषधियों तक पहुंच बढ़ाना
5. संक्रामक रोगों को रोकना
6. महामारी से बचने के लिए तैयार रहना
7. खतरनाक उत्पादों से व्यक्तियों की रक्षा करना
8. स्वास्थ्य रक्षा के क्षेत्र में निवेश करना
9. किशोरों को सुरक्षित रखना
10. जनता का विश्वास अर्जित करना
11. नई तकनीकों को उपयोग में लाना
12. हमारी रक्षा करने वाली दवाओं को संरक्षित करना
13. स्वास्थ्य रक्षा के लिए सफाई का ध्यान रखना

**उद्देश्य:-** WHO द्वारा जारी इस सूची का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणालियों और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में अंतराल को कम करने के साथ-साथ सबसे कमजोर देशों को सहायता प्रदान करने के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर वित्तपोषित करना है।

## ■ हिन्दी वर्ड ऑफ द ईयर

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने 'संविधान' शब्द को वर्ष 2019 का हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर चुना है। ऑक्सफोर्ड ने जनवरी, 2020 में हिंदी भाषियों से इस संदर्भ में सुझाव मांगा था।

## ■ नर्स और मिडवाइफ वर्ष

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2020 को 'नर्स और मिडवाइफ वर्ष' के रूप में नामित किया है।

## ■ ताल ज्वालामुखी

ताल ज्वालामुखी फिलीपींस की राजधानी मनीला से 50 किमी. दूर स्थित लूजोन द्वीप पर स्थित है। इस ज्वालामुखी में 12 जनवरी, 2020 को उद्गार हुआ। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्कैनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी द्वारा ताल ज्वालामुखी को एक जटिल ज्वालामुखी के रूप में वर्गीकृत किया गया है अर्थात इस ज्वालामुखी में एक मुख्य उद्गार केंद्र होने के साथ-साथ कई अन्य उद्गार केंद्र होते हैं।

## ■ म्यांमार के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

म्यांमार के राष्ट्रपति यू विन मियंट 26-29 फरवरी, 2020 को भारत की यात्रा पर रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई मेहमान राष्ट्रपति की वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## ■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत यात्रा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 24-25 फरवरी, 2020 को पत्नी, बेटी व दामाद के साथ भारत की यात्रा पर रहे। वे भारत की यात्रा पर आने वाले अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति हैं। ट्रम्प यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 22 किमी रोड शो के बाद साबरमती आश्रम पहुंचे। 25 फरवरी को दोनों नेताओं के बीच हुई वार्ता में अमेरिका के इंटरनेशनल फाइनेंस डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन का स्थाई कार्यालय दिल्ली में शुरू करने तथा भारत में 5जी नेटवर्क को सुरक्षित बनाने पर सहमति बनी।

**'नमस्ते ट्रम्प' कार्यक्रम:-** अहमदाबाद के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का भव्य स्वागत हुआ। यहां प्रधानमंत्री मोदी व मेहमान राष्ट्रपति ट्रम्प ने 'नमस्ते ट्रम्प' कार्यक्रम को सम्बोधित किया। ट्रम्प ने भारत-अमेरिका सम्बन्धों की मजबूती और आतंकवाद के विरुद्ध मिलकर संघर्ष करने का संकल्प व्यक्त किया। 24 फरवरी को ट्रम्प ने ताजमहल का भ्रमण किया।

**तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर:-** दोनों देशों के बीच निम्न तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए-

1. तीन अरब डॉलर का रक्षा सहयोग ज्ञापन। इसमें नौसेना के 24 एमएच-60 रोमियो सी-हॉक हेलीकॉप्टर तथा थल सेना के लिए 6 एएच-64 ई अपाचे हेलीकॉप्टर की खरीद भी शामिल है।
2. मानसिक स्वास्थ्य पर समझौता ज्ञापन।
3. चिकित्सा उत्पादों की सुरक्षा पर समझौता ज्ञापन।

## ■ पुर्तगाल के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सो 13-16 फरवरी, 2020 को भारत की यात्रा पर रहे। 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मेहमान राष्ट्रपति की वार्ता के बाद समुद्री विरासत, समुद्री परिवहन और बंदरगाह विकास, प्रवास एवं गतिशीलता स्टार्टअप, बौद्धिक सम्पदा अधिकार, एयरोस्पेस, नैनो जैव प्रौद्योगिकी, ओडियो विजुअल उत्पादन, योग, राजनयिक प्रशिक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान और सार्वजनिक नीति सहित 14 समझौतों व सहमति पत्रों का आदान-प्रदान किया गया।

इन समझौतों में गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय नौवहन धरोहर संग्रहालय स्थापित करने के लिए पुर्तगाल के रक्षा मंत्रालय व भारत के पोत परिवहन मंत्रालय के बीच समझौता तथा के सी-390 मीडियम स्ट्रेटेजिक लिफ्ट सैन्य परिवहन विमान परियोजना हेतु समझौता शामिल हैं।

## ■ श्रीलंका के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे 8-11 फरवरी, 2020 को अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की यात्रा पर रहे। उन्होंने यहां वाराणसी, सारनाथ, बोधगया व तिरुपति का भ्रमण किया। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मेहमान प्रधानमंत्री के बीच वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच सम्पर्क, पर्यटन और यातायात को लेकर सहयोग पर सहमति बनी।

## ■ यूरोपीय यूनियन से अलग हुआ ब्रिटेन

ब्रिटेन औपचारिक तौर पर 28 सदस्यीय यूरोपीय यूनियन (EU) से अलग हो गया है। 23 जनवरी, 2020 को ब्रिटिश संसद और 29 जनवरी, 2020 को यूरोपीय यूनियन की संसद ने ब्रेक्जिट समझौते पर अपनी अनुमति दी।

**यह भी जानें:-** ब्रिटेन सबसे पहले वर्ष 1973 में यूरोपियन इकोनॉमिक कम्युनिटी में शामिल हुआ था। EU में शामिल होने के कुछ ही वर्षों में ब्रिटेन के कुछ नेताओं ने इसका विरोध शुरू कर दिया और यह मांग की कि जनमत संग्रह के माध्यम से तय किया जाए कि ब्रिटेन EU में रहेगा या नहीं। जून 2016 में ब्रिटेन में जनमत संग्रह कराया गया जिसमें 52 प्रतिशत लोगों ने ब्रेक्जिट के पक्ष में मतदान किया।

**ब्रेक्जिट :-** ब्रेक्जिट दो शब्दों Britain और Exit से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से बाहर निकलना। ब्रिटेन की जनता ने ब्रिटेन की पहचान, आजादी और संस्कृति को बनाए रखने के उद्देश्य से यूरोपीय संघ से बाहर जाने का फैसला किया।

## ■ राष्ट्रमण्डल में पुनः शामिल हुआ मालदीव

मालदीव को 01 फरवरी, 2019 को राष्ट्रमंडल में पुनः शामिल कर लिया गया है। मालदीव 3 वर्ष पूर्व मानवाधिकार के मुद्दे पर राष्ट्रमंडल से अलग हो गया था।

**यह भी जानें:-** राष्ट्रमंडल उन देशों का एक समूह है जो कभी ब्रिटेन के उपनिवेश रहे हैं। राष्ट्रमंडल के सभी सदस्यों ने लोकतंत्र, लैंगिक समानता, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

## ■ अन्तरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता गठबंधन

संयुक्त राज्य अमेरिका ने 5 फरवरी, 2020 को 27 राष्ट्रों के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता गठबंधन (International Religious Freedom Alliance) के शुभारंभ की घोषणा की।

यह गठबंधन दुनियाभर में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा और संरक्षण में एक सामूहिक दृष्टिकोण को अपनाने का प्रयास करेगा। यह समान विचारधारा वाले साझीदारों का एक गठबंधन है, जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता को सहेजते हैं और उसके लिए संघर्ष करते हैं। इस गठबंधन में शामिल होने वाले प्रमुख देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, यूनाइटेड किंगडम, इजरायल, यूक्रेन, नीदरलैंड और ग्रीस प्रमुख हैं।

## ■ बिम्सटेक सम्मेलन

मादक द्रव्यों की तस्करी रोकने के उद्देश्य से नई दिल्ली में 13-14 फरवरी 2020 को बिम्सटेक (बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन सभी सदस्य देशों को मादक पदार्थों की तस्करी के बढ़ते खतरों और विभिन्न देशों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेकर इन खतरों को समाप्त करने के लिए आवश्यक सामूहिक कदमों के बारे में बातचीत करने का अवसर प्रदान करेगा।

**बिम्सटेक :-**एक उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग समूह के रूप में बिम्सटेक का गठन जून, 1997 में बैंकाक में किया गया था। प्रारंभ में इस संगठन में बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल थे और इसका नाम BIST-EC यानी बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड इकॉनोमिक को-ऑपरेशन था। दिसम्बर 1997 में म्यांमार भी इस समूह से जुड़ गया और इसका नाम (बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड तकनीकी और आर्थिक सहयोग) BIMST-EC हो गया। इसके बाद फरवरी 2004 में भूटान और नेपाल भी इसमें शामिल हो गए। जुलाई 2004 में बैंकाक में आयोजित इसके प्रथम सम्मेलन में BIMST-EC का नाम पुनः बदलकर बिम्सटेक Bay of Bengal Initiative for Multi Sectoral Technical adn Economic Cooperation रखा गया।

## ■ सतत् विकास कर

भूटान सरकार ने भारत समेत बांग्लादेश और मालदीव से आने वाले यात्रियों का अपने देश में निःशुल्क प्रवेश बंद करने का फैसला किया है। नए नियमों के अनुसार तीनों देशों

से भूटान जाने वाले यात्रियों को 1200 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान करना होगा। भूटान सरकार ने तीन देशों (भारत, बांग्लादेश और मालदीव) से आने वाले यात्रियों पर लगने वाले कर को सतत् विकास कर नाम दिया है।

## चर्चित स्थान

### जोगबनी-विराटनगर

जोगबनी (भारत)-विराटनगर (नेपाल) दोनों देशों के मध्य महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने 21 जनवरी, 2020 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यहां एकीकृत चैक पोस्ट का उद्घाटन किया। जोगबनी-विराटनगर में यह दूसरा एकीकृत चैक पोस्ट है। पहला चैक पोस्ट रक्सौल-विरगुंज सीमा पर वर्ष 2018 में बनाया गया था।

### लामू द्वीप

लामू द्वीप केन्या के पूर्वी तट पर स्थित है। लामू द्वीप पर लामू नगर स्वाहिली नगरों के बीच सबसे पुरानी एवं संरक्षित बस्तियों में एक है। यह नगर एक अनोखी एवं दुर्लभ ऐतिहासिक विरासत है जो 700 से अधिक वर्षों से स्थापित है। इसे मूंगा पत्थर और मैंग्रोव लकड़ी से बनाया गया है।

**चर्चा में क्यों:-** सोमालिया के अल-शबाब ग्रुप ने जनवरी, 2020 में केन्याई तटीय लामू क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका और केन्याई सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सैन्य अड्डे पर हमला किया।

## चर्चित व्यक्ति

### दिमित्री मेदवेदेव

रूसी प्रधानमंत्री दिमित्री मेदवेदेव ने 15 जनवरी, 2020 को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन द्वारा देश में व्यापक संवैधानिक सुधारों का प्रस्ताव रखने के बाद मेदवेदेव ने त्यागपत्र दिया। उन्होंने वर्ष 2012 में प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला था। इससे पूर्व वे वर्ष 2008 से 2012 तक रूस के राष्ट्रपति भी रहे थे।

### महातिर मोहम्मद

मलेशिया के प्रधानमंत्री महातिर मोहम्मद ने 24 फरवरी, 2020 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे वर्ष 1981 से 2003 तक लगातार प्रधानमंत्री रहे। इसके बाद वर्ष 2018 में उन्होंने नजीब रज्जाक को हराकर सत्ता में वापसी की थी। ज्ञात हो कि महातिर मोहम्मद ने अनुच्छेद-370 को निर्लंबित किए जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा कश्मीर पर 'आक्रमण करने और कब्जा' करने के आरोप लगाए थे। इसके पश्चात् भारत ने मलेशिया से धीरे-धीरे पाम ऑयल का आयात कम कर दिया। इसका मलेशिया के पाम ऑयल बाजार पर काफी अधिक प्रभाव पड़ा है।

### जसबिंदर बिलान

भारतीय मूल की लेखिका जसबिंदर बिलान को उनके पहले उपन्यास 'आशा एंड द स्प्रिट बर्ड' के लिए 'यूके चिल्ड्रेन बुक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इस उपन्यास में हिमालय पर्वत के परिप्रेक्ष्य में लेखिका ने अपने बचपन की जीवनगाथा प्रस्तुत की है। उन्हें इस पुस्तक के लिए पुरस्कार के रूप में पांच हजार पौंड की रकम दी जाएगी। इस पुरस्कार के लिए 144 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं जिनमें से जसबिंदर बिलान की पुस्तक को पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### ओलेक्सी हॉनशारूक

यूक्रेन के प्रधानमंत्री ओलेक्सी हॉनशारूक ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उल्लेखनीय है कि वे 6 महीने से भी कम समय तक इस पद पर रहे।

### किरण मजूमदार शॉ

ऑस्ट्रेलिया ने बायोकॉन (Biocon) की संस्थापक किरण मजूमदार शॉ को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' से सम्मानित किया है। भारत में नियुक्त ऑस्ट्रेलिया की उच्चायुक्त हरिंदर सिद्धू ने बेंगलूरु में आयोजित एक समारोह में मजूमदार शॉ को 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' की एक मानद उपाधि प्रदान की। वे ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाली चौथी भारतीय नागरिक हैं। उल्लेखनीय है कि फेडरेशन यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की पूर्व छात्रा किरण मजूमदार शॉ 'बायोकॉन' की संस्थापक हैं, जो भारत की सबसे बड़ी जैव-दवा कंपनियों में से एक है।

### राजा जॉन

नासा (National Aeronautics and Space Administration& NASA)ने 10 जनवरी, 2020 को 'आर्टेमिस मिशन' तीन स्पेस मिशन (अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन, चन्द्रमा और मंगल) के लिए भारतीय मूल के अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री राजा जॉन वुरपुतूर चारी का चयन किया है। NASA ने वर्ष 2030 तक मंगल पर मानव अन्वेषण मिशन को लक्षित किया है।

**आर्टेमिस मिशनः-** आर्टेमिस चंद्रमा अन्वेषण कार्यक्रम के माध्यम से NASA वर्ष 2024 तक पहली महिला और अगले पुरुष को चंद्रमा पर भेजना चाहता है। इसका लक्ष्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव सहित चंद्रमा की सतह पर अन्य जगहों पर अंतरिक्ष यात्रियों को उतरना है।

## नियुक्ति

### ■ मिखाइल मिशुस्तिन रूस के नए प्रधानमंत्री

मिखाइल मिशुस्तिन रूस के नए प्रधानमंत्री बने हैं। रूसी संसद ड्यूमा ने 16 जनवरी, 2020 को मिशुस्तिन के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। उन्होंने इस पद पर दिमित्री मेदवेदेव का स्थान लिया है।

### ■ कैटेरिना सकेलोपोलॉउ

ग्रीस की संसद ने 22 जनवरी, 2020 को कैटेरिना सकेलोपोलॉउ को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना है। 300 सीटों वाली संसद में हुए मतदान में कैटेरिना को 261 वोट मिले। वे इस पद पर प्रोकोपिस पावलोपोलोस का स्थान लेंगी, जिनका कार्यकाल मार्च, 2020 में समाप्त हो रहा है।

### ■ रॉबर्ट अबेला

रॉबर्ट अबेला ने 13 जनवरी, 2020 को माल्टा के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्होंने इस पद पर जोसेफ मस्कट का स्थान लिया है।

### ■ जोरान मिलानोविक

क्रोएशिया के राष्ट्रपति पद के लिए जनवरी, 2020 में सम्पन्न हुए चुनावों में सोशल डोमोक्रेट पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व प्रधानमंत्री जोरान मिलानोविक ने जीत दर्ज की। मिलानोविक ने इस पद पर कोलिंदा ग्रैबर किटारोविक का स्थान लिया है।

### ■ तरनजीत सिंह संधू

तरनजीत सिंह संधू को अमेरिका में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे कोलंबो स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति हर्षवर्धन श्रृंगला के स्थान पर की गई है, जिन्हें हाल ही में विदेश सचिव बनाया गया है।

### ■ विनय मोहन क्वात्रा

राजनयिक विनय मोहन क्वात्रा को नेपाल में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। वर्ष 1988 के IFS अधिकारी विनय मोहन क्वात्रा को सेवानिवृत्त हो रहे मंजीव सिंह पुरी के स्थान पर नियुक्त किया गया है।

### ■ उमारो सिस्सोको एम्बालो

गिनी बिसाऊ के पूर्व प्रधानमंत्री व सैन्य जनरल उमारो सिस्सोको एम्बालो को जनवरी, 2020 में देश का नया राष्ट्रपति चुना गया है। वे इस पद पर जोसे मारियो वाज का स्थान लेंगे। गिनी बिसाऊ पश्चिमी अफ्रीका में स्थित एक देश है, यह वर्ष 1974 में पुर्तगाल से स्वतंत्र हुआ था।

### ■ सामिया नसीम

भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक सामिया नसीम को अमेरिका के अटॉर्नी जनरल विलियम बर ने शिकागो के जज के पद पर नियुक्त किया है। इससे पूर्व सामिया नसीम ने न्यूयॉर्क और शिकागो में इमीग्रेशन एवं सीमा शुल्क परिवर्तन विभाग तथा होमलैंड सुरक्षा विभाग के सहायक मुख्य वकील के तौर पर कार्य किया है। सामिया नसीम न्यूयॉर्क के स्टेट बार की भी सदस्य हैं।

### ■ हरीश साल्वे

देश के वरिष्ठ वकील तथा पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे को इंग्लैंड और वेल्स की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने अपना काउंसल (सलाहकार) नियुक्त किया है। महारानी के काउंसल (सलाहकार) का पद उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने कानून के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता सिद्ध की है। महारानी एलिजाबेथ द्वारा प्रत्येक वर्ष कॉमनवेल्थ देशों से कुछ वरिष्ठ वकीलों की इस पद पर नियुक्ति की जाती है।

### ■ हैयथम बिन तारिक अल सईद

ओमान के सुल्तान काबूस बिन सईद अल सईद के निधन के पश्चात उनके चचेरे भाई और पूर्व संस्कृति मंत्री हैयथम बिन तारिक अल सईद को देश का नया सुल्तान घोषित किया गया है। उन्होंने 11 जनवरी, 2020 को पदभार संभाला। उल्लेखनीय है कि आधुनिक अरब क्षेत्र में सबसे लंबे समय तक राज करने वाले ओमान के सुल्तान काबूस का 79 साल की उम्र में निधन हो गया था। काबूस वर्ष 1970 में अपने पिता का तख्तापलट कर सत्ता में आए थे।

### ■ सुनील अरोड़ा

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनील अरोड़ा को वर्ष 2020 के लिए दक्षिण एशिया के चुनाव प्रबंधन निकाय के अध्यक्ष के रूप चुना गया है। वे निवर्तमान अध्यक्ष बांग्लादेश के निर्वाचन अधिकारी के.एम. नुरुल हुडा का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि सार्क देशों के निर्वाचन निकायों की मई, 2012 में आयोजित बैठक में इस फोरम का गठन किया गया था।

## मोहम्मद तौफीक अल्लावी

माहेम्मद तौफीक अल्लावी ने 24 फरवरी, 2020 को इराक के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने इस पद पर आदिल अब्दुल महदी का स्थान लिया है।

## अल्बिन कुर्ती

अल्बिन कुर्ती ने 3 फरवरी, 2020 को कोसोवो के प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने इस पद पद रामुष हरादिनाज का स्थान लिया है।

## अशरफ गनी

अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी इस पद पर पुन: निर्वाचित हुए हैं। अफगानिस्तान में 28 फरवरी को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हुआ था, जिसमें गनी ने 50.64 प्रतिशत मत प्राप्त कर प्रतिद्वन्द्वी अब्दुल्ला को पराजित किया।

## फिलिप बार्टन

ब्रिटेन ने 6 फरवरी, 2020 को फिलिप बार्टन को भारत में अपना उच्चायुक्त नियुक्त किया है। वे इस पद पर डोमिनिक एस्किथ का स्थान लेंगे।

## बैरी ओ फारेल

ऑस्ट्रेलिया ने फरवरी, 2020 में बैरी ओ फारेल को भारत में अपना उच्चायुक्त नियुक्त किया है। वे हरिन्द्र सिद्ध का स्थान लेंगे।

## अजय बिसारिया

अजय बिसारिया को कनाडा में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। इससे पूर्व वे पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त थे। अगस्त, 2019 में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने के निर्णय के पश्चात् पाकिस्तान ने उन्हें भारत वापस भेज दिया था।

## जावेद अशरफ

राजनयिक जावेद अशरफ को फरवरी, 2020 में फ्रांस में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। वे विनय मोहन क्वात्रा का स्थान लेंगे। वहीं, विनय मोहन क्वात्रा को नेपाल में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है।

# निधन

## कासिम सुलेमानी

अमेरिका द्वारा 3 जनवरी, 2020 को इराक में बगदाद हवाई अड्डे के पास किए गए हमले में ईरान के शीर्ष कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी सहित कई लोगों की मौत हो गई। इस हमले के पीछे अमेरिका का तर्क था कि कासिम इराक में अमेरिकी राजनायिकों की हत्या का षड्यंत्र रच रहा था। कासिम की मौत के बाद खाड़ी क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा।

## कबूस बिन सैद

ओमान के सुल्तान कबूस बिन सैद (79) का 11 जनवरी 2020 को निधन हो गया। सुल्तान के निधन के बाद ओमान में तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी गई। उल्लेखनीय है कि वे लंबे समय तक सत्ता में रहे और इस दौरान उन्होंने राष्ट्रहित के लिए कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए।

## कोबी ब्रायंट

प्रसिद्ध अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी कोबी ब्रायंट (41) का 26 जनवरी, 2020 को विमान दुर्घटना में निधन हो गया है। कोबी ब्रायंट को बास्केटबॉल की दुनिया में सबसे महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता था।

## होस्नी मुबारक

मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक (91) का 25 फरवरी, 2020 को निधन हो गया। करीब 30 वर्ष तक राष्ट्रपति रहे मुबारक को वर्ष 2011 में आंतरिक विरोध के कारण हटना पड़ा था।

## लैरी टेस्लर

कम्प्यूटर में कट, कॉपी, पेस्ट, फाइंड और रिप्लेस कमांड के आविष्कारक वैज्ञानिक लैरी टेस्लर (74) का फरवरी, 2020 में निधन हो गया है। टेस्लर को ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन में विशेषज्ञता प्राप्त थी तथा उन्होंने अमेजन, एप्पल, याहू जैसी संस्थाओं में भी काम किया था।

# पुरस्कार

## वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर

भारतीय हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता है। वे यह पुरस्कार पाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। 'द वर्ल्ड गेम्स' ने 30 जनवरी, 2020 को उन्हें यह पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की। यह पुरस्कार शानदार प्रदर्शन, सामाजिक सरोकार व अच्छे व्यवहार हेतु खिलाड़ियों को दिया जाता है।

## बुमराह को पॉली उमरीगर अवार्ड

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2018-19 सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

26 वर्षीय गेंदबाज बुमराह को BCCI के वार्षिक समारोह के दौरान यह पुरस्कार दिया गया। एक दिवसीय क्रिकेट में विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बुमराह ने जनवरी 2018 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। पॉली उमरीगर अवार्ड अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रदान किया जाता है, इस पुरस्कार के विजेता को एक ट्रॉफी और 15 लाख रुपए दिए जाते हैं।

## ग्रैमी अवॉर्ड्स

संगीत क्षेत्र के प्रतिष्ठित 62वें ग्रैमी अवॉर्ड्स का वितरण अमेरिका के लॉस एंजेल्स में 26 जनवरी, 2020 को किया गया। सबसे ज्यादा 8 श्रेणियों में नामित 'लिज्जो' को उनकी क्रिएशन 'ट्रुथ हर्ट्स' के लिए बेस्ट पॉप सोलो परफॉर्मेन्स के लिए ग्रैमी अवॉर्ड से नवाजा गया। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा को उनके बेस्ट सेलर संस्मरण 'बीकमिंग' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड दिया गया। 'बीकमिंग' एक ऑडियोबुक है जिसे मिशेल ओबामा ने ही आवाज दी है।

इसके अलावा युवा अमेरिकन पॉप सिंगर बिली एलिश ने पहली बार 5 ग्रैमी अवॉर्ड जीते। बिली इस वर्ष अवॉर्ड जीतने वाली (18 साल) सबसे युवा सिंगर हैं। सिंगर लेडी गागा ने भी दो अवॉर्ड जीतकर अपने कॅरियर के कुल 11 ग्रैमी अवार्ड पूरे कर लिए हैं।

## ICC क्रिकेट पुरस्कार-2019

पुरुष क्रिकेटरों के लिए 'अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद' ने वर्ष 2019 के पुरस्कारों की घोषणा 15 जनवरी, 2020 को की। इनमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर की 'गैरी सोबर्स ट्रॉफी' इंग्लैण्ड के बेन स्टोक्स को प्रदान की गई। जबकि ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज पैट कमिंस को सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर व भारत के रोहित शर्मा को सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर चुना गया। ये पुरस्कार 1 जनवरी से 31 दिसम्बर, 2019 के दौरान प्रदर्शन के लिए प्रदान किए गए।

**इन्हें मिले पुरस्कारः-**

- **क्रिकेटर ऑफ द ईयर (गैरी सोबर्स ट्रॉफी)** - बेन स्टोक्स (इंग्लैण्ड)
- **टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर** - पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया)
- **वन डे क्रिकेटर ऑफ द ईयर**- रोहित शर्मा (भारत)
- **टी-20 इंटरनेशनल परफॉर्मेन्स ऑफ द ईयर** - दीपक चाहर (भारत)
- **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर** - मार्नस लाबुशाने (ऑस्ट्रेलिया)
- **अम्पायर ऑफ द ईयर (डेविड शेफर्ड ट्रॉफी)**- रिचर्ड इलिंगबर्थ (इंग्लैण्ड)

## अन्तरराष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव

13वें अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का आयोजन 24-31 जनवरी, 2020 को किया गया। इस दौरान 39 देशों की कुल 179 फिल्मों को ढाका के पांच स्थानों पर प्रदर्शित किया गया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में 11 पुरस्कार दिए गए। फिनलैंड के निर्देशक मेरजा मेजेनन को फिल्म गुड गर्ल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। अंतरराष्ट्रीय खंड में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार डच फिल्म 'रोमीज सैलून' को दिया गया। यह फिल्म एक बच्चे रोमी की कहानी है जो डिमेंसिया रोग से ग्रस्त अपनी दादी के सैलून में जाता है।

## ऑस्कर पुरस्कार

92वें ऑस्कर पुरस्कारों का वितरण 9 फरवरी, 2020 को अमेरिका के लॉस एंजिल्स में डोल्बी थियेटर में किया गया।

- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म** - पैरासाईट (निर्देशक बॉन्ग जून हो)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** - वॉकिन फीनिक्स (फिल्म 'जोकर' के लिए)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** - रेनी जेल्वेगर (फिल्म 'जूडी' के लिए)
- **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** - बॉन्ग जून हो (पैरासाईट)

**यह भी जानें:-** ऑस्कर पुरस्कार अमेरिका की एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा फिल्म जगत् में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं। इनकी शुरुआत वर्ष 1929 में हुई थी।

## चर्चित पुस्तकें

- **मगधनामा** - फागू चौहार
- **पॉलिटिक्स ऑफ ऑपर्च्यूनिज्म - एस.गुरुमूर्ति**
- **गांधी हिन्दुइज्मः द स्ट्रगल अगेन्स्ट जिन्नाह इस्लाम** - एम.जे. अकबर
- **बैकस्टेज : द स्टोरी बिहाइंड इण्डियाज हाई ग्रोथ ईयर्स** - मोंटेक सिंह अहलूवालिया
- **द थिन माइंड मैप** - धर्मेन्द्र रॉय
- **वीपी मेनन : द अनसंग आर्किटेक्ट ऑफ मॉडर्न इंडिया** - नारायणी बसु

- **भारत में उद्यमिता** – कलराज मिश्र (राज्यपाल राजस्थान)
- **आशा एंड द स्प्रिट बर्ड** – जसबिंदर बिलान
- **ब्लू इज लाइक ब्लू** – विनोद कुमार शुक्ल
- **चेकबुक** – वासदेव मोही
- **पाखी** – जसवंत सिंह कंवल
- **तौशाली दी हांसो** – जसवंत सिंह कंवल
- **पहला गिरमिटिया** – गिरिराज किशोर
- **ढाई घर** – गिरिराज किशोर

## प्रमुख दिवस/सप्ताह/वर्ष

### जनवरी

- **04 जनवरी** – विश्व ब्रेल दिवस
- **09 जनवरी** – प्रवासी भारतीय दिवस
- **10 जनवरी** – विश्व हिन्दी दिवस
- **11-17 जनवरी** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह
- **12 जनवरी** – युवा दिवस
- **15 जनवरी** – थल सेना दिवस
- **20-26 जनवरी**– बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सप्ताह
- **24 जनवरी** – राष्ट्रीय बालिका दिवस
- **25 जनवरी** – राष्ट्रीय मतदाता दिवस
- **26 जनवरी** – भारत का गणतंत्र दिवस, अन्तरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस
- **30 जनवरी** – कुष्ठ रोग निवारण दिवस

### फरवरी

- **01 फरवरी, 2020** भारतीय तटरक्षक बल स्थापना दिवस
- **02 फरवरी** – विश्व वेटलैंड्स (आर्द्रभूमि) दिवस
- **04 फरवरी** – विश्व कैंसर दिवस
- **10 फरवरी** – विश्व दलहन दिवस, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस
- **12 फरवरी** – राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस
- **13 फरवरी** – विश्व रेडियो दिवस, राष्ट्रीय महिला दिवस
- **20 फरवरी** – विश्व सामाजिक न्याय दिवस
- **21 फरवरी** – अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस
- **28 फरवरी** – राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

Samyak
An Institute For Civil Services
SPECIAL BATCH
After 12th Pass & Graduation
IAS/RAS
2/3 Years
Integrated Course
(Hindi and English Medium)
&
Foundation
Batch Starts
3 Days Demo Classes Free
Gopalpura Bypass, Jaipur
-:: Contact ::-
9875170111, 9414988860

# 2 राष्ट्रीय घटनाक्रम

## नागरिकता संशोधन कानून

'नागरिकता संशोधन कानून-2019' को देशभर में लागू करने के लिए केन्द्र सरकार ने 10 जनवरी, 2020 को अधिसूचना जारी की। उल्लेखनीय है कि नागरिकता (संशोधन) विधेयक को 10 दिसम्बर, 2019 को लोकसभा और 11 दिसम्बर, 2019 को राज्यसभा द्वारा पारित किया गया था। इस विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन गया था।

## नीति आयोग का 'एसडीजी इण्डिया इण्डेक्स-2019'

नीति आयोग ने 30 दिसम्बर, 2019 को 'सतत् विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals-SDG) इण्डिया इण्डेक्स-2019' जारी किया है। SDG इण्डिया इण्डेक्स को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट के सहयोग से विकसित किया गया है।

**यह रही राज्यों की रैंक:-**

| राज्य | रैंक | स्कोर |
|---|---|---|
| केरल | 1 | 70 |
| हिमाचल प्रदेश | 2 | 69 |
| आन्ध्रप्रदेश | 3 | 67 |
| तमिलनाडु | 3 | 67 |
| तेलंगाना | 3 | 67 |
| कर्नाटक | 6 | 66 |
| गोवा | 7 | 65 |
| सिक्किम | 7 | 65 |
| गुजरात | 9 | 64 |
| महाराष्ट्र | 9 | 64 |
| उत्तराखंड | 9 | 64 |
| पंजाब | 12 | 62 |
| मणिपुर | 13 | 60 |
| पश्चिम बंगाल | 13 | 60 |
| मध्य प्रदेश | 15 | 58 |
| ओडिशा | 15 | 58 |
| त्रिपुरा | 15 | 58 |
| हरियाणा | 18 | 57 |
| नागालैंड | 18 | 57 |
| **राजस्थान** | **18** | **57** |
| छत्तीसगढ़ | 21 | 56 |
| मिजोरम | 21 | 56 |
| असम | 23 | 55 |
| उत्तर प्रदेश | 23 | 55 |
| मेघालय | 25 | 54 |
| अरुणाचल प्रदेश | 26 | 53 |
| बिहार | 28 | 50 |

**यह रही केन्द्र शासित प्रदेशों की रैंकः-**

| केन्द्र शासित प्रदेश | रैंक | स्कोर |
|---|---|---|
| चंडीगढ़ | 1 | 70 |
| पुड्डुचेरी | 2 | 66 |
| दादरा और नागर हवेली | 3 | 63 |
| लक्षद्वीप | 3 | 63 |
| अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह | 5 | 61 |
| दमन और दीव | 5 | 61 |
| दिल्ली | 5 | 61 |
| जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख | 8 | 59 |

**यह भी जानें:-**

भारत का संयोजित स्कोर वर्ष 2018 के 57 से बेहतर होकर वर्ष 2019 में 60 के स्तर तक पहुंच गया है जो इस दिशा में प्रगति को दर्शाता है।

सर्वाधिक प्रगति लक्ष्य 6 (स्वच्छ जल एवं साफ सफाई), लक्ष्य 7 (किफायती एवं स्वच्छ ऊर्जा) एवं लक्ष्य 9 (उद्योग, नवाचार एवं अवसंरचना) प्राप्ति की दिशा में हुई है।

इण्डेक्स में तीन राज्य (उत्तर प्रदेश, बिहार एवं असम) परफार्मर श्रेणी में हैं, जबकि पांच राज्य (आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, गोवा एवं सिक्किम) फ्रंट रनर श्रेणी में हैं। 0 से 49 तक स्कोर वाले राज्य आकांक्षी, 50 से 64 स्कोर वाले परफार्मर, 65 से 99 स्कोर वाले फ्रंट रनर एवं 100 स्कोर वाले राज्य अचीवर श्रेणी में माने जाते हैं।

## ओबीसी आयोग के कार्यकाल में वृद्धि

केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय सूची में अन्य पिछड़े वर्गों के तहत उप वर्गीकरण के मामले की जांच के लिए संविधान की धारा 340 के अन्तर्गत गठित आयोग के कार्यकाल में 22 जनवरी, 2020 को छह माह की बढ़ोतरी की है। इस आयोग का कार्यकाल अब 31 जुलाई, 2020 तक होगा।

**यह भी जानें:-** इस आयोग का गठन 2 अक्टूबर, 2017 को किया गया था। आयोग ने न्यायमूर्ति जी.रोहिणी की अध्यक्षता में 11 अक्टूबर, 2017 से कार्य करना प्रारम्भ किया था।

## ब्रू-रियांग समझौता

ब्रू शरणार्थी संकट को समाप्त करने के उद्देश्य से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 16 जनवरी, 2020 को नई दिल्ली में भारत सरकार, त्रिपुरा और मिजोरम सरकार और ब्रू-रियांग प्रतिनिधियों के बीच ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

**समझौते में यह:-** समझौते के अनुसार करीब 34,000 ब्रू शरणार्थियों को त्रिपुरा में ही बसाया जाएगा और केंद्र व राज्य सरकार पुनर्वास में मदद करेगी। विस्थापित परिवारों को 40-30 फुट का आवासीय प्लॉट दिया जाएगा और उनकी आर्थिक सहायता के लिए प्रत्येक परिवार को, पहले समझौते के अनुसार 4 लाख रुपए फिक्स्ड डिपॉजिट में, दो साल तक 5 हजार रुपए प्रतिमाह नकद सहायता, दो साल तक फ्री राशन व मकान बनाने के लिए 1.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। ब्रू समुदाय को त्रिपुरा की मतदाता सूची में भी सम्मिलित किया जाएगा।

**ब्रू समुदाय :-** ब्रू समुदाय पूर्वोत्तर भारत तथा बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी क्षेत्र में रहने वाला जनजातीय समूह है। मिजोरम में इसे अनुसूचित जनजाति का एक समूह तथा त्रिपुरा में एक अलग जाति समूह माना जाता है। ब्रू समुदाय को त्रिपुरा में रिआंग नाम से जाना जाता है। इस समुदाय के लोग ब्रू भाषा बोलते हैं।

**23 साल पुराना विवाद:-** वर्ष 1995 में मिजोरम राज्य के चुनावों में भागीदारी को लेकर ब्रू समुदाय और मिजो समुदाय के लोगों के मध्य तनाव उत्पन्न हुआ। मिजो समुदाय के लोगों का कहना था कि ब्रू समुदाय के लोग राज्य के निवासी नहीं हैं। ब्रू और बहुसंख्यक मिजो समुदाय के लोगों के बीच वर्ष 1996 में हुआ साम्प्रदायिक दंगा इनके पलायन का कारण बना। वर्ष 1997 में ब्रू नेशनल लिबरेशन फ्रंट ने एक मिजो अधिकारी की हत्या कर दी, जिसके बाद दोनों समुदायों के बीच दंगे भड़क गए। अल्पसंख्यक होने के कारण ब्रू समुदाय को अपना घर-बार छोड़कर त्रिपुरा के शरणार्थी शिविरों में आश्रय लेना पड़ा था।

## लोकतंत्र सूचकांक

इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा हाल ही में लोकतंत्र सूचकांक जारी किया गया है। 'द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट' द्वारा तैयार की गई 'अ ईयर ऑफ डेमोक्रेटिक सेटबैक्स एंड पोपुलर प्रोटेस्ट' नामक रिपोर्ट के आधार पर यह सूचकांक 167 देशों को लेकर तैयार किया गया है। इस सूचकांक में 1-10 अंकों के पैमाने के आधार पर रैंक तय की जाती है। सूचकांक में 167 देशों में केवल 22 देशों को पूर्ण लोकतांत्रिक देश बताया गया है। सूचकांक में भारत को 6.90 अंक के साथ 51वां स्थान मिला है। उत्तर कोरिया को 1.08 अंकों के स्कोर के आधार पर अंतिम स्थान मिला है।

**शीर्ष तीन देश:-**

| स्थान | देश | अंक |
|---|---|---|
| 1 | नॉर्वे | 9.87 |
| 2 | आइसलैंड | 9.58 |
| 3 | स्वीडन | 9.39 |

**यह रहा आधार:-**

1. सरकार की कार्यशैली
2. चुनाव प्रक्रिया और बहुलतावाद
3. राजनीतिक भागीदारी
4. नागरिक आजादी
5. राजनीतिक संस्कृति

## शंघाई सहयोग संगठन के आठ आश्चर्य

आठ देशों के अंतरराष्ट्रीय संगठन 'शंघाई सहयोग संगठन' (Shanghai Cooperation Organisation-SCO) ने 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को SCO के आठवें आश्चर्य के रूप में शामिल किया है। नवम्बर 2019 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी ने अमेरिका की 133 साल पुरानी स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी को पर्यटकों की आवाजाही के मामले में पीछे छोड़ दिया।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी:-** 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार सरोवर बांध के पास राजपीपला में साधुबेट नामक नदी द्वीप पर स्थित है। 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' 182 मीटर ऊंची सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा है। 31 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 143वीं जयंती पर 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का अनावरण किया था। इस मूर्ति का डिजाइन पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित मूर्तिकार 'राम वनजी सुतर' ने तैयार किया था।

**SCO के आठ आश्चर्य:-** स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (भारत), तमगली के पुरातात्त्विक परिदृश्य (कजाखस्तान), इसीक-कुल झील (किर्गिजस्तान), डेमिंग पैलेस (चीन), मुगल विरासत, लाहौर (पाकिस्तान), द गोल्डन रिंग सिटीज (रूस), द पैलेस ऑफ नौरोज (ताजिकिस्तान), द पोई कालोन कॉम्प्लेक्स (उज्बेकिस्तान)।

## मिशन इन्द्रधनुष 2.0

मिशन इंद्रधनुष 2.0 अभियान की शुरुआत 7 जनवरी, 2020 से हुई। यह अभियान 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 272 जिलों में चलाया जा रहा है। मिशन इंद्रधनुष 2.0 के तहत गर्भवती महिलाओं सहित नवजात बच्चे से लेकर 2 साल तक के बच्चों का पूर्ण टीकाकरण किया जाएगा। इस अभियान के तहत 12 बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे।

## राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल अकादमी

केंद्रीय गृह मंत्री ने 2 जनवरी, 2020 को महाराष्ट्र के नागपुर जिले में राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल अकादमी (National Disaster Response Force Academy) की आधारशिला रखी। इस अकादमी में भविष्य में विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

अकादमी में भारत के साथ-साथ अन्य देशों के आपदा प्रबंधन दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही इस परिसर में भविष्य के आतंकी खतरों, रासायनिक हमलों आदि से निपटने के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल के अनुसार, अनुमानतः अगले पांच वर्षों में इस अकादमी का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## रायसीना डायलॉग

विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की ओर से रायसीना डायलॉग के पांचवे संस्करण का आयोजन 14-16 जनवरी 2020 के बीच नई दिल्ली में किया गया। सम्मेलन में 100 देशों के 700 से ज्यादा विशेषज्ञ शामिल हुए। रायसीना डायलॉग 2020 की थीम 'नेविगेटिंग द अल्फा सेंचुरी' रही।

**रायसीना डायलॉग:-** भू-राजनीतिक एवं भू-आर्थिक मुद्दों पर चर्चा के लिए वर्ष 2016 में शुरू किया गया यह एक वार्षिक सम्मेलन है। इसमें नीति-निर्माताओं एवं निर्णयकर्त्ताओं, विभिन्न राष्ट्रों के हितधारकों, राजनेताओं, पत्रकारों, उच्चाधिकारियों तथा उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाता है।

**उद्देश्य:-** रायसीना डायलॉग का मुख्य उद्देश्य एशियाई एकीकरण के साथ-साथ शेष विश्व के साथ एशिया के बेहतर समन्वय हेतु संभावनाओं एवं अवसरों की तलाश करना है।

## आन्ध्रप्रदेश : तीन राजधानियों का प्रस्ताव पारित

आंध्र प्रदेश विधानसभा ने राज्य की विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के लिए तीन राजधानियां बनाने का प्रस्ताव जनवरी, 2020 में पारित कर दिया। विधेयक के अनुसार विशाखापत्तनम में कार्यपालिका की राजधानी होगी, अमरावती विधायी राजधानी होगी और कुर्नूल में न्यायिक राजधानी स्थापित की जाएगी। विधेयक में राज्य को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित करने की भी व्यवस्था है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय योजना और विकास बोर्ड की स्थापना करना है।

## बोडो समूहों के साथ समझौता

असम में बोडो क्षेत्र में स्थाई शांति के लिए 27 जनवरी, 2020 को केंद्र सरकार, बोडो समुदाय और असम सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। केंद्र सरकार ने असम के विद्रोही समूहों में से एक 'नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड' के विभिन्न समूहों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

**बोडो:-**बोडो ब्रह्मपुत्र घाटी के उत्तरी हिस्से में बसी असम की सबसे बड़ी जनजाति है। यह राज्य की कुल आबादी के 5-6 प्रतिशत से अधिक है। बोडो (असमिया) समुदाय के लोग पूर्वोत्तर भारत के असम राज्य के मूल निवासी हैं तथा यह भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत भारत की एक महत्त्वपूर्ण जनजाति है। असम के चार जिले कोकराझार, बक्सा, उदलगुरी और चिरांग बोडो प्रादेशिक क्षेत्र जिला का गठन करते हैं। 1960 के दशक से ही बोडो अपने लिए अलग राज्य बोडोलैंड की मांग करते आए हैं।

## ऑपरेशन संकल्प

ओमान की खाड़ी में जून, 2019 में व्यापारिक जहाजों पर हमले के बाद अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और समुद्री सुरक्षा से संबंधित घटनाओं को देखते हुए भारतीय नौसेना ने 19 जून, 2019 को खाड़ी क्षेत्र में ऑपरेशन संकल्प की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य हार्मुज जलडमरूमध्य से होकर जाने वाले भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

**चर्चा में क्यों:**- अमेरिका द्वारा जनवरी, 2020 में ईरान की कुद्स फोर्स के प्रमुख और ईरानी सेना के शीर्ष अधिकारी मेजर जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद खाड़ी क्षेत्र में स्थिति काफी तनावपूर्ण रही। ऐसे में भारतीय नौसेना आपरेशन संकल्प के तहत लगातार निगरानी कर रही है।

## ऑपरेशन वनीला

भारतीय नौसेना ने मेडागास्कर में चक्रवात डायने से प्रभावित लोगों को सहायता और राहत उपलब्ध कराने के लिए जनवरी, 2020 में ऑपरेशन वनीला चलाया। इसके तहत भारतीय नौसेना के पोत आईएनएस ऐरावत को इस मिशन में लगाया गया।

**चक्रवात डायने :**- यह एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है, इसका उद्भव 25 जनवरी को दक्षिणी हिंद महासागर में हुआ था। इस चक्रवात के कारण मेडागास्कर में बाढ़ एवं भूस्खलन जैसी आपदाएं आई हैं, जिनके परिणामस्वरूप कई लोगों की मृत्यु हुई और काफी लोग विस्थापित हुए हैं।

**मेडागास्कर:**- मेडागास्कर, हिंद महासागर का एक द्वीपीय देश है। यह विश्व का चौथा सबसे बड़ा द्वीप है। भारत हिंद महासागर में अपनी सामरिक स्थिति को मजबूत करने के लिए मेडागास्कर और कोमोरोस को अपने हिंद महासागर विजन में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। दूसरी ओर सेशेल्स और मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्रीय डिविजन का हिस्सा हैं।

## नेस्ट

भारतीय विदेश मंत्रालय ने 5G और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence-AI) जैसी नई तकनीकों के कारण उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों से निपटने हेतु एक नए प्रभाग- नई एवं उभरती सामरिक प्रौद्योगिकियां' (New and Emerging Strategic Technologies-NEST) की स्थापना की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस नए प्रभाग का उद्देश्य विभिन्न भारतीय राज्यों में विदेशी निवेश को बढ़ावा देना तथा उनके बीच समन्वय स्थापित करना है।

यह नया प्रभाग नई और उभरती प्रौद्योगिकी से संबंधित मामलों में केंद्रीय विदेश मंत्रालय के नोडल कार्यालय की तरह काम करेगा। इसका उद्देश्य अन्य देशों की सरकारों और भारतीय मंत्रालयों एवं विभागों के मध्य विचारों का आदान-प्रदान एवं समन्वय को बढ़ावा देना है।

## केन्द्रीय बजट 2020-21

**प्रमुख विशेषताएं:**-

**व्यय:** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 में 30.42 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का प्रस्ताव किया है, जो कि वित्त वर्ष 2019-20 के संशोधित अनुमान से 12.7 प्रतिशत अधिक है।

**प्राप्ति:** वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए केंद्र सरकार ने 22.46 लाख करोड़ रुपए की प्राप्ति अनुमानित की, जो कि वित्तीय वर्ष 2019-20 से 16.3 प्रतिशत अधिक है।

**GDP वृद्धि:** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 में नॉमिनल GDP में 10 प्रतिशत की वृद्धि दर अनुमानित है।

**घाटा:** आगामी वित्त वर्ष के लिए राजस्व घाटा कुल GDP का 2.7 प्रतिशत निर्धारित किया गया है, जो कि जो वित्त वर्ष 2019-20 में 2.4 प्रतिशत के संशोधित अनुमान से अधिक है। राजकोषीय घाटा कुल GDP का 3.5 प्रतिशत निधर्रित किया गया है, जो कि वित्त वर्ष 2019-20 में 3.8 प्रतिशत के संशोधित अनुमान से कम है।

**कर संबंधी प्रावधान:**-

**प्रत्यक्ष कर:**-

**आयकर:**- केंद्र सरकार ने आयकरदाताओं को राहत प्रदान करने और आयकर संबंधी कानूनों को सरल बनाने के उद्देश्य से एक नई और सरलीकृत आयकर व्यवस्था स्थापित करने प्रस्ताव किया है। ध्यातव्य है कि नई व्यवस्था वैकल्पिक होगी अर्थात् करदाताओं को पुरानी व्यवस्था और नई व्यवस्था के मध्य चुनाव का विकल्प दिया जाएगा।

| आयकर स्लैब (रु.) | मौजूदा दरें (%) | नई दरें (%) |
|---|---|---|
| 0 से 2.5 लाख | छूट | छूट |
| 2.5 से 5 लाख | 5 | छूट |
| 5 से 7.5 लाख | 20 | 10 |
| 7.5 से 10 लाख | 20 | 15 |
| 10 से 12.5 लाख | 30 | 20 |
| 12.5 से 15 लाख | 30 | 25 |
| 15 लाख से ऊपर | 30 | 30 |

**लाभांश वितरण कर ( DDT ) :-** वर्तमान में कंपनियों को अपने शेयरधारकों को दिए गए लाभांश पर लागू अधिभार और उपकर सहित 15 प्रतिशत से अधिक लाभांश वितरण कर (DDT) देना पड़ता है, जो कि कंपनी द्वारा अपने लाभों पर दिए जाने वाले कर के अतिरिक्त होता है। निवेशकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकार ने DDT को समाप्त कर दिया है और अब नई व्यवस्था के तहत लाभांश पर कर का दायित्व प्राप्तकर्त्ता पर होगा।

**स्टार्ट अप :-** मौजूदा प्रावधानों के अनुसार 25 करोड़ रुपए तक के कुल कारोबार करने वाले स्टार्टअप को अपने प्रारंभिक 7 वर्षों में से लगातार 3 निर्धारित वर्षों के लिए लाभ की 100 प्रतिशत कटौती की अनुमति गई है, वित्त मंत्रालय ने यह सीमा 25 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही प्रारंभिक वर्षों की सीमा को भी 7 से बढ़ाकर 10 कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त स्टार्ट अप को ई-सॉप्स पर कर भुगतान से भी राहत प्रदान की गई है।

**सहकारी संस्थाएं :-** सरकार ने केंद्रीय बजट के माध्यम से सहकारी संस्थाओं और कॉर्पोरेट क्षेत्र के बीच समानता लाने का प्रयास किया है। बजट के अंतर्गत वित्त मंत्रालय ने सहकारी संस्थाओं पर छूट/कटौती के बिना 10 प्रतिशत अधिभार और 4 प्रतिशत उपकर के साथ 22 प्रतिशत कर भुगतान के विकल्प का प्रस्ताव किया है।

**'विवाद से विश्वास' योजना :-** 'विवाद से विश्वास' योजना के तहत करदाता को केवल विवादित करों की राशि का दान करने की आवश्यकता होगी और उसे ब्याज तथा दंड से पूरी तरह छूट मिलेगी। हालांकि यह आवश्यक है कि करदाता देय कर-राशि का भुगतान 31 मार्च, 2020 से पहले कर दे। 31 मार्च, 2020 के बाद जो लोग इस योजना का लाभ उठाना चाहेंगे, उन्हें कुछ अतिरिक्त राशि का भुगतान करना होगा। यह योजना 30 जून, 2020 तक प्रभावी रहेगी।

***अप्रत्यक्ष कर:-***

**वस्तु एवं सेवा कर (GST) :-** 01 अप्रेल, 2020 से GST रिटर्न दाखिल करने की सरलीकृत प्रक्रिया लागू कर दी जाएगी। यह प्रक्रिया अपनी विभिन्न विशेषताओं जैसे- शून्य विवरणी के लिए SM आधारित फाइलिंग और बेहतर इनपुट कर क्रेडिट प्रवाह आदि के माध्यम से GST रिटर्न दाखिल करना आसान बनाएगी। उपभोक्ता इनवॉयस के लिए इसमें डॉयनमिक क्यूआर कोड का प्रस्ताव किया गया है जिसके द्वारा खरीदारी के समय QR कोड के माध्यम से GST मानकों का विवरण तत्काल हासिल कर लिया जाएगा।

**सीमा शुल्क :-** वित्त मंत्रालय ने सीमा शुल्क को फुटवियर पर 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने और फर्नीचर वस्तुओं पर 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा वाहनों के कलपुर्जो और रसायन जैसी कुछ वस्तुएं जिनका घरेलू उत्पादन भी होता है, पर सीमा शुल्क में वृद्धि की गई है। न्यूज प्रिंट और हल्के कोटेड पेपर के आयात पर बुनियादी आयात शुल्क को 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

कुल विधानसभा सीट - 70

मतदान - 8 फरवरी, 2020

मतगणना - 11 फरवरी, 2020

चुनाव परिणाम- 62 आम आदमी पार्टी, 8 भाजपा।

अरविन्द केजरीवाल ने 16 फरवरी, 2020 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने उन्हें शपथ दिलाई। केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हैं। इससे पहले वे वर्ष 2013 व 2015 में मुख्यमंत्री बने थे।

## झारखंड विकास मोर्चा ( प्रजातांत्रिक ) का भाजपा में विलय

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक) का 17 फरवरी, 2020 को भारतीय जनता पार्टी में औपचारिक रूप से विलय हो गया। उल्लेखनीय है कि मरांडी ने भाजपा से अलग होकर वर्ष 2006 में झारखंड विकास पार्टी का गठन किया था।

## ग्राम न्यायालय

विधि एवं न्याय मंत्रालय ने न्याय प्रणाली को आम जन-मानस के निकट ले जाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 39-। के अनुरूप 'ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008', संसद में पारित किया। इसके तहत 2 अक्टूबर, 2009 से कुछ राज्यों में ग्राम न्यायालयों ने कार्य करना शुरू किया। ग्राम न्यायालय में प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट स्तर का न्यायाधीश होता है जिसे 'न्यायाधिकारी' कहा जाता है। इसकी नियुक्ति संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार करती है। ग्राम न्यायालय सिविल और आपराधिक दोनों प्रकार के मामले देखता है। यह आपराधिक मामलों में उन्हीं को देखता है जिनमें अधिकतम 2 वर्ष की सजा होती है।

**अनुच्छेद-39 (a):-** समान न्याय और नि:शुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि कानूनी व्यवस्था का संचालन समान अवसर के आधार पर हो जो न्याय को बढ़ावा देता हो और विशेष रूप से उपयुक्त कानून या योजनाओं या किसी अन्य तरीके से मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करेगा, साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित नहीं किया गया है।

**चर्चा में क्यों :-** सर्वोच्च न्यायालय ने फरवरी, 2020 में आठ राज्यों पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना नहीं करने के कारण जुर्माना लगाया है। वर्ष 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने गैर-सरकारी संगठन 'नेशनल फेडरेशन ऑफ सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस' की जनहित याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया था।

## 22वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 19 फरवरी को 22वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान की है। यह आयोग तीन वर्ष के लिए गठित किया जाएगा।

**संरचना:-** 1. एक पूर्णकालिक अध्यक्ष, 2. चार पूर्णकालिक सदस्य (सदस्य सचिव सहित), 3. सचिव, कानूनी मामलों का विभाग (पदेन सदस्य के रूप में), 4. सदस्य, विधायी विभाग (पदेन सदस्य के रूप में), 5. अधिक से अधिक पांच अंशकालिक सदस्य।

**यह काम करेगा:-** 1. ऐसे कानूनों की पहचान करना जिनकी आवश्यकता नहीं है, 2. राज्य नीति के आलोक में मौजूदा कानूनों की जांच करना तथा सुधार के तरीकों के सुझाव देना एवं संविधान की प्रस्तावना में निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करना, 3. विधि और न्याय मंत्रालय के जरिए सरकार द्वारा अग्रेषित किसी बाहरी देश को अनुसंधान उपलब्ध कराने के अनुरोध पर विचार करना, 4. गरीब लोगों की सेवा में कानून और कानूनी प्रक्रिया का उपयोग करने के लिए आवश्यक सभी उपाय करना, 5. सामान्य महत्व के केन्द्रीय अधिनियमों को संशोधित करना, जिससे उन्हें सरल बनाया जा सके और विसंगतियों, संदिग्धताओं और असमानताओं को दूर किया जा सके।

**यह भी जानें:-** भारत सरकार ने स्वतंत्र भारत का प्रथम विधि आयोग वर्ष 1955 में भारत के तत्कालीन अटॉर्नी जनरल एम.सी. शीतलवाड़ की अध्यक्षता में गठित किया। तब से 21 विधि आयोग गठित किए जा चुके हैं जिनमें से प्रत्येक का कार्यकाल 3 वर्ष था। 21वें विधि आयोग जिसकी अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. एस. चौहान द्वारा की गई, ने 31 अगस्त, 2018 को अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा किया था।

## 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा देशभर में 10 फरवरी से 28 फरवरी, 2020 तक 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य देश की विविधता में एकता को दर्शाना तथा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना था।

## स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फरवरी, 2020 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण को वर्ष 2024-25 तक के लिए मंजूरी दी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक की अवधि के लिए 1,40,881 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ एक मिशन के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा।

## क्वांटम टेक्नोलॉजी व एप्लीकेशन : राष्ट्रीय मिशन

केंद्र सरकार ने बजट 2020-21 में क्वांटम तकनीक और उसके अनुप्रयोग पर राष्ट्रीय मिशन (National Mission on Quantum Technologies & Applications-NMQTA) की घोषणा की है। इस मिशन के अंतर्गत क्वांटम प्रौद्योगिकी के विकास हेतु 5 वर्षों के लिए 8000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस मिशन का क्रियान्वयन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जाएगा।

**उद्देश्य :-** मिशन का उद्देश्य भारत में क्वांटम तकनीक को विकसित कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देकर प्रगतिशील बनाना है। क्वांटम तकनीक के विकास से कंप्यूटिंग, संचार, साइबर सुरक्षा क्षेत्र में नए आयाम सृजित किए जा सकते हैं।

## जस्टिस अमिताव रॉय समिति

सर्वोच्च न्यायालय ने सितम्बर, 2018 में जस्टिस अमिताव रॉय की अध्यक्षता में दोषियों के जेल से छूटने और पैरोल के मुद्दों पर उनके लिए कानूनी सलाह की उपलब्धता में कमी एवं जेलों की विभिन्न समस्याओं की जांच करने के लिए

एक समिति का गठन किया था। इस समिति में जस्टिस अमिताव रॉय के अतिरिक्त ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के आईजी और तिहाड़ जेल के डीजी शामिल थे।

**चर्चा में क्यों:**- जस्टिस अमिताव रॉय समिति ने फरवरी, 2020 में अपनी रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट में जेल सुधारों से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

### ■ ई-गवर्नेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन

ई-गवर्नेंस पर 23वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 7-8 फरवरी, 2020 को मुंबई में किया गया। सम्मेलन में 'डिजिटल तकनीक के उपयोग से शासन में परिवर्तन : अवसर एवं चुनौतियां' विषय पर विचार किया गया। 'भारत 2020 : डिजिटल परिवर्तन' की व्यापक थीम के साथ सम्मेलन में निम्नलिखित 6 उप विषयों पर भी चर्चा हुई- 1. डिजिटल प्लेटफॉर्म और डिजिटल अर्थव्यवस्था, 2. सेवा वितरण में सुधार, 3. डिजिटल सेवाओं के प्रति विश्वास निर्माण - पारदर्शिता, सुरक्षा और गोपनीयता, 4. डिजिटल भुगतान और फिनटेक, 5. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितरण आकलन/डिजिटल सेवा मानक, 6. स्किलिंग और क्षमता निर्माण।

### ■ सिद्दी जनजाति

सिद्दी लोग इंडो-अफ्रीकी आदिवासी समुदाय से हैं। इन्हें हब्शी और बादशा नामों से भी जाना जाता है। ये भारत के पश्चिमी तट पर स्थित गुजरात, महाराष्ट्र एवं कर्नाटक राज्यों में निवास करते हैं। ये मूल रूप से गुजरात के जूनागढ़ जिले में निवास करते है। इनमें ज्यादातर रोमन कैथोलिक हैं किंतु कुछ लोग हिंदू और इस्लाम धर्म का पालन करते हैं। भारत सरकार ने 8 जनवरी, 2003 को सिद्दी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में वर्गीकृत किया था।

**चर्चा में क्यों:**- भारतीय संसद में जनवरी, 2020 में लोकसभा ने ध्वनि-मत से संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक, 2019 पारित किया। इस विधेयक में परिवारा और तलवारा समुदायों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने का प्रयास किया गया है। बेलागवी और धारवाड़ की सिद्दी जनजातियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

## चर्चित स्थान

### ■ राखीगढ़ी

हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े स्थलों में से एक राखीगढ़ी भारत में 500 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। हरियाणा के हिसार जिले में स्थित है इसे पूर्व-हड़प्पा सभ्यता बस्ती स्थल के रूप में जाना जाता है। घग्घर नदी के तट पर स्थित इस स्थल की खोज वर्ष 1969 में सूरजभान ने की थी।

**चर्चा में क्यों:**- केंद्रीय बजट-2020 में राखीगढ़ी को एक प्रतिष्ठित स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई है। यहां एक राष्ट्रीय संग्रहालय भी स्थापित किया जाएगा।

### ■ जास्कर नदी

जास्कर नदी उत्तर की ओर बहने वाली सिंधु की सहायक नदी है। जास्कर नदी के ऊपरी प्रवाह की दो मुख्य धाराएं हैं। इसकी पहली धारा जिसे डोडा कहा जाता है, का उद्गम पेन्सी ला दर्रे के पास से होता है। यह जास्कर घाटी के साथ दक्षिण-पूर्व की ओर बहती है। इसकी दूसरी धारा का निर्माण कर्ग्याग नदी और त्सराप नदी से होता है।

**चर्चा में क्यों:**- भारतीय वायु सेना ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बर्फ से ढकी जास्कर से नदी जनवरी, 2020 में 107 से अधिक लोगों को बचाया।

### ■ सोनभद्र

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में लगभग 160 किलोग्राम स्वर्ण भंडार होने का अनुमान जताया है। विश्व स्वर्ण परिषद के अनुसार, भारत में 600 टन से अधिक का स्वर्ण भंडार है, जो दुनिया में 10वां सबसे बड़ा भंडार है। सोने का वजन ट्रॉय औंस में मापा जाता है (1 ट्रॉय औंस = 31.1034768 ग्राम)। हालांकि, इसकी शुद्धता को कैरेट में मापा जाता है।

## चर्चित व्यक्ति

### ■ कैप्टेन तान्या शेरगिल

कैप्टन तान्या शेरगिल पुरुष बटालियन का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। 72वें भारतीय सेना दिवस के अवसर पर आयोजित परेड में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। मार्च 2017 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकैडमी (OTA), चेन्नई से कमीशन हुई कैप्टन तान्या शेरगिल पंजाब की रहने वाली हैं। वे थल सेना के सिग्नल कॉर्प्स में कैप्टन हैं।

### ■ जस्टिस दिलीप बाबासाहेब भोंसले

जस्टिस दिलीप बाबासाहेब भोंसले ने 6 जनवरी, 2020 को लोकपाल के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। लोकपाल अध्यक्ष न्यायमूर्ति पिनाकी चन्द्र घोष ने 24 मार्च, 2019 को उन्हें सदस्य पद की शपथ दिलाई थी।

**यह भी जानें:-** लोकपाल पैनल में एक अध्यक्ष एवं अधिकतम 8 सदस्य होते हैं। इनमें से चार सदस्य न्यायिक पृष्ठभूमि से होना जरूरी है। लोकपाल सदस्य का कार्यकाल 5 वर्ष अथवा 70 वर्ष की आयु तक जो पहले हो, होता है।

### ■ काम्या कार्तिकेयन

मुंबई निवासी काम्या कार्तिकेयन (12) अर्जेंटीना स्थित एकांकागुआ पर्वत को फतह कर दुनिया की सबसे युवा पर्वतारोही बन गई हैं। अर्जेंटीना की एंडीज पर्वतमाला में स्थित एकांकागुआ पर्वत दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप का सबसे ऊंचा (6962 मीटर) पर्वत है।

### ■ श्रीनिवास गौड़ा

कर्नाटक के कंबाला सुपर स्प्रिंटर श्रीनिवास गौड़ा कीचड़ युक्त खेतों में विश्व के सबसे तेज धावक उसेन बोल्ट की तुलना में अधिक तेज दौड़ने के कारण चर्चा में रहे।

**यह भी जानें:-** कंबाला त्योहार कर्नाटक राज्य के तटीय इलाकों में आयोजित की जाने वाली दो दिवसीय भैंसा दौड़ प्रतियोगिता है। इसका आयोजन नवम्बर से मार्च तक होता है। इसमें किसान हल के साथ भैंसों के जोड़े को बांधकर कीचड़ के समानांतर पथों पर दौड़ते हैं। इसमें सबसे तेज भागने वाली टीम विजयी होती है।

## नियुक्तियां

### ■ हर्षवर्धन श्रृंगला

हर्षवर्धन श्रृंगला को भारत का नया विदेश सचिव बनाया गया है। उन्होंने 29 जनवरी, 2020 को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने इस पद पर विक्रम गोखले का स्थान लिया है।

### ■ अरुण कुमार सिन्हा

मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति ने 'विशेष सुरक्षा समूह' (एसपीजी) के निदेशक अरुण कुमार सिन्हा के प्रतिनियुक्ति कार्यकाल में विस्तार को मंजूरी प्रदान की है। अब उनका कार्यकाल 30 जुलाई, 2021 तक होगा।

### ■ डॉ.ए.पी.माहेश्वरी

डॉ.ए.पी.माहेश्वरी को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उन्होंने 15 जनवरी, 2020 को पदभार ग्रहण किया। माहेश्वरी की नियुक्ति 28 फरवरी, 2021 तक के लिए की गई है।

### ■ एस.के.सैनी

भारतीय सेना के दक्षिणी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एस. के. सैनी को भारतीय सेना के नए उपप्रमुख के रूप में चुना गया है। लेफ्टिनेंट जनरल एस. के. सैनी ने 25 जनवरी, 2020 को पदभार संभाला। इससे पूर्व जनरल मनोज मुकुंद नरवणे इस पद पर कार्यरत थे, जिन्हें हाल ही में सेना प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया है।

### ■ अर्जुन मुंडा

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा को 18 जनवरी, 2020 को भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। AAI पर विश्व तीरंदाजी (World Archery) ने प्रतिबंध लगा रखा था, जिसके कारण भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर हिस्सा लेना पड़ता था। अर्जुन मुंडा तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे चुके हैं। 'विश्व तीरंदाजी संघ' ने भारतीय तीरंदाजी महासंघ के चुनाव के बाद उस पर लगा निलंबन 23 जनवरी, 2020 को हटा दिया है।

### ■ माइकल देवव्रत पात्रा

केंद्र सरकार ने माइकल देवव्रत पात्रा को जनवरी, 2020 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। माइकल देवव्रत पात्रा जून, 2019 में इस पद से इस्तीफा देने वाले विरल आचार्य का स्थान लेंगे। पात्रा का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक में कुल चार डिप्टी गवर्नर होते हैं जिनकी नियुक्ति सरकार द्वारा गवर्नर की सहमति से की जाती है।

### ■ जनक राज

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के कार्यकारी निदेशक जनक राज को RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) का सदस्य नियुक्त किया गया है। जनक राज ने समिति के पूर्व सदस्य माइकल देवव्रत पात्रा का स्थान लिया है, जिन्हें हाल ही में केंद्रीय बैंक का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। वर्ष 2016 में केंद्र सरकार ने ब्याज दर तय करने के लिए MPC का गठन किया था, जिसकी अध्यक्षता RBI के गवर्नर द्वारा की जाती है।

### ■ संजय कोठारी नए सीवीसी

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मौजूदा सचिव संजय कोठारी को देश अगला केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (Central Vigilance Commissioner) नियुक्त किया गया है। इसी समिति ने सुरेश पटेल को सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया है। संजय कोठारी का चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली समिति ने किया। संजय कोठारी हरियाणा कैडर के वर्ष 1978 बैच के सेवानिवृत्त IAS अधिकारी हैं।

**केंद्रीय सतर्कता आयोगः-** केंद्रीय सतर्कता आयोग केंद्र सरकार का सर्वोच्च सरकारी निकाय है जिसकी स्थापना फरवरी 1964 में के. संथानम समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकारी भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए की गई थी। तब यह न तो संवैधानिक संस्था थी और न ही सांविधिक संस्था। इसे वर्ष 2003 में संसद के दोनों सदनों द्वारा अधिनियम के द्वारा सांविधिक दर्जा प्रदान किया गया। राष्ट्रपति ने 11 सितम्बर, 2003 को इसे स्वीकृति प्रदान की। केंद्रीय सतर्कता आयोग में एक मुख्य सतर्कता आयुक्त व दो अन्य सतर्कता आयुक्त होते हैं। आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल 4 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, जो पहले पूरी हो, होता है।

### ■ विमल जुल्का नए मुख्य सूचना आयुक्त

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली नियुक्ति समिति ने पूर्व सूचना एवं प्रसारण सचिव एवं वर्तमान में केन्द्रीय सूचना आयोग में आयुक्त बिमल जुल्का को मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया है। साथ ही अनीता पांडोव को सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है।

**केन्द्रीय सूचना आयोग :-** यह एक सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना वर्ष 2005 में की गई थी। केन्द्रीय सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त व अन्य 10 से अनधिक सूचना आयुक्त होते हैं। इनका कार्यकाल 5 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु, जो पहले हो, तक होता है।

## निधन

### ■ मैथ्यू सत्य बाबू

भारतीय बास्केटबाल टीम के पूर्व कप्तान मैथ्यू सत्य बाबू का 79 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मैथ्यू सत्य बाबू ने वर्ष 1967 में दक्षिण कोरिया के सियोल, 1969 में बैंकाक और 1970 में मनीला में एशियाई बास्केटबाल चौंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

### ■ बापू नाडकर्णी

भारत के पूर्व क्रिकेटर बापू नाडकर्णी (86) का 17 जनवरी, 2020 को निधन हो गया। मुम्बई निवासी नाडकर्णी ने 1963-64 में चेन्नई में इंग्लैण्ड के खिलाफ लगातार 21 ओवर मेडन फेंके थे, हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। यह रिकॉर्ड आज भी कायम है।

### ■ जसवंत सिंह कंवल

प्रसिद्ध पंजाबी लेखक और साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित जसवंत सिंह कंवल (101) का फरवरी, 2019 में निधन हो गया है। कंवल को वर्ष 1996 में साहित्य अकादमी ने उनकी पुस्तक 'पाखी' पर साहित्य अकादमी ने फेलोशिप दी और दो वर्ष बाद वर्ष 1998 में उपन्यास 'तौशाली दी हांसो' पर उनको साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया।

### ■ गिरिराज किशोर

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार और कालजयी रचना 'पहला गिरमिटिया' के लेखक गिरिराज किशोर (83) का 9 फरवरी, 2020 को निधन हो गया। उनका उपन्यास 'ढाई घर' काफी प्रसिद्ध हुआ और वर्ष 1991 में प्रकाशित इस कृति को वर्ष 1992 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

## पुरस्कार

### ■ पद्म पुरस्कार-2020

भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वर्ष 2020 के 141 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की स्वीकृति दी। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री) में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष मार्च/अप्रेल के आस-पास को भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रदान किए जाते हैं। पद्म पुरस्कार सूची में 34 महिलाएं हैं। इस सूची में 18 व्यक्ति विदेशी/एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई श्रेणी के हैं। 12 व्यक्ति मरणोपरांत पुरस्कार पाने वालों की श्रेणी में हैं।

**पद्म विभूषणः**- यह पुरस्कार असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इस बार 7 पद्म विभूषण प्रदान किए जाएंगे।

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 1. | जार्ज फर्नांडिज (मरणोपरांत) | राजनीति | बिहार |
| 2 | अरुण जेटली (मरणोपरांत) | राजनीति | दिल्ली |
| 3 | अनिरुद्ध जगन्नाथ जीसीएसके | राजनीति | मॉरीशस |
| 4 | एम. मैरीकॉम | खेल | मणिपुर |
| 5 | छन्नू लाल मिश्र | कला | उत्तर प्रदेश |
| 6 | सुषमा स्वराज (मरणोपरांत) | राजनीति | दिल्ली |
| 7 | विश्वेशतीर्थ स्वामीजी पजवरा अधोखज मठ उडुपि (मरणोपरांत) | आध्यात्मिकता | कर्नाटक |

**पद्म भूषणः**- यह पुरस्कार उच्च स्तर की विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इस बार 16 पद्म भूषण प्रदान किए जाएंगे।

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 1 | एम. मुमताज अली (श्री एम) | आध्यात्मिकता | केरल |
| 2 | सैय्यद मुअज्जीम अली (मरणोपरांत) | राजनीति | बांग्लादेश |
| 3 | मुजफ्फर हुसैन बेग | राजनीति | जम्मू एवं कश्मीर |
| 4 | अजॉय चक्रवर्ती | कला | पश्चिम बंगाल |
| 5 | मनोज दास | साहित्य एवं शिक्षा | पुड्डुचेरी |
| 6 | बालकृष्ण दोशी | वास्तुकला | गुजरात |
| 7 | कृष्णम्मल जगन्नाथन | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| 8 | एस. सी. जमीर | राजनीति | नगालैंड |
| 9 | अनिल प्रकाश जोशी | सामाजिक कार्य | उत्तराखंड |
| 10 | डॉ. त्सेरिंग लेंडोल | चिकित्सा | लद्दाख |
| 11 | आनंद महिंद्रा | व्यापार एवं उद्योग | महाराष्ट्र |
| 12 | नीलकंठ रामकृष्ण माधव मेनन (मरणोपरांत) | राजनीति | केरल |
| 13 | प्रो. जगदीश सेठ | साहित्य एवं शिक्षा | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 14 | पी. वी. सिंधू | खेल | तेलंगाना |
| 15 | वेणु श्रीनिवासन | व्यापार एवं उद्योग | तमिलनाडु |
| 16 | मनोहर गोपालकृष्ण प्रभु पर्रीकर (मरणोपरांत) | राजनीति | गोवा |

**पद्म श्री:-** इस बार 118 पद्मश्री प्रदान किए जाएंगे। यह पुरस्कार किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 1. | गुरु शशाधर आचार्य | कला | झारखंड |
| 2 | डॉ. योगी एरॉन | चिकित्सा | उत्तराखंड |
| 3 | जयप्रकाश अग्रवाल | व्यापार एवं उद्योग | दिल्ली |
| 4 | जगदीश लाल आहूजा | सामाजिक कार्य | पंजाब |
| 5 | काजी मासूम अख्तर | साहित्य एवं शिक्षा | पश्चिम बंगाल |
| 6 | ग्लौरिया अरिएैरा | साहित्य एवं शिक्षा | ब्राजील |
| 7 | खान जहीर खान बख्तियार खान | खेल | महाराष्ट्र |
| 8 | डॉ. पद्मावति बंदोपाध्याय | चिकित्सा | उत्तर प्रदेश |
| 9 | डॉ. सुशोवन बनर्जी | चिकित्सा | पश्चिम बंगाल |
| 10 | डॉ. दिगम्बर बेहरा | चिकित्सा | चंडीगढ़ |
| 11 | डॉ. दमयंती बेसरा | साहित्य एवं शिक्षा | ओडिशा |
| 12 | पवार पोपटराव भगुजी | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| **13** | **हिम्मत राम भंभु** | **सामाजिक कार्य** | **राजस्थान** |
| 14 | संजीव भीखचंदानी | व्यापार एवं उद्योग | उत्तर प्रदेश |
| 15 | गफूर भाई एम. बिलाखिया | व्यापार एवं उद्योग | गुजरात |
| 16 | बॉब ब्लैकमेन | राजनीति | ब्रिटेन |
| 17 | इंदिरा पी. पी. बोरा | कला | असम |
| **18** | **ऊषा चौमार** | **सामाजिक कार्य** | **राजस्थान** |
| 19 | लील बहादुर छेत्री | साहित्य एवं शिक्षा | असम |
| 20 | ललीता एवं सरोज चिदम्बरम (युगल) | कला | तमिलनाडु |
| 21 | डॉ. वजीरा चित्रसेन | कला | श्रीलंका |
| 22 | डॉ. पुरुषोत्तम दधीच | कला | मध्य प्रदेश |
| 23 | उत्सव चरणदास | कला | ओडिशा |
| 24 | प्रो. इंदिरा दासनायके (मरणोपरांत) | साहित्य एवं शिक्षा | श्रीलंका |
| 25 | एच.एम. देसाई | साहित्य एवं शिक्षा | गुजरात |
| 26 | मनोहर देवदास | कला | तमिलनाडु |
| 27 | ओइनाम बेमबिम देवी | खेल | मणिपुर |
| 28 | लिया दिसकिन | सामाजिक कार्य | ब्राजील |
| 29 | ए.पी. गणेश | खेल | कर्नाटक |
| 30 | डॉ. बंगलोर गंगाधर | चिकित्सा | कर्नाटक |
| 31 | डॉ. रमण गंगाखेडकर | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | महाराष्ट्र |
| 32 | बेरी गार्डिनर | राजनीति | ब्रिटेन |
| 33 | चेवांग मोनुप गोबा | व्यापार एवं उद्योग | लद्दाख |

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 34 | भरत गोयनका | व्यापार एवं उद्योग | कर्नाटक |
| 35 | यादला गोपालराव | कला | आंध्र प्रदेश |
| 36 | मित्रभानु गोंटिया | कला | ओडिशा |
| 37 | तुलसी गौडा | सामाजिक कार्य | कर्नाटक |
| 38 | सुजॉय के. गुहा | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | बिहार |
| 39 | हरिकला हजब्बा | सामाजिक कार्य | कर्नाटक |
| 40 | इनामुल हक | अन्य-पुरातत्व | बांग्लादेश |
| 41 | मधु मंसूरी हसमुख | कला | झारखंड |
| 42 | अब्दुल जब्बार (मरणोपरांत) | सामाजिक कार्य | मध्य प्रदेश |
| 43 | बिमल कुमार जैन | सामाजिक कार्य | बिहार |
| 44 | मीनाक्षी जैन | साहित्य एवं शिक्षा | दिल्ली |
| 45 | नेमनाथ जैन | व्यापार एवं उद्योग | मध्य प्रदेश |
| 46 | शांति जैन | कला | बिहार |
| 47 | सुधीर जैन | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | गुजरात |
| 48 | बेनीचंद्र जमातिया | साहित्य एवं शिक्षा | त्रिपुरा |
| 49 | K.V. संपथ कुमार एवं विदुषी जयलक्ष्मी K.S.(युगल) | साहित्य एवं शिक्षा व पत्रकारिता | कर्नाटक |
| 50 | करण जौहर | कला | महाराष्ट्र |
| 51 | डॉ. लीला जोशी | चिकित्सा | मध्य प्रदेश |
| 52 | सरिता जोशी | कला | महाराष्ट्र |
| 53 | सी कमलोआ | साहित्य एवं शिक्षा | मिजोरम |
| 54 | डॉ. रवि कन्नन आर. | चिकित्सा | असम |
| 55 | एकता कपूर | कला | महाराष्ट्र |
| 56 | याजदी नाओश्रीवान करंजिया | कला | गुजरात |
| 57 | नारायण जे. जोशी करायल | साहित्य एवं शिक्षा | गुजरात |
| 58 | डॉ. नरिन्दर नाथ खन्ना | चिकित्सा | उत्तर प्रदेश |
| 59 | नवीन खन्ना | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | दिल्ली |
| 60 | एस. पी. कोठारी | साहित्य एवं शिक्षा | अमरीका |
| 61 | वी.के. मनुसामी कृष्णा पख्तहर | कला | पुड्डुचेरी |
| 62 | एम. के. कुंजोल | सामाजिक कार्य | केरल |
| 63 | मनमोहन महापात्रा (मरणोपरांत) | कला | ओडिशा |
| **64** | **उस्ताद अनवर खान मंगनियार** | **कला** | **राजस्थान** |
| 65 | कट्टुंगल सुब्रमण्यम मनिलाल | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | केरल |
| **66** | **मुन्ना मास्टर** | **कला** | **राजस्थान** |
| 67 | प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र | साहित्य एवं शिक्षा | हिमाचल प्रदेश |

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 68 | बीनापाणि मोहंती | साहित्य एवं शिक्षा | ओडिशा |
| 69 | डॉ. अरुणोदय मंडल | चिकित्सा | पश्चिम बंगाल |
| 70 | डॉ. पृथविन्द्र मुखर्जी | साहित्य एवं शिक्षा | फ्रांस |
| 71 | सत्यनारायण मुंडयूर | सामाजिक कार्य | अरुणाचल प्रदेश |
| 72 | मणिलाल नाग | कला | पश्चिम बंगाल |
| 73 | एन. चन्द्रशेखरण नायर | साहित्य एवं शिक्षा | केरल |
| 74 | डॉ. तेत्सू नकामूरा (मरणोपरांत) | सामाजिक कार्य | अफगानिस्तान |
| 75 | शिवदत्त निर्मोही | साहित्य एवं शिक्षा | जम्मू एवं कश्मीर |
| 76 | पु. ललबियाकथंगा पचुआऊ | साहित्य एवं शिक्षा-पत्रकारिता | मिजोरम |
| 77 | मुझिक्कल पंकजाक्षी | कला | केरल |
| 78 | डॉ. प्रसंत कुमार पटनायक | साहित्य एवं शिक्षा | अमरीका |
| 79 | जोगेन्द्र नाथ फुकन | साहित्य एवं शिक्षा | असम |
| 80 | रहिबाई सोम पोपेरे | अन्य-कृषि | महाराष्ट्र |
| 81 | योगेश प्रवीण | साहित्य एवं शिक्षा | उत्तर प्रदेश |
| 82 | जीतू राय | खेल | उत्तर प्रदेश |
| 83 | तरुणदीप राय | खेल | सिक्किम |
| 84 | एस. रामाकृष्णन | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| 85 | रानी रामपाल | खेल | हरियाणा |
| 86 | कंगना रनौत | कला | महाराष्ट्र |
| 87 | दलवई चलापतिराव | कला | आंध्र प्रदेश |
| 88 | शाहबुद्दीन राठौर | साहित्य एवं शिक्षा | गुजरात |
| 89 | कल्याण सिंह रावत | सामाजिक कार्य | उत्तराखंड |
| 90 | चिंतला वेंकट रेड्डी | अन्य-कृषि | तेलंगाना |
| 91 | डॉ. शांति राय | चिकित्सा | बिहार |
| 92 | राममोहन एवं सबरमती (युगल) | अन्य-कृषि | ओडिशा |
| 93 | बताकृष्णा साहू | अन्य-पशुपालन | ओडिशा |
| 94 | त्रिनिति साईऊ | अन्य-कृषि | मेघालय |
| 95 | अदनान सामी | कला | महाराष्ट्र |
| 96 | विजय संकेश्वर | व्यापार एवं उद्योग | कर्नाटक |
| 97 | डॉ. कुशल कुंवर सर्मा | चिकित्सा | असम |
| 98 | सैय्यद महबूब शाह कादरी | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| 99 | मोहम्मद शरीफ | सामाजिक कार्य | उत्तर प्रदेश |
| 100 | श्याम सुंदर शर्मा | कला | बिहार |
| 101 | डॉ. गुरदीप सिंह | चिकित्सा | गुजरात |
| 102 | रामजी सिंह | सामाजिक कार्य | बिहार |

| क्र.सं. | नाम | क्षेत्र | राज्य/देश |
|---|---|---|---|
| 103 | वशिष्ठ नारायण सिंह (मरणोपरांत) | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | बिहार |
| 104 | दया प्रकाश सिन्हा | कला | उत्तर प्रदेश |
| 105 | डॉ. सान्द्र देसा सौजा | चिकित्सा | महाराष्ट्र |
| 106 | विजयसारथी श्रीभाष्यम | साहित्य एवं शिक्षा | तेलंगाना |
| 107 | कली शाबी महबूब एवं शेक महबूब सुबानी (युगल) | कला | तमिलनाडु |
| 108 | जावेद अहमद टॉक | सामाजिक कार्य | जम्मू एवं कश्मीर |
| 109 | प्रदीप थलाप्पिल | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | तमिलनाडु |
| 110 | येशे दोरजी थॉन्गची | साहित्य एवं शिक्षा | अरुणाचल प्रदेश |
| 111 | रॉबर्ट थर्मन | साहित्य एवं शिक्षा | अमेरिका |
| 112 | अगस इंद्रा उद्यन | सामाजिक कार्य | इंडोनेशिया |
| 113 | हरीश चंद्र वर्मा | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | उत्तर प्रदेश |
| **114** | **सुंदरम वर्मा** | **सामाजिक कार्य** | **राजस्थान** |
| 115 | डॉ. रोमेश टेकचंद वाधवानी | व्यापार एवं उद्योग | अमेरिका |
| 116 | सुरेश वाडकर | कला | महाराष्ट्र |
| 117 | प्रेम वत्स | व्यापार एवं उद्योग | कनाडा |
| 118 | मदन सिंह चौहान | कला | छत्तीसगढ़ |

## आर. रामानुजम

कंप्यूटर वैज्ञानिक आर. रामानुजम को वर्ष 2020 के इंदिरा गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार वर्ष 1986 में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी द्वारा स्थापित किया गया था और इसे प्रत्येक तीन वर्ष बाद किसी मीडिया पेशेवर या किसी वैज्ञानिक को दिया जाता है। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अनुसार, इस पुरस्कार की स्थापना का मुख्य उद्देश्य देश भर में विज्ञान को लोकप्रिय बनाना है। इससे पूर्व प्रसिद्ध भौतिकीय वैज्ञानिक जयंत विष्णु नार्लीकर और वैज्ञानिक तथा लेखक जी. वेंकटरमन को भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## सरस्वती सम्मान

के. के. बिरला फाउंडेशन द्वारा 16 जनवरी, 2020 को सिंधी लेखक वासदेव मोही को 29वां सरस्वती-सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। यह सम्मान उन्हें लघु कथा संग्रह 'चेकबुक' के लिए दिया जा रहा है। सरस्वती सम्मान में प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न के अलावा 15 लाख रुपए की नकद राशि शामिल है।

## सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार

वर्ष 2020 के लिए उत्तराखंड के आपदा शमन और प्रबंधन केंद्र को संस्था श्रेणी में और कुमार मुन्नन सिंह को व्यक्तिगत श्रेणी में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए वर्ष 2020 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार हेतु चुना गया है। संस्था की श्रेणी में विजेता को प्रमाणपत्र के साथ 51 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि व्यक्तिगत श्रेणी में विजेता को प्रमाणपत्र के साथ कुल 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वर्ष 2019 के लिए गाजियाबाद स्थित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 8वीं बटालियन को आपदा प्रबंधन में अपने सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार हेतु चुना गया था।

## एसईआरबी महिला उत्कृष्टता पुरस्कार-2020

28 फरवरी, 2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के दौरान भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने तीन महिलाओं को 'एसईआरबी महिला उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट, लखनऊ की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नीति कुमार सहित डॉ. दीपा आगाशे व डॉ. के. गीतारानी को प्रदान किया गया।

## ■ अन्तरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 6 फरवरी 2020 को कुष्ठ रोग के खिलाफ किए गए प्रयासों के लिए डॉ. एन.एस धर्मशक्तु को व्यक्तिगत श्रेणी तथा कुष्ठ रोग मिशन ट्रस्ट को संस्थागत श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय गांधी पुरस्कार से सम्मानित किया है।

**कुष्ठ रोग :-** कुष्ठ रोग दीर्घकालिक संक्रामक रोग है, जो मुख्यतः माइकोबैक्टेरियम लेप्री के कारण होता है। संक्रमण के बाद औसतन पांच साल में रोग के लक्षण दिखाई देते हैं।

## ■ सिल्वर पुरस्कार

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग ने वर्ष 2019-20 के संबंध में डिजिटल परिवर्तन की सरकारी प्रक्रिया में उत्कृष्टता के लिए भारत निर्वाचन आयोग को 'सिल्वर' पुरस्कार प्रदान किया है। यह पुरस्कार उन परियोजनाओं के लिए दिया जाता है, जिनमें कार्य प्रणाली का मूल्यांकन शामिल होता है तथा जिनके तहत कुशलता, प्रक्रिया, गुणवत्ता और सेवा के क्षेत्र में सुधार किया जाता है। यह पुरस्कार 7-8 फरवरी, 2020 को प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से मुंबई में आयोजित ई-प्रशासन पर 23वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान दिया गया।

## ■ मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवार्ड

कवि और कथाकार विनोद कुमार शुक्ल की किताब 'ब्लू इज लाइक ब्लू' को पहले मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। विनोद शुक्ल को यह अवार्ड बुकर पुरस्कार के ज्यूरी सदस्य मार्गरेट बसबाई द्वारा दिया जाएगा। इसके तहत विनोद कुमार शुक्ल को सम्मान पत्र और 5 लाख रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी।

## ■ प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पुरस्कार

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा फरवरी, 2019 में नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों को उनके सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पुरस्कार प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों की घोषणा 2 से 8 दिसम्बर, 2019 तक आयोजित मातृ वंदना सप्ताह के दौरान राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के योजना संबंधी कार्य प्रदर्शन के लिए की गई थी।

**PMMVY :** यह एक मातृत्व लाभ कार्यक्रम है, जो 01 जनवरी, 2017 से देश के सभी जिलों में लागू किया जा रहा है। इस योजना के तहत मातृत्व और बाल स्वास्थ्य से संबंधित विशिष्ट शर्तों को पूरा करने वाले परिवारों के पहले जीवित बच्चे के जनन पर गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के बैंक/पोस्ट ऑफिस खाते में 5,000 रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

**इन्हें मिले पुरस्कारः-**

- एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को इस योजना के प्रारंभ होने से वर्तमान समय तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में पहला पुरस्कार मध्य प्रदेश, दूसरा आंध्र प्रदेश और तीसरा हरियाणा को प्रदान किया गया।
- एक करोड़ से कम आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में दादरा एवं नगर हवेली को पहला स्थान, हिमाचल प्रदेश को दूसरा और चंडीगढ़ को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए जिला स्तर पुरस्कारों में पहला स्थान मध्य प्रदेश के इंदौर, दूसरा स्थान आंध्र प्रदेश के कुर्नूल और तीसरा स्थान असम के दक्षिण सलमारा मनकाचार को प्राप्त हुआ।
- एक करोड़ से कम आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के जिलों में पहला स्थान मिजोरम में सेरछिप, दूसरा स्थान हिमाचल प्रदेश के ऊना और तीसरा स्थान पुदुचेरी को प्राप्त हुआ।
- एक करोड़ से अधिक आबादी वाले राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए पहला स्थान आंध्र प्रदेश, दूसरा महाराष्ट्र और तीसरा मध्य प्रदेश को प्राप्त हुआ।
- एक करोड़ से कम आबादी वाले उन राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों जिन्होंने मातृ वंदना सप्ताह के दौरान उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए पहला स्थान दादरा एवं नगर हवेली दूसरा स्थान सिक्किम को और तीसरा स्थान मणिपुर को प्राप्त हुआ।

# 3 राजस्थान घटनाक्रम

## ■ एलोवीरा जैल एंड जूस प्रोडक्शन प्लांट

कोरिया की कम्पनी केबीएम राजस्थान में एलोवीरा जैल एंड जूस प्रोडक्शन प्लांट स्थापित करेगी। यह प्लांट संभवत: जोधपुर में स्थापित किया जाएगा।

## ■ नेशनल ट्यूबरकुलोसिस एलीमिनेशन प्रोग्राम

प्रदेश में टीबी को नियंत्रित करने के लिए जारी 'रिवाइज्ड नेशनल टीबी कंट्रोल प्रोग्राम' का नाम बदलकर 'नेशनल ट्यूबरकुलोसिसि एलीमिनेशन प्रोग्राम' कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि देश में वर्ष 2025 तक टीबी को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

## ■ राज्य खेल 2019-20

जयपुर में 2-6 जनवरी, 2020 को 'राज्य खेल 2019-20' का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 18 खेल प्रतियोगिताओं में 33 जिलों के करीब 8 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जयपुर ने सर्वाधिक 131 (55 स्वर्ण, 48 रजत व 28 कांस्य) पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। 46 पदकों के साथ जोधपुर दूसरे व 38 पदकों के साथ सीकर तीसरे स्थान पर रहा।

## ■ जयपुर को विश्व धरोहर स्थल का प्रमाणपत्र

यूनेस्को की महानिदेशक ऑड्रे अजाउले ने 5 फरवरी, 2020 को एलबर्ट हॉल में आयोजित एक समारोह में राजस्थान के शहरी विकास मंत्री शांति धारीवाल को जयपुर के लिए 'विश्व धरोहर स्थल' का प्रमाणपत्र प्रदान किया। जयपुर को बीते वर्ष (2019) जुलाई में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था। जुलाई 2019 में जयपुर को एक सांस्कृतिक स्थल के रूप में शामिल करने के साथ ही यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में भारत के स्थलों की कुल संख्या 38 हो गई थी। इसमें 30 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक तथा 1 मिश्रित स्थल हैं।

## ■ मुक्ति कारवां

राजस्थान सरकार ने बाल श्रम और मानव तस्करी के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए 31 जनवरी, 2020 में मुक्ति कारवां अभियान शुरू किया है। अभियान का नेतृत्व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन और राजस्थान पुलिस द्वारा किया जा रहा है। यह कारवां अगले दो महीने तक राजस्थान के आठ जिलों की यात्रा करेगा। इनमें जयपुर, टोंक, भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा जिले शामिल हैं जो मानव तस्करी से ग्रस्त हैं।

**उद्देश्य:**- अभियान का उद्देश्य बाल तस्करी, जबरन श्रम एवं बच्चों के यौन शोषण जैसे मामलों से निपटने के लिए निवारक प्रक्रियाओं के बारे में लोगों में जागरूकता का प्रसार करना है।

## ■ जन भागीदारी विकास योजना का नाम बदला

राजस्थान सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी से विकास कार्यों के लिए लागू 'गुरु गोलवलकर जन भागीदारी विकास योजना' का नाम फरवरी, 2020 में परिवर्तित कर 'महात्मा गांधी जन भागीदारी विकास योजना' करने का निर्णय किया है। इस योजना की शुरुआत वर्ष 2010-11 में की गई थी।

## ■ जल जीवन मिशन

जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की योजना है ताकि राज्यों पर वित्तीय बोझ कम हो सके। वर्तमान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत केंद्र और राज्य के बीच योजना लागत की हिस्सेदारी को 50:50 के अनुपात में निर्धारित किया गया है।

**चर्चा में क्यों:**- राजस्थान सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक मदद के मानदंडों में बदलाव की मांग की है। वर्तमान में राजस्थान में केवल 12% घरों में पाइप से जलापूर्ति हो रही है। अत: राजस्थान सरकार ने लगभग 98 लाख घरों को जलापूर्ति प्रदान करने के लिए जल के स्रोतों का कायाकल्प करके जल जीवन मिशन को लागू करने के लिए नई कार्य योजना तैयार की है। राजस्थान में जल जीवन मिशन को 'राज्य जल और स्वच्छता मिशन' के तहत लागू किया जा रहा है।

## ■ गोडावण सीएमएस सूची में शामिल

राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण को 'प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण' की सूची में शामिल किया गया है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण के लिए फरवरी, 2020 में गुजरात के गांधीनगर में आयोजित 13वें कॉप शिखर सम्मेलन में भारत के प्रस्ताव पर एशियाई हाथी, गोडावण तथा बंगाल फ्लोरिकन को विलुप्त हो रहे जीवों की अन्तरराष्ट्रीय सूची में शामिल किया गया।

### ■ टर्टल फिल्म

'टर्टल' राजस्थानी भाषा की फिल्म है, जो जल संकट से प्रभावित क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करने का संदेश देती है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फरवरी, 2020 में इस फिल्म को राज्य माल एवं सेवा कर से छूट प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

## चर्चित व्यक्ति

### ■ भावना जाट

राजसमन्द निवासी भावना जाट ने राष्ट्रीय पैदल चाल चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर टोक्यो ओलम्पिक-2020 के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने फरवरी, 2020 में आयोजित नेशनल चैम्पियनशिप में 20 किमी रेस वॉक रिकॉर्ड एक घंटा 29 मिनट 54 सेकण्ड में पूरी की।

## चर्चित स्थान

### ■ माडपुरा बरवाला

थार के रेगिस्तान में बायतु के माडपुरा बरवाला के पास हाल ही में पानी के भंडार की खोज की गई है। यह जल भंडार 350-1500 मीटर की गहराई में बायतु, शिव, बाड़मेर, गुढ़ामलानी से लेकर सांचौर और जालौर के कुर्द तक विस्तृत है।

### ■ दादिया गांव

जयपुर के पास स्थित दादिया गांव को प्रदेश का पहला जैविक गांव बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह पहल केन्द्र की 'प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना' और वर्ष 2020 तक किसानों की आय दोगुनी करने की मुहिम के तहत की जा रही है।

## नियुक्ति/निर्वाचन

### ■ डॉ. धर्मपाल जारौली

डॉ. धर्मपाल जारौली को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने 24 फरवरी, 2020 को इस आशय का आदेश जारी किया।

## निधन

### ■ देवेन्द्र सिंह

सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री और विधानसभा के उपाध्यक्ष रहे देवेन्द्र सिंह का 11 जनवरी, 2020 को निधन हो गया। वे राजस्थान विधानसभा से तीन बार विधायक रहे थे।

## पुरस्कार

### ■ प्रदेश को मिला कृषि कर्मण पुरस्कार

राजस्थान को दलहन उत्पादन के लिए वर्ष 2016-14 का कृषि कर्मण पुरस्कार तथा वर्ष 2017-18 का प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 जनवरी, 2020 को कर्नाटक के तुमकुर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार प्रदान किए।

### ■ जानकी देवी बजाज पुरस्कार

बाड़मेर निवासी रूमा देवी को 7 जनवरी, 2020 को मुम्बई में आयोजित एक कार्यक्रम में जानकी देवी बजाज पुरस्कार-2019 (27वां) प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप 10 लाख रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई। उन्हें यह पुरस्कार ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया है।

### ■ महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन पुरस्कार

महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन के अन्तरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा 17 फरवरी, 2020 को की गई।

**इन्हें मिले पुरस्कार:-**

- **अन्तरराष्ट्रीय कर्नल जेम्स टॉड अलंकरण** - डॉ नार्बर्ट पीबॉडी
- **हल्दीघाटी अलंकरण** - राज चेंगप्पा
- **हकीम खां सूर अलंकरण** - कनहर उधास
- **महाराणा उदयसिंह अलंकरण** - देवीलाल धाकड़
- **पन्नाधाय अलंकरण** - पुरनोता दत्ता बहल

### ■ स्वच्छता रैंकिंग : जयपुर एयरपोर्ट तीसरा

जयपुर अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने स्वच्छता के लेकर तीसरा स्थान पाया है। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से 21 फरवरी, 2020 को देशभर के एयरपोर्ट की स्वच्छता रैंकिंग जारी की गई, जिसमें जयपुर को वार्षिक 50 लाख से अधिक यात्री भार वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में तीसरा स्थान दिया गया है।

### ■ ग्राहक सेवा : उदयपुर एयरपोर्ट का दूसरा स्थान

देश के छोटे एयरपोर्ट के लिए किए गए ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में उदयपुर एयरपोर्ट ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा कराए गए इस सर्वे में 20 लाख से कम वार्षिक यात्री भार वाले एयरपोर्ट की श्रेणी में उदयपुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

# 4 राजस्थान सुजस सार

## (जनवरी 2020)

### ■ जन आधार कार्ड

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल स्थित सभागार में निरोगी राजस्थान अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभ सरलता, सुगमता एवं पारदर्शी रूप से आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'एक नम्बर, एक कार्ड, एक पहचान' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पांच महिलाओं को जन आधार कार्ड प्रदान कर 'जन आधार कार्ड योजना का शुभारम्भ किया।

### ■ किसान सम्मेलन

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक हजार करोड़ रुपए के 'किसान कल्याण कोष' का शुभारंभ किया और 'राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति-2019' जारी की। साथ ही प्रदेश के किसानों को खेती की आधुनिकतम तकनीक से जोड़ने के लिए 'कृषि ज्ञान धारा कार्यक्रम' की शुरुआत की।

### ■ प्रदेश के पहले जनता क्लिनिक का शुभारंभ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के वाल्मीकि नगर में प्रदेश के पहले 'जनता क्लिनिक' का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में जयपुर में 12 और जोधपुर में 3 जनता क्लिनिक खोले जाएंगे।

### ■ आईएम शक्ति का शुभारंभ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महिला सशक्तीकरण को समर्पित एक हजार करोड़ रुपए की इंदिरा महिला शक्ति (आईएम शक्ति) निधि की योजनाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बजट 2019-20 में इसकी घोषणा की थी। इस निधि के तहत संचालित योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने, उनके कौशल विकास के साथ ही आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस निधि से उद्यम के लिए ऋण अनुदान के तहत पांच हजार महिला स्वयं सहायता समूहों यानी उनसे जुड़ी करीब 50 हजार महिलाओं को सीध ा लाभ मिलेगा।

### ■ राजस्थान औद्योगिक विकास नीति, रिप्स, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, सौर ऊर्जा नीति, पवन एवं हाइब्रिड ऊर्जा नीति का शुभारंभ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में आयोजित एक समारोह में प्रदेश के औद्योगिक विकास की दुष्टि से पांच नीतियों- राजस्थान औद्योगिक विकास नीति, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, राजस्थान सौर ऊर्जा नीति तथा राजस्थान पवन एवं हाइब्रिड ऊर्जा नीति-2019 का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न श्रेणियों में 42 उद्यमियों को राजस्थान उद्योग रत्न तथा राजस्थान निर्यात पुरस्कार प्रदान किए। ऊर्जा मंत्री बीडी कल्ला ने बताया कि सौर ऊर्जा उत्पादन के मामले में राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। नई नीतियों में वर्ष 2024-25 तक 30 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा तथा 4 हजार मेगावाट पवन ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उद्योग मंत्री परसादीलाल मीणा ने बताया कि राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स)-2019 को अधिक सरल एवं सुगम बनाया गया है। इसमें पात्र उद्योगों को विद्युत कर, स्टांप शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है।

### ■ राज्य में मिलेगा खेल संस्कृति को बढ़ावा

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2 जनवरी, 2020 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह में 'स्टेट गेम्स-2020' का शुभारंभ किया। प्रदेश में पहली बार राज्य खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

### ■ पोलियो अभियान का शुभारंभ

राज्य में पोलियो का अंतिम मामला नवम्बर, 2009 में सामने आया था। देश में जनवरी, 2001 के बाद पोलियो का एक भी प्रकरण सामने नहीं आया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 27 मार्च, 2014 को भारत को पल्स पोलियो मुक्त घोषित किया।

### ■ राजस्थान पुलिस अकादमी देश में सर्वश्रेष्ठ

केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी को अराजपत्रित अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी घोषित किया है। वहीं राजपत्रित

अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु उत्तरी जोन की सर्वश्रेष्ठ अकादमी के रूप में चयनित किया है। आजादी के बाद राजस्थान का पहला पुलिस प्रशिक्षण संस्थान चित्तौड़गढ़ के किले में 1950 में स्थापित किया गया था। फिर इसे किशनगढ़ में स्थानांतरित किया गया। वर्ष 1975 में इसे जयपुर में स्थानांतरित किया गया और इसे राजस्थान पुलिस अकादमी के रूप में अपग्रेड किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन 3 जुलाई, 1978 को किया गया।

## ■ कुम्भलगढ़ महोत्सव

कुम्भलगढ़ दुर्ग पर 01-02 दिसम्बर, 2019 को पर्यटन एवं कला संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन राजसमन्छ के संयुक्त तत्वावधान में कुम्भलगढ़ महोत्सव का आयोजन किया गया।

## ■ अन्तरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव

पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से 11-12 जनवरी को बीकानेर में अन्तरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का आयोजन किया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से ऊंटों का विशेष महत्व है। 'गंगा रिसाला' रियासतकालीन बीकानेर सेना में ऊंटों की एक टुकड़ी थी, जिसने दोनों विश्वयुद्धों में भाग लिया।

## ■ राजस्थान में राष्ट्रीय पुस्तक मेला

उदयपुर में 12-20 अक्टूबर, 2019 को राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य थीम महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ रखी गई। विश्व पुस्तक मेले का आयोजन देश में हर साल 3 से 4 स्थानों पर होता है।

## ■ कला मेला

राजस्थान ललित कला अकादमी और जवाहर कला केन्द्र की ओर से 3-7 जनवरी, 2020 को जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कला मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ कला एवं संस्कृति मंत्री बीडी कल्ला ने किया।

## ■ चार्ल्स बोनेट सिण्ड्रोम

चार्ल्स बोनेट सिण्ड्रोम नेत्र रोग है। इसमें मरीज बहकी-बहकी बाते करता है। उसे घर में, अपने पास या फिर दूर, दीवारों पर परिछाईयां दिखाई देती हैं। सामान्य भाषा में इसे मोतियाबिन्द का पकना कहते हैं।

## ■ कोटा खुला विश्वविद्यालय

दूरस्थ शिक्षा के लिए कोटा में 23 जुलाई, 1987 को कोटा खुला विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी। 21 सितम्बर, 2002 को इसका नाम बदलकर वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय रखा गया।

# 5 रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी

## जीसैट-30

संचार उपग्रह जीसैट-30 का प्रक्षेपण 17 जनवरी, 2020 को फ्रेंच गुआना के कौरू से किया गया। जीसैट-30 को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के रॉकेट एरियन-5 द्वारा एक अन्य उपग्रह यूटेलसैट के यूटेलसैट कनेक्ट के साथ प्रक्षेपित किया गया। यह वर्ष 2005 में भेजे गए INSAT-4A उपग्रह का स्थान लेगा।

**यह काम करेगा:-** 15 वर्षों तक जीसैट-30 डीटीएच टेलीविजन सेवा, एटीएम, स्टॉक एक्सचेंज, डिजिटल सैटेलाइट न्यूज गैदरिंग और ई-गवर्नेंस अनुप्रयोगों के लिए वीसैट से कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

## तेजस की आईएनएस विक्रमादित्य पर लैंडिंग

जनवरी, 2020 में पहली बार स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान एमके1 तेजस को विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर उतारा गया। एमके1 तेजस के विमान वाहक पोत की 200 मीटर लंबी हवाई पट्टी पर उतरने एवं उड़ान भरने के साथ ही भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, रूस और चीन के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास पहले से ही ऐसी क्षमता है।

**यह भी जानें:-** एमके1 तेजस एक स्वदेशी लड़ाकू विमान है इसे एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह सबसे छोटे-हल्के वजन का एकल इंजन युक्त बहु-भूमिका निभाने वाला एक सामरिक लड़ाकू विमान है। इसे भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना के लिए सिंगल-सीट फाइटर एवं दो सीट वाला ट्रेनर वेरिएंट के रुप में विकसित किया जा रहा है।

## के-4 का सफल परीक्षण

परमाणु हमला करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल के-4 का पनडुब्बी सफल परीक्षण 19 व 24 जनवरी, 2020 को आन्ध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम से किया गया। इस मिसाइल का विकास डीआरडीओ द्वारा किया गया है। के-4 के पनडुब्बी संस्करण की मारक क्षमता 3500 किमी. तक है।

## सारंग तोप का सफल परीक्षण

स्वदेशी सारंग तोप का 21 जनवरी, 2020 को मध्यप्रदेश के जबलपुर के लॉन्ग प्रूफ रेंज खमरिया में सफल परीक्षण किया गया।

**यह भी जानें:-** सारंग तोप को रूस की 130 एमए सोल्टम गन को 155 एमएम 45 कैविलर में अपग्रेड करके तैयार किया गया है। 39 किमी तक मारक क्षमता वाली इस तोप को वर्ष 2020 में ही नौसेना में शामिल किया जाने की योजना है।

## डार्नियर-228 वायुसेना में शामिल

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया ने 31 दिसम्बर, 2019 को उड़ान सूचना प्रणाली (Flight Information System) से लैस डार्नियर-228 विमान को वायुसेना के 41वें स्क्वाड्रन 'ऑटर्स' में शामिल किया। डार्नियर-228 के इस परिवर्तित संस्करण को वायु सैनिक अड्डों में लागू की गई आधुनिक एयरफील्ड अवसंरचना के बाद लाई गई स्वदेशी नैविगेशन सहायता प्रणाली के साथ समन्वय बनाने के लिए शामिल किया जा रहा है।

## चल्लकेरे में भारतीय मानव मिशन का केन्द्र

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मानव मिशन के लिए कर्नाटक के चित्रदुर्गा स्थित चल्लकेरे में विश्व स्तरीय 'मानव अंतरिक्ष उड़ान केन्द्र स्थापित करेगा। यह केन्द्र तीन वर्ष में तैयार होने का अनुमान है।

## विंग्ड रेडर

भारतीय सेना ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे बड़ा हवाई अभ्यास 'विंग्ड रेडर' 6-10 जनवरी, 2020 को आयोजित किया। यह अभ्यास पैराट्रूपर और हवाई योद्धाओं की तैयार का प्रदर्शन करने के लिए किया गया।

## ह्यूमनॉइड रोबोट 'व्योममित्र'

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र ने 'व्योममित्र' नामक ह्यूमनॉइड रोबोट का प्रदर्शन किया है। इस रोबोट की मुख्य विशेषता यह है कि यह इंसानों की तरह बात कर सकता है। ध्यातव्य है कि गगनयान की उड़ान से पूर्व परीक्षण के तौर पर ह्यूमनॉइड रोबोट 'व्योममित्र' को आकाश में भेजा जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि अंतरिक्ष में तापमान और हृदय संबंधी परिवर्तन मानव शरीर को किस प्रकार प्रभावित करेंगे। इसरो ने मिशन गगनयान के लिए दिसम्बर, 2021 तक की समय सीमा निर्धारित की है।

### सम्प्रीति-2020

मेघालय के उमरोई में 03 से 16 फरवरी, 2020 के बीच भारत और बांग्लादेश के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सम्प्रीति-2020' का संचालन किया गया। इसका उद्देश्य भारत और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच व्यापक स्तर पर अंतर-संचालन और सहयोग को बढ़ाना है। यह दोनों देशों के बीच नौवां अभ्यास था। पहला अभ्यास वर्ष 2009 में किया गया था।

### के-9 वज्र-टी

भारत के रक्षा मंत्री ने जनवरी, 2020 में गुजरात के हजीरा में लार्सन एंड टुब्रो के बख्तरबंद प्रणाली परिसर से के 9 वज्र-टी टैंक की 51वें यूनिट को हरी झंडी दिखाई।

के 9 वज्र-टी 155 मिमी./52-कैलिबर की एक स्वचालित होवित्जर (कम वेग के साथ उच्च प्रक्षेपण पथ पर गोले दागने के लिए एक छोटी बंदूक) टैंक है। पहले दस के 9 वज्र-टी को दक्षिण कोरिया से आयात किया गया है शेष 90 बंदूकें देश में निर्मित की जाएंगी।

### सहयोग काजिन-2020

भारत और जापान के तटरक्षक बलों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सहयोग काजिन- 2020' का आयोजन 16-20 जनवरी, 2020 को तमिलनाडु के चेन्नई तट पर किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को मजबूत बनाना था। वर्ष 2000 में शुरू हुए इस संयुक्त अभ्यास को वार्षिक आधार पर आयोजित किया जाता है।

### ट्रूनाट

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तपेदिक के निदान के लिए भारत के स्वदेशी उपकरण ट्रूनाट को सार्वजनिक करने की स्वीकृति दी। ट्रूनाट टीबी परीक्षण एक नया आणविक परीक्षण है जो एक घंटे में टीबी की जांच कर सकता है और साथ ही यह रिफैम्पिसिन से उपचार के प्रति प्रतिरोध की भी जांच कर सकता है।

### मियावाकी पद्धति

मियावाकी पद्धति की खोज जापानी वनस्पति वैज्ञानिक अकीरा मियावाकी ने की। इस पद्धति में शहरी और अर्द्ध-शहरी क्षेत्र की खाली पड़ी सरकारी भूमि, सरकारी कार्यालय परिसर, आवासीय परिसर, स्कूल परिसर के बैकयार्ड को छोटे बागानों में बदल कर शहरी वनीकरण को बढ़ावा दिया जाता है।

**चर्चा में क्यों** :- केरल के वन विभाग ने शहरी वनीकरण को बढ़ावा देने के लिए राजधानी तिरुवनंतपुरम, वालावत्ती, एर्नाकुलम में नेदुम्बस्सेरी और त्रिशूर जिले के मुदिक्कोड में इस विधि को अपनाया है।

### सारस एमके-2

सारस MK2, 19 सीटों वाला एक विमान है। इसे 50 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है, यह लागत इसी तरह के अन्य विमानों की तुलना में 20-25% कम है। इस पहले स्वदेशी हल्के परिवहन विमान का विकास राष्ट्रीय , ; jkfi b ç; kx' kky k (NAL) ने किया है।

**चर्चा में क्यों**:- NAL ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संसदीय स्थायी समिति से कहा है कि सरकार सारस MK2 का उपयोग उड़ान (UDAN-Ude Desh Ka Aam Nagrik) के तहत करे, क्योंकि इसे अर्द्ध- निर्मित एवं कच्ची हवाई पट्टियों से भी संचालित किया जा सकता है।

**राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला**:-यह देश के नागरिक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने वाली भारत की पहली बड़ी और एकमात्र सरकारी एयरोस्पेस प्रयोगशाला है। इसे वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा वर्ष 1959 में दिल्ली में स्थापित किया गया था। इसके मुख्यालय को वर्ष 1960 में बंगलूरु स्थानांतरित कर दिया गया था।

### 107वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस

कर्नाटक के बेंगलूरु स्थित कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय में 3-7 जनवरी, 2020 को 107वीं 'भारतीय विज्ञान कांग्रेस' का आयोजन किया गया। इसकी थीम 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी: ग्रामीण विकास' थी।

**राष्ट्रीय किशोर वैज्ञानिक सम्मेलन**:- 107वीं भारतीय विज्ञान कॉन्ग्रेस के एक भाग के रूप में 4-5 जनवरी, 2020 को दो दिवसीय 'राष्ट्रीय किशोर वैज्ञानिक सम्मेलन' आयोजित किया गया।

### युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी, 2019 में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (Defence Research and Development Organisation-DRDO) की 5 युवा वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं देश को समर्पित कीं। ये प्रयोगशालाएं देश के पांच शहरों बेंगलूरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद से संचालित होंगी। प्रधानमंत्री ने अगस्त 2014 में आयोजित

DRDO पुरस्कार समारोह के अवसर पर ऐसी प्रयोगशालाओं को शुरू करने की सिफारिश की थी। DRDO की पहले से ही 52 प्रयोगशालाएं हैं।

**यह काम होगा:-** बेंगलूरु स्थित प्रयोगशाला में तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अनुसंधान किया जाएगा। आईआईटी मुंबई स्थित प्रयोगशाला में क्वांटम प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान किया जाएगा। आईआईटी चेन्नई स्थित प्रयोगशाला में संज्ञानात्मक प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान किया जाएगा। जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता स्थित प्रयोगशाला में असममित प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों जो युद्ध लड़ने के तरीके को बदल देंगे, में अनुसंधान किया जाएगा तथा हैदराबाद स्थित प्रयोगशाला में स्मार्ट सामग्री एवं उसके अनुप्रयोग से संबंधित महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान किया जाएगा।

## INS कवरत्ती

रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने फरवरी, 2020 में भारतीय नौसेना को पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'INS कवारत्ती' प्रदान किया है। INS कवारत्ती भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट 28 के तहत डिलीवर की जाने वाली चौथी व अंतिम पनडुब्बी है और इसके 90 प्रतिशत पुर्जे स्वदेशी हैं। भारतीय नौसेना की इस परियोजना के तहत निर्मित INS कामोरता, INS कदमत्त और INS किल्तान की डिलीवरी पहले ही की जा चुकी है। वर्तमान में ये तीनों भारतीय नौसेना के ईस्टर्न फ्लीट का हिस्सा हैं। प्रोजेक्ट 28 को वर्ष 2003 में मंजूरी दी गई थी। इसके तहत निर्मित युद्धपोतों का नाम लक्षद्वीप द्वीप समूह के टापुओं के नाम पर रखा गया है।

## इन्द्रधनुष

24 फरवरी, 2020 को भारतीय वायु सेना और ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश के हिंडन वायु सेना स्टेशन पर इंद्रधनुष युद्धाभ्यास के पांचवें संस्करण की शुरुआत की। यह युद्धाभ्यास भारतीय वायुसेना और रॉयल एयर फोर्स को अपने-अपने देश के प्रतिष्ठानों को आतंकी खतरों से निपटने हेतु मान्य रणनीतियों और युक्तियों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

## यार्ड 45006 वज्र

चेन्नई में तटीय सुरक्षा बढ़ाने हेतु तटरक्षक अपतटीय गश्ती पोत (Offshore Patrol Vessel-OPV-6) 'यार्ड 45006 वज्र' को 27 फरवरी, 2020 को लॉन्च किया गया। यह पोत केंद्र सरकार की 'मेक इन इंडिया' नीति के तहत लार्सन एंड टुब्रो शिप बिल्डिंग द्वारा डिजाइन एवं विकसित की जा रही सात अपतटीय गश्ती पोत प्रोजेक्ट की श्रृंखला में 6वाँ है। इस पोत द्वारा लगभग 7500 किमी. विशाल भारतीय तटरेखा और अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के लगभग 20 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

EEZ: EEZ बेसलाइन से 200 नॉटिकल मील की दूरी तक फैला होता है। इसमें तटीय देशों को सभी प्राकृतिक संसाधनों की खोज, दोहन, संरक्षण और प्रबंधन का संप्रभु अधिकार प्राप्त होता है।

## सोलर ऑर्बिटन प्रोब

राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन और यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी ने 9 फरवरी, 2020 को सूर्य के ध्रुवों के मापन के लिए फ्लोरिडा से एक नए सोलर ऑर्बिटर प्रोब को लॉन्च किया है। इस मिशन का उद्देश्य सूर्य की सतह पर लगातार उड़ने वाले आवेशित कणों, सौर हवा, सूर्य के अंदर के चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करना है।

## अजेय वारियर-2020

भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास अजेय वारियर-2020 का पांचवां संस्करण 13-26 फरवरी, 2020 के मध्य यूनाइटेड किंगडम के सेलिसबरी मैदान में आयोजित किया गया।

**उद्देश्य :** इसका उद्देश्य शहरी तथा अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में विद्रोह तथा आतंकवादी क्रियाकलापों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु संयुक्त सामरिक स्तर पर अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ावा प्रदान करना है। इस अभ्यास के अंतर्गत दोनों देशों की सेनाओं द्वारा आपसी कौशल में वृद्धि करने तथा अनुभवों के आदान-प्रदान पर बल दिया जाता है। इस सैन्य अभ्यास द्वारा भारत और यूनाइटेड किंगडम की सेनाओं के बीच सकारात्मक सैन्य संबंधों को स्थापित करने तथा बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है।

# 6 आर्थिक घटनाक्रम

## ■ 'वन नेशन-वन कार्ड' योजना

देश के 12 राज्यों में 1 जनवरी, 2020 को राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी के तहत 'वन नेशन-वन कार्ड' योजना लागू कर दी गई। इन राज्यों के 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना' के लाभार्थी एक-दूसरे राज्य से राशन दुकान से गेहूं प्राप्त कर सकेंगे।

**इन राज्यों में हुई शुरुआत:-** आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, केरल, मध्यप्रदेश, गोवा, त्रिपुरा व झारखंड।

## ■ सब्जी उत्पादन में पश्चिम बंगाल शीर्ष पर

केन्द्र सरकार ने राज्यवार बागवानी उत्पादन के आंकड़े जनवरी, 2020 में जारी किए। इन आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2018-19 में 2.95 करोड़ टन सब्जी उत्पादन के साथ पश्चिम बंगाल का देश में शीर्ष स्थान रहा। वहीं, 2.77 टन के साथ उत्तर प्रदेश ने दूसरा व 1.77 टन के साथ मध्यप्रदेश ने तीसरा स्थान पाया।

- **शीर्ष फल उत्पादक:-** आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश
- **शीर्ष मसाला उत्पादक:-** मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात
- **शीर्ष पुष्प फसल उत्पादक:-** तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, आन्ध्रप्रदेश
- **शीर्ष बागान फसल उत्पादक:-** केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु

## ■ राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक 2019

ऊर्जा मंत्रालय ने 10 जनवरी, 2020 को राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक (State Energy Efficiency Index) 2019 जारी किया। यह सूचकांक 97 महत्त्वपूर्ण संकेतकों के आधार पर 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (29 राज्य और 7 केंद्रशासित प्रदेश) में ऊर्जा दक्षता पहल की प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान करता है। (वर्तमान में देश में 28 राज्य और 9 केंद्र शासित प्रदेश हैं)। इस सूचकांक को ऊर्जा दक्ष अर्थव्यवस्था हेतु गठबंधन (Alliance for an Energy Efficient Economy-AEEE) तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency-BEE) द्वारा मिलकर विकसित किया गया है।

'फ्रंट रनर' समूह में किसी भी राज्य को स्थान नहीं मिला है। हरियाणा, केरल और कर्नाटक वर्ष 2019 के लिए 'अचीवर' समूह में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं। मणिपुर, जम्मू-कश्मीर, झारखंड और राजस्थान 'एस्पिरेंट' समूह में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्य हैं।

## ■ कोलकाता पोर्ट अब डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट

कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट का नाम अब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर होगा। जनवरी, 2020 में कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह निर्णय किया गया।

**यह भी जानें:-** कोलकाता बंदरगाह देश का एकमात्र नदी बंदरगाह है जो समुद्र से 203 किमी. की दूरी पर स्थित है। यह हुगली नदी पर स्थित है। इस नदी में कई तीव्र मोड़ होने के कारण इसे एक कठिन नौवहन मार्ग माना जाता है। इस मार्ग को वर्ष भर नौवहन योग्य बनाए रखने के लिए निष्कर्षण संबंधी गतिविधियां चलती रहतीं हैं।

## ■ सक्षम-2020

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने 16 जनवरी, 2020 को पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (Petroleum Conservation Research Association-PCRA) के वार्षिक जन केंद्रित ईंधन संरक्षण मेगा अभियान 'सक्षम 2020' का शुभारंभ किया। इसका पूरा नाम संरक्षण क्षमता महोत्सव है। इस अभियान का उद्देश्य जन केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से ईंधन संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना है।

## ■ मणि एप

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने हाल ही में मोबाइल एप 'मोबाइल एडेड नोट आइडेंटिफायर' (Mobile Aided Note Identifier- MANI) लॉन्च किया है। इस एप से दृष्टिबाधित लोगों को करेंसी नोटों के मूल्य की पहचान करने में मदद मिलेगी।

## ■ राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद

केंद्र सरकार ने जनवरी, 2020 में राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद को अधिसूचित किया है। राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री द्वारा की जाएगी।

**उद्देश्य**:- नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा, सतत् आर्थिक विकास को बढ़ावा, स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन, बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ विनियामक अनुपालन और लागत को कम करते हुए व्यापार शुरू करने, उसे संचालित, विकसित और बंद करने की प्रक्रिया को आसान बनाना।

## WESO Trends Report

संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (UN International Labour Organization- ILO) ने जनवरी, 2020 में विश्व रोजगार और सामाजिक दृष्टिकोण रुझान रिपोर्ट (World Employment and Social Outlook Trends Report-WESO Trends Report), 2020 को प्रकाशित किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में वैश्विक बेरोजगारी में लगभग 2.5 मिलियन की वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में बेरोजगारों की संख्या लगभग 188 मिलियन है। इसके अलावा लगभग 165 मिलियन लोगों के पास पर्याप्त आय वाला रोजगार नहीं है और लगभग 120 मिलियन लोग या तो सक्रिय रूप से काम की तलाश में हैं या श्रम बाजार तक पहुंच से दूर हैं।

**भारत में बेरोजगारी से संबंधित आंकड़े**:-

- CMIE की अक्टूबर 2019 रिपोर्ट के अनुसार भारत में शहरी बेरोजगारी दर 8.9% और ग्रामीण बेरोजगारी दर 8.3% अनुमानित है। उल्लेखनीय है अक्टूबर 2019 में भारत की बेरोजगारी दर बढ़कर 8.5% हो गई, जो अगस्त 2016 के बाद का उच्चतम स्तर है।
- रिपोर्ट के अनुसार राज्य स्तर पर सबसे अधिक बेरोजगारी दर त्रिपुरा (27%) हरियाणा (23.4%) और हिमाचल प्रदेश (16.7) में आंकी गई। जबकि सबसे कम बेरोजगारी दर तमिलनाडु (1.1%), पुड्डुचेरी (1.2%) और उत्तराखंड (1.5%) में अनुमानित है।

**अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन**:- यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है, जो श्रम संबंधी समस्याओं/मामलों, मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय श्रम मानक, सामाजिक संरक्षा तथा सभी के लिए कार्य अवसर जैसे मामलों को देखती है। इसकी स्थापना प्रथम विश्वयुद्ध के पश्चात् 'लीग ऑफ नेशन्स' की एक एजेंसी के रूप में सन् 1919 में की गई थी। भारत इस संगठन का संस्थापक सदस्य रहा है। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में स्थित है और वर्तमान सदस्य संख्या 187 है।

## रिलायंस जियो सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी

भारत के दूरसंचार नियामक ट्राई (TRAI) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार रिलायंस जियो भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी बन गई है। नवम्बर, 2019 तक जियो के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 36.9 करोड़ थी, जबकि दूसरे नम्बर पर रही भारती एयरटेल के ग्राहकों की संख्या 32.73 करोड़ थी।

## IMF ने घटाया अनुमान

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund-IMF) ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.1 प्रतिशत से घटाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। IMF के अनुसार मुख्य रूप से गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र की तनावग्रस्तता तथा ग्रामीण क्षेत्र की आय में कमजोर वृद्धि के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान कम किया गया है।

## विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन

विश्व आर्थिक मंच का 50वां सम्मेलन जनवरी, 2020 में स्विट्जरलैण्ड के दावोस में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विश्व के प्रमुख नेताओं के साथ 100 से अधिक कम्पनियों के सीईओ ने भाग लिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व किया।

**उद्देश्य**:- सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य पारिस्थितिकीय तंत्र, अर्थव्यवस्था, उद्योग, प्रौद्योगिकी, भू-राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में सार्वजनिक निजी भागीदारी और सहयोग को बढ़ाना रहा।

## वुमन बिजनेस एंड लॉ सूचकांक 2020

महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को मापने के लिए जनवरी, 2020 में विश्व बैंक की ओर से 'वूमन बिजनेस एंड लॉ 2020 सूचकांक जारी किया गया है। 190 देशों को लेकर जारी किए गए सूचकांक में भारत 117वें पायदान (74.4 अंक) पर रहा। इस सूचकांक के तहत औसत वैश्विक अंक 75.2 दर्ज किया गया।

**ये रहे आधार**:- सूचकांक के लिए जून, 2017 से सितम्बर, 2019 के बीच सर्वेक्षण किया गया। इसमें निम्न 8 संकेतकों का प्रयोग किया गया- 1. गतिशीलता, 2. कार्य स्थल, 3. वेतन, 4. विवाह, 5. पितृत्व, 6. उद्यमिता, 7. संपत्ति, 8. पेंशन।

**इन देशों का 100 स्कोर**:- बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, लातविया, लक्जमबर्ग और स्वीडन ने सूचकांक में पूर्ण 100 स्कोर प्राप्त किया।

## विश्व भविष्य ऊर्जा शिखर सम्मेलन

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में 13-16 जनवरी, 2020 के बीच विश्व भविष्य ऊर्जा शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 170 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसका विषय 'ऊर्जा के वैश्विक उपभोग, उत्पादन और निवेश पर पुनर्विचार' रहा।

## वैश्विक सामाजिक गतिशीलता सूचकांक

विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum-WEF) द्वारा जनवरी, 2020 में पहला सामाजिक गतिशीलता सूचकांक जारी किया गया है। 82 देशों को लेकर तैयार किए गए सूचकांक में भारत 42.7 के स्कोर के साथ 76वें स्थान पर है।

**ये रहे शीर्ष देश**:-

| स्थान | देश | स्कोर |
|---|---|---|
| 1 | डेनमार्क | 85.2 |
| 2 | फिनलैंड | 83.6 |
| 3 | नॉर्वे | 83.6 |
| 4 | स्वीडन | 83.5 |
| 5 | आइसलैंड | 82.7 |

**ये रहे आधार**:-सूचकांक का निर्धारण पांच प्रमुख आयामों तथा इनके अंतर्गत 10 स्तंभों के आधार पर किया गया है जो इस प्रकार हैं-

1. स्वास्थ्य
2. शिक्षा:- पहुंच, गुणवत्ता और समानता व आजीवन अध्ययन
3. प्रौद्योगिकी
4. कार्य:- अवसर, मजदूरी, शर्तें
5. संरक्षण और संस्थाएं:- सामाजिक संरक्षण और समावेशी संस्थान

---

**विश्व आर्थिक मंच**:- यह एक गैर-लाभकारी एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन है, इसकी स्थापना 1971 में स्विट्ज़रलैंड (जिनेवा) में हुई। यह संगठन वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आकार देने के लिए व्यापार, राजनीतिक, शैक्षणिक और समाज के अन्य नेताओं को एक साथ वैश्विक मंच पर लाकर स्थिति में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध करता है।

## बेजोस सर्वाधिक धनी व्यक्ति

फरवरी, 2020 में जारी 'हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट' में अमेजन के संस्थापक और सीईओ जेफ बेजोस को 140 अरब डॉलर की सम्पत्ति के साथ विश्व का सर्वाधिक धनी व्यक्ति बताया गया है। एलवीएमएच के बर्नार्ड आरनॉल्ड 107 अरब डॉलर के साथ दूसरे तथा माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स 106 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। वहीं रिलायंस समूह के मुकेश अम्बानी इस सूची में 67 अरब डॉलर की सम्पत्ति के साथ 9वें स्थान पर हैं। अम्बानी अकेले भारतीय हैं, जिन्होंने टॉप-10 में स्थान बनाया है।

## 'संतुष्ट' पोर्टल

केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्रालय ने श्रमिकों व रोजगार प्रदाताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए 'संतुष्ट' नाम से पोर्टल लॉन्च किया है। पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की सेवाओं के साथ-साथ कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सेवाओं की निगरानी भी की जाएगी।

**उद्देश्य**:- इसका उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही, सार्वजनिक सेवाओं का प्रभावी वितरण तथा नीतियों का क्रियान्वयन, निरंतर निगरानी के माध्यम से जमीनी स्तर पर श्रम और रोजगार मंत्रालय की योजनाओं को बढ़ावा देना है।

## वैश्विक बौद्धिक सम्पदा सूचकांक-2020

यूएस चौंबर ऑफ कॉमर्स ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर की ओर से फरवरी, 2020 में अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक-2020 जारी किया गया। सूचकांक का शीर्षक है 'आर्ट ऑफ द पॉसिबल'। 53 देशों की सूची में भारत को 40वां स्थान प्राप्त हुआ है। गत वर्ष भारत 36वें स्थान पर था।

**शीर्ष 5 देश**:- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, स्वीडन एवं जर्मनी।

## अमेरिका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

चीन को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका अब भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार देश बन गया है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा फरवरी, 2020 में जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018-19 में भारत और अमेरिका के बीच 87.95 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जबकि चीन के साथ इसी अवधि में 87.07 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ।

## ■ वधावन बंदरगाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र के दहानु के पास वधावन बंदरगाह स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह बंदरगाह को 'लैंडलॉर्ड पोर्ट मॉडल' के तहत विकसित किया जाएगा। वधावन बंदरगाह के विकास के चलते 16000–25000 टीईयू क्षमता के कंटेनर जहाजों का परिचालन आसान हो जाएगा, जिससे परिवहन लागत में कमी आएगी। वाधवन बंदरगाह के विकास के साथ भारत विश्व के शीर्ष 10 कंटेनर बंदरगाहों वाले देशों में शामिल हो जाएगा।

## ■ मिशन पूर्वोदय

पूर्वी भारत में एकीकृत इस्पात केंद्र बनाने के लिए इस्पात मंत्रालय ने फरवरी, 2020 में मिशन पूर्वोदय की शुरुआत की। इसका उद्देश्य पूर्वी भारत में एकीकृत इस्पात केंद्र की स्थापना के माध्यम से विकास में तेजी लाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार लॉजिस्टिक और ढांचागत उपयोग में बदलाव लाना चाहती है जिससे पूर्वी क्षेत्र में सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य बदल सकता है। इस मिशन को पूरा करने के लिए जापान, भारत का सहभागी देश है।



# 7 खेल जगत्

## क्रिकेट

### ■ भारत-श्रीलंका टी-20 सीरीज

भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का आयोजन 5-10 जनवरी, 2020 के बीच किया गया। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया, जबकि शेष दोनों मैचों में भारत ने श्रीलंका को हराकर सीरीज जीत ली। भारत के नवदीप सैनी को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

### ■ भारत-ऑस्ट्रेलिया वन-डे सीरीज

14-19 जनवरी, 2020 के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों वन डे सीरीज का आयोजन किया गया। भारत ने मेहमान टीम को 2-1 से पराजित कर सीरीज अपने नाम की। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

### ■ अंडर-19 विश्वकप

अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी- 09 फरवरी, 2020 में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में किया गया। प्रतियोगिता में 16 देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। 9 फरवरी को पोचेफस्ट्रूम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत को डकवर्थ लुइस नियम के अन्तर्गत 3 विकेट से हराकर खिताब जीता। बांग्लादेश के अकबर अली को प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच घोषित किया गया। जबकि भारत के यशस्वी जायसवाल को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। भारतीय टीम के कप्तान प्रियम गर्ग और बांग्लादेश के कप्तान अकबर अली थे।

### ■ भारत-न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का आयोजन न्यूजीलैंड में 24 जनवरी-02 फरवरी, 2020 को किया गया। भारत ने मेजबान टीम को 5-0 से हराकर खिताब जीता। भारत के के.एल.राहुल को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली थे।

### ■ भारत-न्यूजीलैंड वन-डे सीरीज

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वन-डे सीरीज का आयोजन न्यूजीलैंड में 05-11 फरवरी, 2020 को किया गया। न्यूजीलैंड ने भारत को 5-0 से हराकर खिताब जीता। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली थे।

**रॉस टेलरः**- न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बल्लेबाज रॉस टेलर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के साथ टेस्ट सीरीज में टेलर ने 100वा टेस्ट मैच खेला। इसके अलावा उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए कुल 231 वन-डे और 100 टी-20 भी खेले हैं।

### ■ भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैण्ड वन-डे सीरीज

भारत-ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैण्ड महिला क्रिकेट टीमों के बीच 31 जनवरी-12 फरवरी, 2020 के बीच त्रिकोणीय सीरीज का आयोजन किया गया। 12 फरवरी को खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर खिताब जीता। ऑस्ट्रेलिया की मेथ मूनी को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर थीं।

## टेनिस

### ■ एटीपी कप

पुरुषों की टेनिस प्रतियोगिता एटीपी कप 2020 का आयोजन 3-12 जनवरी, 2020 के बीच ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसवेन, पर्थ और सिडनी में किया गया। प्रतियोगिता में दो एकल व एक युगल मुकाबला हुआ। 12 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच में सर्बिया ने स्पेन को 2-1 से पराजित कर खिताब जीता।

**ये रहे विजेताः-**

**एकल (1) -**
- **विजेता** - रॉबर्टो बतिस्ता अगुट (स्पेन)
- **उपविजेता** - डुसान लाजोविच (सर्बिया)

**एकल (2) -**
- **विजेता** - नोवाक जोकोविक (सर्बिया)
- **उपविजेता** - राफेल नडाल (स्पेन)

**युगल-**

- **विजेता**-नोवाक जोकोविक (सर्बिया) व विक्टर ट्रोइकी (स्पेन)
- **उपविजेता**-फेलिसियानो लोपेज (सर्बिया) व पाब्लो कारेनो बुस्टा (सर्बिया)

### होबार्ट इंटरनेशनल खिताब

भारत की टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने होबार्ट इंटरनेशनल का खिताब जीता। उन्होंने 18 जनवरी, 2020 को यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ मिलकर डब्ल्यूटीए का यह खिताब अपने नाम किया। इस जोड़ी ने फाइनल में शुआई पेंग और शुआई झांग की जोड़ी को हराया।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन

वर्ष 2020 के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट 'ऑस्ट्रेलियाई ओपन' का आयोजन 20 जनवरी-02 फरवरी, 2020 को किया गया। पुरुष एकल का खिताब सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने जीता। यह उनके कॅरियर का 17वां ग्रैंड स्लैम है।

**ये रहे विजेता:-**

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल-** | **विजेता-** | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) |
| | **उपविजेता-** | डोमोनिक थिएम (ऑस्ट्रिया) |
| **महिला एकल** | **विजेता-** | सोफिया केनिन (अमेरिका) |
| | **उपविजेता-** | गार्बीन मुगुरुजा (स्पेन) |
| **पुरुष युगल-** | **विजेता-** | राजीव राम (अमेरिका) व जोए सैलिसबुरी (ब्रिटेन) |
| | **उपविजेता-** | मैक्स पुरसैल (ऑस्ट्रेलिया) व ल्यूक सेविले (ऑस्ट्रेलिया) |
| **महिला युगल-** | **विजेता -** | टीमिया बाबोस (हंगरी) व क्रिस्टीना म्लाडेनोविक (फ्रांस) |
| | **उपविजेता-** | ह्सीह सू वी (चीनी ताइपे) व बारबोरा स्त्रीकोवा (चैक गणराज्य) |
| **मिश्रित युगल-** | **विजेता -** | बारबोरा क्रेजसीकोवा (चैक गणराज्य) व निकोला मैक्टिक (क्रोएशिया) |
| | **उपविजेता-** | बेथानी मॉटेक सैण्ड्स (अमेरिका) व जेमी मुरे (ब्रिटेन) |

## शतरंज

### हेस्टिंग्स अन्तरराष्ट्रीय शतरंज कॉन्ग्रेस

भारत के पी. मंगेश चंद्रन ने इंग्लैंड के हेस्टिंग्स में आयोजित 95वां हेस्टिंग्स अंतरराष्ट्रीय शतरंज कॉन्ग्रेस का खिताब जीता। ग्रैंड मास्टर चंद्रन ने 06 जनवरी, 2020 को अंतिम दौर में भारत के ही ग्रैंडमास्टर जी.ए. स्टेनी के साथ ड्रा खेलते हुए 9वें दौर में साढ़े सात अंक अर्जित कर खिताब अपने नाम किया।

### कान ओपन शतरंज प्रतियोगिता

34वीं कान ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 17-23 फरवरी, 2020 को फ्रांस के कान में किया गया। भारत 13 वर्षीय ग्रैंड मास्टर डी. गुकेश ने फ्रांस के हरुतुन बार्गेसेयन को हराकर खिताब जीता।

## वालीबॉल

### फैडरेशन कप

वॉलीबॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 33वें फैडरेशन कप का आयोजन 15-21 फरवरी, 2020 के बीच राजस्थान के चित्तौडगढ़ में किया गया। पुरुष वर्ग का खिताब कर्नाटक तथा महिला वर्ग का खिताब केरल ने जीता। जबकि क्रमशः तमिलनाडु व रेलवे उपविजेता रहे।

## कुश्ती

### रोम रैंकिंग सीरीज कुश्ती चैम्पियनशिप-2019

इटली के रोम में 15-18 जनवरी, 2020 को United World Wrestling की मेटियों पेल्लीकोन रोम रैंकिंग सीरीज में भारत ने कुल 7 (4 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य) पदक हासिल किए।

**पदक विजेता:-**

- **स्वर्ण-** बजरंग पूनिया, रवि कुमार दहिया, विनेश फोगाट व गुरप्रीत सिंह
- **रजत-** अंशू मलिक व सुनील कुमार
- **कांस्य** - साजन भानवाल

### सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप

सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप का आयोजन 18-23 फरवरी, 2020 के बीच दिल्ली में किया गया। प्रतियोगिता में भारत ने कुल 20 पदक (5 स्वर्ण, 6 रजत व 9 कांस्य) हासिल किए।

**भारत के पदक विजेताः-**

- **स्वर्ण** - रवि कुमार दहिया, सुनील कुमार, पिंकी, सरिता मोर, दिव्या काकरान।
- **रजत**- बजरंग पूनिया, जितेन्द्र कुमार, गौरव बालियान, सत्यव्रत कादियान, निरमा देवी, साक्षी मलिक।
- **कांस्य** - राहुल अवारे, दीपक पूनिया, अर्जुन हालाकुर्की, आशू, आदित्य कुंडू, हरदीप सिंह, विनेश फोगाट, अंशू मलिक, गुरुशरण प्रीत कौर।

## निशानेबाजी

### मेयटन कप

मेयटन कप प्रतियोगिता का आयोजन जनवरी, 2020 में ऑस्ट्रिया में किया गया। प्रतियोगिता में भारतीय निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और दिव्यांश सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किए। साथ ही दीपक कुमार और अंजुम मौदगिल ने कांस्य पदक जीते।

## बैडमिंटन

### प्रीमियर बैडमिंटन लीग

भारतीय बैडमिंटन संघ के पांचवे प्रीमियर बैडमिंटन लीग (PBL) का आयोजन 20 जनवरी-09 फरवरी, 2020 के बीच किया गया। 9 फरवरी को हैदराबाद में खेले गए फाइनल मैच में बेंगलूरु रैप्टर्स ने नॉर्थईस्टर्न वारियर्स को 4-2 से हराकर खिताब जीता।

## बॉक्सिंग

### नेशंस कप

9वें नेशंस कप का आयोजन जनवरी, 2020 में सर्बिया के सामवोर में किया गया। प्रतियोगिता में भारत ने 4 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 6 पदक जीते।

**पदक विजेताः-**

रजत - मोनिका, रितु ग्रेवाल, मीना कुमारी व भाग्यवती

कांस्य - पवित्रा व वासुपुत्री पाविलो

## स्नूकर

### राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप

आदित्य मेहता ने राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप का खिताब जीता। उन्होंने 9 फरवरी, 2020 को हुए फाइनल मैच में पंकज आडवाणी को 6-2 से हराया। वहीं, महिलाओं के फाइनल में कर्नाटक की विद्या पिल्लै ने मध्यप्रदेश की एमी कमानी को 3-2 से हराकर खिताब जीता।

## चर्चित खिलाड़ी

### जैक्लीन विलियम्स

वेस्टइंडीज की जैक्लीन विलियम्स ने पुरुष अन्तरराष्ट्रीय मैच में थर्ड अम्पायर की भूमिका निभाने वाली पहली महिला होने का गौरव हासिल किया गया है। जैक्लीन ने 15 जनवरी, 2020 को वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच हुए टी-20 मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

### मनजोत कालरा

विगत वर्ष अंडर-19 विश्वकप में शतक लगाने वाले बाएं हाथ के ओपनर बल्लेबाज मनजोत कालरा को उम्र के संबंध में धोखाधड़ी करने के आरोप में दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (DDCA) ने रणजी ट्रॉफी से एक साल के लिए निलंबित कर दिया है।

### सरबजीत कौर

महिला भारोत्तोलक सरबजीत कौर पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) ने डोपिंग के कारण 4 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अनुसार, डोपिंग रोधी अनुशासन समिति ने सरबजीत कौर को डोपिंग के नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया है। इससे पूर्व भी सरबजीत कौर को प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी पाया गया था।

### मारिया शारापोवा

पांचवीं ग्रैंड स्लैम विजेता रूस की टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा ने 32 वर्ष की उम्र में सन्यास लेने की घोषणा की है। ज्ञात हो कि वर्ष 2016 में मारिया शारापोवा को डोपिंग के आरोप में 15 माह के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था, जिसके पश्चात् अप्रेल, 2017 में उन्होंने वापसी की थी। मारिया शारापोवा पहली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 5 बार ग्रैंड स्लैम चौंपियनशिप जीती है।

### रानी रामपाल

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने जनवरी, 2020 में 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीता है। वे यह पुरस्कार पाने वाली पहली भारतीय हैं। 'द वर्ल्ड गेम्स' ने विश्व भर के खेल प्रेमियों द्वारा 20 दिन के मतदान के बाद 30 जनवरी, 2020 को विजेता की घोषणा की है। यह पुरस्कार शानदार प्रदर्शन, सामाजिक सरोकार और अच्छे व्यवहार हेतु खिलाड़ियों को दिया जाता है। रानी रामपाल के नेतृत्व में ही देश की महिला हॉकी टीम ने वर्ष 2017 में एशिया कप जीता था।

## मपप्रीत सिंह

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह को फरवरी, 2020 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया। मनप्रीत पहले भारतीय हैं जिन्हें FIH द्वारा प्लेयर ऑफ ईयर चुना गया है। इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1999 में हुई थी।

## पुलेला गोपीचंद

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) ने फरवरी, 2020 में भारतीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद को 2019 कोच लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। पुलेला गोपीचंद को पुरुष वर्ग में 'ऑनरेबल मेंशन' से नवाजा गया है। वे इस सम्मान को पाने वाले पहले भारतीय हैं। IOC कोच 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' विश्व भर के ऐसे कोचों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचानने में योगदान देता है, जिन्होंने ओलंपिक खेलों में खिलाड़ियों को विकसित करने तथा प्रोत्साहित करने हेतु कार्य किया है।

# अन्य

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स

तीसरे 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' का आयोजन 10–22 जनवरी, 2020 को गुवाहाटी (असम) में किया गया। इन खेलों का शुभंकर 'विजय द टाइगर' और 'जया द ब्लैकबक' था। महाराष्ट्र ने सर्वाधिक पदक जीतकर लगातार दूसरी बार 'खेलो इंडिया युवा खेल' ट्रॉफी जीती। असम की शिवांगी शर्मा तैराकी में 5 स्वर्ण और 2 रजत सहित कुल 7 पदक जीतकर इन खेलों में सर्वाधिक सफल खिलाड़ी रहीं।

**पदक तालिका:-**

| रैंक | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | 78 | 77 | 101 | 256 |
| 2 | हरियाणा | 68 | 60 | 72 | 200 |
| 3 | दिल्ली | 39 | 36 | 47 | 122 |
| 4 | कर्नाटक | 32 | 26 | 22 | 80 |
| 5 | उत्तरप्रदेश | 29 | 28 | 30 | 87 |
| 6 | तमिलनाडु | 22 | 32 | 22 | 76 |
| 7 | असम | 20 | 22 | 34 | 76 |
| 8 | पश्चिम बंगाल | 19 | 14 | 20 | 53 |
| 9 | गुजरात | 16 | 16 | 20 | 52 |
| 10 | पंजाब | 16 | 15 | 28 | 59 |
| 11 | राजस्थान | 15 | 24 | 12 | 51 |

## 2024 विंटर यूथ ओलम्पिक दक्षिण कोरिया में

वर्ष 2024 में होने वाले विंटर यूथ ओलम्पिक खेलों की मेजबानी दक्षिण कोरिया को सौंपी गई है। इन खेलों का आयोजन दक्षिण कोरिया के गांगवॉन प्रान्त में होगा। अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति ने जनवरी, 2020 में हुई बैठक में यह फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 2018 के विंटर यूथ ओलम्पिक खेल प्योंगचांग में आयोजित किए गए थे।

## कॉमनवेल्थ निशानेबाजी और तीरंदाजी चैम्पियनशिप

जनवरी 2022 में कॉमनवेल्थ निशानेबाजी और तीरंदाजी चौंपियनशिप की मेजबानी के लिए चंडीगढ़ (भारत) को चुना गया है। इन दो प्रतिस्पर्द्धाओं का आयोजन अलग से भारत में किया जाएगा। बर्मिंघम में होने वाले खेलों में इसके पदकों को 'प्रतिस्पर्द्धी देशों की रैंकिंग' के लिए शामिल किया जाएगा।

ध्यातव्य है कि इन दोनों स्पर्द्धाओं का आयोजन कॉमनवेल्थ गेम्स से 6 महीने पहले जनवरी, 2022 में भारत में होगा, जबकि कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन 27 जुलाई से 7 अगस्त तक बर्मिंघम में होगा।

## 36वें राष्ट्रीय खेल

36वें राष्ट्रीय खेल 20 अक्टूबर से 4 नवम्बर, 2020 के बीच आयोजित किए जाएंगे। फ्लेम-थ्रोटेड बुलबुल, जिसे रूबिगुला भी कहा जाता है, को इन खेलों के शुभंकर के रूप में चुना गया है। यह गोवा का राजकीय पक्षी है।

# 8 पत्रिकाओं से... योजना/ कुरूक्षेत्र सार

## योजना

### पर्यावरण (जनवरी)

#### ■ कॉप के 25वें सम्मेलन में भारत

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने 10 दिसम्बर, 2019 को स्पेन के मैड्रिड में आयोजित जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क संधि में शामिल देशों- कॉप के 25 सम्मेलन में भारत का पक्ष रखा।

भारत ने कार्बन उत्सर्जन के सकल घरेलू उत्पाद के 21 प्रतिशत में कमी की है और पेरिस संधि के संकल्प के अनुसार 35 प्रतिशत उत्सर्जन कटौती का लक्ष्य हासिल करने की ओर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस समझौते में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए 175 गीगावाट लक्ष्य की घोषणा की थी। हम 83 गीगावाट हासिल कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने हाल के संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई सम्मेलन में यह लक्ष्य बढ़ाकर 450 गीगावाट कर दिया है।

हमने 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल का लक्ष्य रखा है। हमने वाहन उत्सर्जन के नियमों के आधार पर भारत मानक-4 से भारत मानक-6 की छलांग लगाई और अप्रेल, 2020 से सभी वाहन बीएस-6 के अनुपालन में होंगे। भारत के घरों में 36 करोड़ एलईडी बल्ब लगाए जा चुके हैं और एक करोड़ पारम्परिक स्ट्रीटलाइट की जगह एलईडी बल्बों ने ले ली है।

भारत ने दिल्ली में मरुस्थलीकरण की रोकथाम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र संधि में शामिल देशों के 14वें सम्मेलन के दौरान 2030 तक 2 करोड़ 60 लाख हेक्टेयर अनुत्पादक भूमि को उपयोगी बनाने का लक्ष्य रखा है। 17 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

#### ■ अटल भूजल योजना का आरम्भ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसम्बर, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 'अटल भूजल योजना (अटल जल)' आरम्भ की। यह योजना 2024 तक देश के प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एक तरफ 'जल जीवन मिशन' प्रत्येक घर में पाइप जलापूर्ति पहुंचाने की दिशा में कार्य करेगी, वहीं दूसरी ओर 'अटल भूजल योजना' उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देगी जहां भूजल बहुत कम है।

'अटल भूजल योजना' की रूपरेखा सहभागी भूजल प्रबंधन के लिए संस्थागत संरचना को सुदृढ़ करने तथा सात राज्यों-गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में टिकाऊ भूजल संसाधन प्रबंधन के लिए समुदाय स्तर पर व्यवहारगत बदलाव लाने के मुख्य उद्देश्य के साथ शुरू की गई है। 5 वर्षों (2020-21 से 2024-25) की अवधि में क्रियान्वित किए जाने वाले 6,000 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय में से, 50 प्रतिशत विश्व बैंक ऋण के रूप में होगा और उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा।

#### ■ जलवायु वार्ता में भारत अडिग

एक जनवरी, 2021 से पेरिस समझौते के प्रावधान लागू हो जाएंगे और क्योटो प्रोटोकाल खत्म हो जाएगा। उधर, जलवायु परिवर्तन पर यूएन फ्रेमवर्क संधि के दस्तावेज पर वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में 'अर्थ समिट' के दौरान सहमति हुई। इस संधि में सदस्य देशों ने वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की सघनता को स्थिर बनाने पर सहमति जताई, ताकि जलवायु प्रणाली में मानवीय गतिविधियों से होने वाले बदलावों को रोका जा सके। अब तक 197 देश इस संधि पर मुहर लगा चुके हैं। यह संधि प्रभाव में वर्ष 1994 में आई जिसके बाद से हर साल आगे बढ़ने के रास्ते पर विचार-विमर्श के लिए 'कॉफ्रेंस ऑफ द पार्टीज' या कॉप सम्मेलन आयोजित किया जाता है।

भारत का लक्ष्य पेरिस समझौते के तहत उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी की कमी लाना है। यह लक्ष्य उसे 2030 तक पूरा करना है लेकिन 21 फीसदी की कमी वह हासिल कर चुका है।

**लिसीप्रिया कंगुजम:-** भारत की आठ साल की बच्ची लिसीप्रिया कंगुजम ने जलवायु वार्ता को सम्बोधित किया और विश्व के नेताओं से धरती को बचाने की अपील की। मणिपुर निवासी लिसीप्रिया जलवायु वार्ता में अपनी बात रखने वाली सबसे कम उम्र की जलवायु कार्यकर्ता हैं।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी साक्षरता

भारत के निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी के अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2011 से मनाया जा रहा है। आयोग का गठन 25 जनवरी, 1950 को हुआ था। वर्ष 2020 के लिए इसकी थीम 'मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी साक्षरता' रही। सार्वभौम मताधिकार का जनादेश संविधान के अनुच्छेद 326 से प्राप्त होता है। वर्ष 1988 के 61वें संविधान संशोधन से मतदान की उम्र घटाकर 18 वर्ष किए जाने से इसे मजबूती मिली।

## भारत में बाघ गलियारे

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने भारतीय वन्यजीव संस्थान के साथ मिलकर हाल ही में 'दीर्घकालिक संरक्षण के लिए बाघों की आबादी को जोड़ना' शीर्ष से एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इसके अनुसार देशभर में 32 ऐसे प्रमुख बाघ गलियारों के बारे में बताया गया है जहां वन्य जीव (संरक्षण) कानून, 1972 के खंड 38(5) के तहत बाघ संरक्षण योजना के जरिए पहल की गई है। बाघ गलियारों की सूची इस प्रकार है-

| क्षेत्र | गलियारा | राज्य/देश |
|---|---|---|
| **शिवालिक की पहाड़ियां और गंगा का मैदान** | 1. राजाजी कॉर्बेट | उत्तराखंड |
| | 2. कॉर्बेट दुधवा | उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, नेपाल |
| | 3. दुधवा-किशनपुर-कटेरनियाघाट | उत्तरप्रदेश, नेपाल |
| **मध्य भारत और पूर्वी घाट** | 1. रणथम्भौर-कुनो-माधव | एमपी, राजस्थान |
| | 2. बांधवगढ़-अचानकमार | एमपी, छत्तीसगढ़ |
| | 3. बांधवगढ़-संजय-दुबरी-गुरु घासीदास | एमपी |
| | 4. गुरु घासीदास-पलामू लावालोंग | छत्तीसगढ़ और झारखंड |
| | 5. कान्हा-अचानकमार | एमपी, छत्तीसगढ़ |
| | 6. कान्हा-पेंच | एमपी, महाराष्ट्र |
| | 7. पेंच-सतपुरा-मेलघाट | एमपी, महाराष्ट्र |
| | 8. कान्हा-नवेगांव-नागझिरा-ताडोबा-इंद्रावती | एमपी, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आन्ध्रप्रदेश |
| | 9. इंद्रावती-उदंती-सीताबंदी-सुनाबेदा | छत्तीसगढ़, आडिशा |
| | 10. सिमलीपाल-सत्कोसिया | ओडिशा |
| | 11. नागार्जुनसागर-श्री वेंकटेश्वर नेशनल पार्क | आन्ध्रप्रदेश |
| **पश्चिमी घाट** | 1. सह्याद्री-राधानगरी-गोवा | महाराष्ट्र, गोवा |
| | 2. दांदेलीअंशी-शरावती घाटी | कर्नाटक |
| | 3. कुद्रेमुख-भद्रा | कर्नाटक |
| | 4. नागरहोले-पुष्पागिरी-ताला कावेरी | कर्नाटक |
| | 5. नागरहोले-बांदीपुर-मदुमलै-वायनाड | कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु |
| | 6. नागरहोले-मदुमलै-वायनाड | कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु |
| | 7. पराम्बिकुलम-एर्णाकुलम-इंदिरा गांधी | केरल, तमिलनाडु |
| | 8. कलक्काड़ मुंडनतुरई-पेरियार | केरल, तमिलनाडु |
| **उत्तर-पूर्व** | 1. काजीरंगा-इटानगर डब्ल्यूएलएस | असम, अरुणाचल प्रदेश |
| | 2. काजीरंगा-कार्बी-आन्गलोन्ग | असम |

| | |
|---|---|
| 3. काजीरंगा-नामेरी | असम |
| 4. काजीरंगा-ओरंग | असम |
| 5. काजीरंगा-पापुम पाने | असम |
| 6. मानस-बक्सा | असम, पश्चिम बंगाल, भूटान |
| 7. पेके-नामेरी-सोनाई-रूपाई-मानस | अरुणाचल प्रदेश, असम |
| 8. डिब्रू साइखोवा-डीरिंग-मेहॉन्ग | असम, अरुणाचल प्रदेश |
| 9. कामलान्ग-काने-ताले घाटी | अरुणाचल प्रदेश |
| 10. बक्सा-जल्दापाड़ा | पश्चिम बंगाल |

## शिक्षा में नवाचार (फरवरी)

### ■ फिट इंडिया मूवमेंट

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और युवा कार्य एवं खेल राज्य मंत्री किरन रिजिजू ने 4 दिसम्बर, 2019 को दिल्ली में 'फिट इंडिया स्कूल रेटिंग सिस्टम' का शुभारंभ किया। फिट इंडिया कार्यक्रम प्रधानंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई पहल है जिसका उद्देश्य आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### ■ कृत्रिम मेधा

मसलों के हल के लिए सॉफ्टवेयर या एल्गोरिद्मों अथवा मशीनों या प्रणालियों के जरिए बाहरी डाटा को समझने और उसकी व्याख्या करने की किसी प्रणाली की क्षमता को कृत्रिम मेधा (एआई) कहा जा सकता है। वह मसले का समाधान वैसी विशिष्ट भूमिकाओं और कार्यों के जरिए करती है जिन्हें मौजूदा समय में मानव निभा रहे हैं। एआई शब्द की शुरुआत 1950 के दशक के आरम्भ में हुई थी।

एआई मानव की संगणकीय तीव्रता, बौद्धिक और संभवत: कल्पनाशीलता की सीमाओं में से कुछ के पार पहुंचने की क्षमता है। इसके विनिर्माण, विधि, चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, शासन, कृषि, विपणन, बिक्री, वित्त, संचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी तथा साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग के नए द्वार खुल रहे हैं। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों में 9वीं कक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (एआई) को विषय के तौर पर जोड़ा गया है। सत्र 2019-20 से इसकी शुरुआत हुई है।

### ■ दृष्टि दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा व टेक्नोलॉजी

भारत ने 1951 में विभिन्न भाषाओं के लिए समान ब्रेल कोड को स्वीकार किया। सरकार ने 1952 में देहरादून में सेन्ट्रल ब्रेल प्रेस नाम के पहले ब्रेल प्रिंटिंग संयंत्र की स्थापना की।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1981 को अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा, दिव्यांगों के लिए 1983-92 संयुक्त राष्ट्र दशक, अपने बीजिंग बैठक में 1992 में ईएससीएपी द्वारा दिव्यांगों के लिए एशियाई और प्रशांत दशक की घोषणा कुछ उदाहरण हैं। दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के करार को पूरा करने को ध्यान में रखते हुए भारतीय संसद ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार (आरपीडी) कानून, 2016 बनाया।

सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान का विलय कर दिया गया है। इसे अब नया नाम 'समग्र शिक्षा' (विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समग्र शिक्षा) दिया गया है।

### ■ कमजोर व वंचित समूहों के लिए अच्छी शिक्षा

बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा से जुड़ा कानून (2009), 6 से 14 साल के सभी बच्चों को अपने पास के स्कूल में मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता हे। इस कानून के खंड 8 (सी) में कहा गया है कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कमजोर और वंचित समूह के बच्चों के साथ भेदभाव नहीं हो और उन्हें किसी भी आधार पर आरंभिक शिक्षा पूरी करने से रोका नहीं जाए। इसके अलावा इस कानून के खंड 12 (1) में कहा गया है कि सभी निजी स्कूलों को आस-पास के गरीब बच्चों को अपने यहां कम से कम 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश देना होगा और उन्हें मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देनी होगी।

समावेशी शिक्षा कार्यक्रम नर्सरी से 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए है, जिसका मकसद स्कूली शिक्षा में सभी स्तरों पर समावेशी और एक समान शिक्षा मुहैया करना है।

'पढ़े भारत, बढ़े भारत' योजना सर्व शिक्षा अभियान का हिस्सा हुआ करती थी और अब यह नए एकीकृत कार्यक्रम 'समग्र शिक्षा कार्यक्रम' के तहत चल रही है। इसका मकसद स्कूली शिक्षा के शुरुआती वर्षों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा बच्चों में समझने का कौशल विकसित करने के साथ-साथ जल्द से जल्द पढ़ने और लिखने की आदत डालना और अंकों के ज्ञान से रूबरू कराना भी इसका लक्ष्य है।

नवोदय विद्यालय योजना के तहत देश के हर जिले में एक नवोदय विद्यालय खोलने का प्रावधान है, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

## ■ उच्च शिक्षा में वैश्विक तालमेल

भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मसौदे में 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल पंजीकरण अनुपात (जीईआर) बढ़ाकर कम से कम 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य है, जिसका मतलब है कि दुनिया में चार में से एक स्नातक भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था से ही निकलेगा। फिलहाल सकल पंजीकरण अनुपात केवल 26.3 प्रतिशत है और अगले 15 साल में इसे दोगुना करने के लिए योजना और क्रियान्वयन दोनों मोर्चों पर तगड़े सुधार की जरूरत होगी। भारत में यह अनुपात वैश्विक अनुपात (36.7 प्रतिशत) से कम है। वर्ष 2018-19 में केवल 47,427 विदेशी छात्रों ने भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में प्रवेश लिया। शिक्षा के लिए बाहर जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या यहां आने वाले अन्तरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या से 15 गुना अधिक है।

भारत की हाल ही में जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2019 के मसौदे में शीर्ष 200 वैश्विक विश्वविद्यालयों को भारत में अपने विदेशी शाखा परिसर स्थापित करने के लिए न्योता देने का प्रस्ताव है। नीति आयोग ने विदेशी छात्रों की आमद बढ़ाने के उद्देश्य से बेंगलूरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, पुणे, चंडीगढ़ और सिक्किम के हिस्सों में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज) की ही तर्ज पर विशिष्ट शिक्षा क्षेत्र (ईईजेड) विकसित करने की सिफारिश की है।

## ■ शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख पहल

### स्कूल शिक्षा में मुख्य सुधारः-

1. **निष्ठाः-** एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर शिक्षा के परिणामों में सुधार के लिए एक राष्ट्रीय मिशन, जिसे नेशनल इनिशिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एंड टीचर्स होलिस्टिक एडवांसमेंट (NISTHA)-निष्ठा नाम दिया गया। यानी राष्ट्रीय स्कूल प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक समग्र उन्नत पहल की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लगभग 42 लाख शिक्षकों और स्कूलों के प्रमुखों, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान के संकाय सदस्यों, बलॉक संसाधन समन्वयकों और क्लस्टर संसाधन समन्वयकों की क्षमता का निर्माण करना है।

2. **ध्रुवः-** प्रधानमंत्री नवाचार शिक्षण कार्यक्रम (ध्रुव) प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया है। ताकि वे अपने कौशल और ज्ञान को अधिक समृद्ध कना सकें।

3. **शगुनः-** विश्व के सबसे बड़े ऑनलाइन जंक्शनों में शामिल एकीकृत ऑनलाइन जंक्शन स्कूल एजुकेशन 'शगुन' स्कूली शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती देने के मकसद से आरम्भ सर्वसमावेशी पहल है। इसमें भारत सरकार और सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की विभिन्न गतिविधियों से सम्बन्धित सभी ऑनलाइन पोर्टलों और वेबसाइटों का एकीकृत जंक्शन बनाया गया है।

4. **शिक्षा प्लस के लिए एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यूडाइस +):-** देश के सभी स्कूलों से गुणवत्ता, विश्वसनीयता और समय पर जानकारी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, संशोधित यूडाइस आरम्भ किया गया है। यह जीआईएस आधारित मैपिंग पोर्टल देश के 15 लाख से ज्यादा स्कूलों के स्थान के साथ-साथ उनकी कुछ प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी देता है।

5. **नॉलेज शेयरिंग के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर (दीक्षा) 2.0 :-** वर्ष 2017 में शिक्षकों को डिजिटल मंच प्रदान करने और उन्हें खुद को प्रशिक्षित करने और शिक्षक समुदाय से जुड़ने का अवसर देने के लिए दीक्षा पोर्टल शुरू किया गया था। इस पहल का दायरा बढ़ाते हुए इसमें शिक्षकों के लिए ई-सामग्री की कवरेज को बढ़ाने और गुणवत्ता में सुधार लाना शामिल किया गया है।

6. **ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड (ओडीबी):-** इसका उद्देश्य मार्च, 2023 तक प्रत्येक माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों जिनमें 1,01,967 सरकारी और सभी राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में 42,917 सहायता प्राप्त स्कूलों तथा 1704 केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय शामिल हैं यानी कुल 1,46,588 स्कूलों में प्रति स्कूल दो स्मार्ट क्लासरूम उपलब्ध कराना है।

**उच्च शिक्षा क्षेत्र में मुख्य सुधारः-**

**1. इक्युप** :- मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उन्नयन और समावेशी कार्यक्रम (इक्युप) नाम से एक पंचवर्षीय परिकल्पना योजना जारी की है। यह रिपोर्ट उच्च शिक्षा क्षेत्र में पहुंच, समावेशन, गुणवत्ता, उत्कृष्टता और रोजगार बढ़ाने के सिद्धांतों पर आगे बढ़ने के लिए कृतसंकल्प है। इक्युप पांच वर्षों (2019-24) के दौरान भारत की उच्च शिक्षा तंत्र में युक्तिपूर्ण प्रयासों को लागू करके परिवर्तन लाने के उद्देश्य से बनाई गई परिकल्पना योजना है।

**2. स्वयं 2.0** :- शीर्ष रैंकिंग विश्वविद्यालयों द्वारा स्वयं के माध्यम से ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए उन्नयन सुविधाओं और सुविधाओं से लैस 'स्वयं 2.0' को साथ शुरू किया गया है।

**3. स्वयं प्रभा** :- यह व्यापक पहुंच और न्यूनतम लागत के साथ भारत के छात्र/शिक्षार्थियों में पैठ बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रसारित करने का प्रोजेक्ट है।

## ■ देश में खेल शिक्षा

देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सबसे पहले 16 मार्च, 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मणिपुर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। जून, 2018 में राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय अध्यादेश-2018 को मंजूरी प्रदान की गई। यह खेल के क्षेत्र में देश का पहला विश्वविद्यालय था। इसके बाद राजस्थान सहित कुछ अन्य राज्यों में खेल विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं।

# कुरूक्षेत्र

## स्वास्थ्य और पोषण (जनवरी)

## ■ स्वास्थ्य और पोषण : देश की प्रगति के पहिए

संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार से सम्बन्धित सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 25 में कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को एक ऐसे जीवन स्तर का अधिकार है जो उसके परिवार और स्वयं उस व्यक्ति के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पर्याप्त हो। इसमें भोजन, वस्त्र, आवास, चिकित्सा देखभाल और आवश्यक सामाजिक सेवाएं शामिल हैं।

स्वास्थ्य और पोषण को राष्ट्रीय विकास की पहली आवश्यकता मानते हुए 15 मार्च, 2017 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नई स्वास्थ्य नीति को मंजूरी प्रदान की। इसमें देश के सभी नागरिकों के लिए सरकारी इलाज की सुविधा सुनिश्चित करने के साथ रोगियों के लिए बीमा का भी प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत सरकार का लक्ष्य है कि देश के 80 प्रतिशत लोगों का इलाज सरकारी अस्पताल में पूरी तरह मुफ्त हो। नई स्वास्थ्य नीति एक मॉडल के रूप में दी गई है, जिसे लागू करना या न करना संबंधित राज्य के विवेक पर निर्भर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में जन स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को समयबद्ध आधार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। मौजूदा समय में यह खर्च जीडीपी का केवल 1.15 प्रतिशत है। इसमें जीवन प्रत्याशा मौजूदा 67.5 वर्ष से बढ़ाकर वर्ष 2025 तक 70 वर्ष करने की बात कही गई है। इसी प्रकार राष्ट्रीय और उप राष्ट्रीय स्तर पर कुल प्रजनन दर वर्ष 2025 तक घटाकर 2.1 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। वर्ष 2025 तक नवजात शिशु मृत्यु दर को घटाकर 16 तक लाने की बात कही गई है। वर्ष 2025 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग में 50 प्रतिशत वृद्धि करने, एक साल तक की आयु के 90 प्रतिशत से अधिक नवजात शिशुओं के पूर्ण टीकाकरण और राष्ट्रीय एवं उप राष्ट्रीय स्तर पर परिवार नियोजन से सम्बन्धित 90 प्रतिशत आवश्यकताएं पूरी करने का लक्ष्य है। तम्बाकू के इस्तेमाल के मौजूदा स्तर को वर्ष 2020 तक 15 प्रतिशत और वर्ष 2025 तक 30 प्रतिशत घटाने पर जोर दिया गया है। 'स्वच्छ भारत मिशन' के अन्तर्गत वर्ष 2020 तक सुरक्षित जल एवं सम्पूर्ण स्वच्छता तक सभी देशवासियों की पहुंच सुनिश्चित करने का लक्ष्य है।

आयुष्मान भारत योजना के एक वर्ष के अन्दर ही करीब 47 लाख लोगों को 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना' के अन्तर्गत भारतीय मुद्रा में 75 हजार मिलियन का इलाज उपलब्ध कराया गया। 10 करोड़ 20 लाख से अधिक लोगों को लाभार्थी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पूरे देश में 18 हजार 100 अस्पतालों को पैनल में शामिल किया गया है।

'जन औषधि योजना' के अन्तर्गत राज्य सरकारों के सहयोग से सभी व्यक्तियों को गुणवत्तापूर्ण जेनरिक दवाएं सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार की योजना वर्ष 2020 तक इन स्टोर्स की संख्या 7500 तक करने की है।

सितम्बर, 2019 में 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' अभियान की शुरुआत 'राष्ट्रीय टीबी प्रसार सर्वेक्षण' के साथ की गई। इस अभियान में विभिन्न हितधारकों के साथ सामुदायिक भागीदारी पर बल दिया गया है।

भारत नवजात कार्ययोजना (आईएनएपी) के माध्यम से अजन्मे और नवजात शिशुओं की मृत्युदर में कमी लाने की कोशिश की जा रही है। मिशन इन्द्रधनुष के अन्तर्गत 2 वर्ष तक की आयु के बच्चों को 7 प्रकार की बीमारियों-डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, क्षय रोग, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी और खसरा से बचाव के लिए टीकाकरण कार्यक्रम के तहत लाया गया है।

मार्च, 2018 में 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य वर्ष 2020 तक बच्चों, किशोरियों एवं महिलाओं के कुपोषण और खून की कमी, नवजात शिशुओं के जन्म के समय वजन की कमी और 6 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों में बौनेपन की सस्या को कम करना है।

गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए 'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच गई है। इस योजना में सितम्बर, 2019 तक लाभार्थियों को 4,000 करोड़ रुपए से अधिक राशि वितरित की जा चुकी थी। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की पोष्टिक आवश्यकताओं को पूरा करना और गर्भावस्था के दौरान मजदूरी के नुकसान की भरपाई करना है। 01 जनवरी, 2017 से शुरू की गई इस योजना में उन गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को तीन किस्तों में 5,000 रुपए का नकद लाभ दिया जाता है।

## ■ नए भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं का रोडमैप

अखिला भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली की तर्ज पर वर्ष 2017 में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना की गई। इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है।

सरकार ने मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली तैयार करने के उद्देश्य से 2018-22 के दौरान 150000 हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर खोलन का ऐलान किया। आयुष्मान भारत योजना के तहत यह पहल की गई। आयुष्मान भारत का दूसरा स्तम्भ 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' है, इसके तहत देश के 10 करोड़ गरीब परिवारों को 5 लाख रुपए सालाना का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है।

'पोषण अभियान' का मकसद पोषण सुनिश्चित करने के लिए अनुकूल स्थितियां मुहैया कराना है। इस अभियान के तहत कुपोषण, रक्तहीनता और वजन कम होने के मामलों में सालाना क्रमश: 2, 3 और 2 प्रतिशत तक की कमी करने का लक्ष्य रखा गया है।

## ■ कुपोषण से होने वाली बीमारियां व बचाव

बच्चों में कुपोषण की एक बड़ी चुनौती स्टंटिंग और वेस्टिंग (नाटापन और दुबलापन) के रूप में सामने आई है। राष्ट्रीय पोषण मिशन की शुरुआत 8 मार्च, 2018 को राजस्थान के झुन्झुनूं से हुई। इसके तहत भारत को वर्ष 2022 तक कुपोषण मुक्त बनाना है। इसके तहत वर्ष 2022 तक प्रति वर्ष बच्चों में स्टंटिंग की समस्या को 3 प्रतिशत तक कम करना और मां बनने की उम्र में पहुंची महिलाओं में एनीमिया की समस्या को एक-तिहाई करना है।

## ■ आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका

वर्ष 1975 में आईसीडीएस योजना के तहत आंगनवाड़ी सेवाओं को देशभर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। 31 मार्च, 2019 तक आंगनवाड़ी सेवा योजना के अन्तर्गत देशभर में 7075 पूर्ण परिचालित परियोजनाओं और 13728 लाख आंगनवाड़ी केन्द्रों का नेटवर्क था। वर्तमान में देशभर में लगभग 10.33 लाख आशा वर्कर्स है जो ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

## ■ स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता

**पोषण अभियान :-** मार्च, 2018 में शुरू किए गए पोषण अभियान का उद्देय 6 वर्ष तक के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण की स्थिति में सुधार लाना है, ताकि कम वजन वाले शिशुओं, स्टंटिंग, अल्प पोषण, एनीमिया आदि में कमी जैसे विशिष्ट लक्ष्यों को अगले तीन साल में प्राप्त किया जा सके। पोषण अभियान को गति देने के लिए 24 जुलाई, 2018 को नेशनल कौंसिल ऑफ इंडिया के न्यूट्रिशन चैलेंजेज ने सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाने का निर्णय किया।

**सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 :-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अक्टूबर, 2017 को 'गहन मिशन इन्द्रधनुष' का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 2 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे और उन सभी गर्भवती महिलाओं तक पहुंचना है, जिन्हें नियमित टीकाकरण कार्यक्रम/यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के तहत छोड़ दिया गया था। हाल ही में सघन मिशन इन्द्रधनुष 2.0 शुरू किया गया है। दिसम्बर, 2019 और मार्च, 2020 के बीच यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर में 90 प्रतिशत के राष्ट्रीय टीकाकरण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासों को तेज किया गया है। यह कार्यक्रम 27 राज्यों के 271 जिलों और बिहार तथा उत्तर प्रदेश के ऐसे 652 जिलों में लागू किया जा रहा है जो दुर्गम हैं और जहां जनजातीय लोगों की अधिकता है।

**ईट राइट इंडिया :-** ईट राइट इंडिया आंदोलन जन-जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सोशल मीडिया सहित बड़े पैमाने पर मीडिया को शामिल करता है। ईट राइट इंडिया का लोगो इष्टतम आहार के घटकों को दर्शाता है।

**आयुष्मान भारत:-** इसके दो घटक हैं-

1. व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल देने के लिए 1.5 लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर बनाए जा रहे हैं, जो उपयोगकर्ताओं के लिए सार्वभौमिक और मुफ्त होंगे।

2. प्रधानमंत्री जन आयोग्य योजना, जो माध्यमिक/तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल के लिए 10 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है।

## ■ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

वर्ष 2019 के ग्लोबल हंगर इंडेक्स के मुताबिक भारत 117 योग्य देशों में से 102वें स्थान पर है।

- 2 अक्टूबर 1975-समन्वित बाल विकास सेवा की शुरुआत
- 15 अगस्त, 1995 - मिड डे मील की शुरुआत
- 01 जनवरी, 2017 - प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत
- 8 मार्च, 2018-पोषण अभियान व राष्ट्रीय पोषण मिशन की शुरुआत

## ■ स्वच्छ गंगा मिशन में व्यापक सुधार

10 अक्टूबर, 2019 को देवप्रयाग से विशाल नदी राफ्टिंग अभियान 'गंगा अमांतरण अभियान' लॉन्च किया गया। यह अभियान 34 दिन चला और इसमें गंगा की 2500 किलोमीटर की लम्बाई कवर की गई। अभियान पश्चिम बंगाल से गंगासागर तक चला।

# कौशल विकास (फरवरी)

## ■ कौशल विकास-उद्यमिता - बढ़ावा देने की पहल

15 जुलाई, 2015 को भारत के आर्थिक विकास और प्रगति के मार्ग में तेजी के लिए 'स्किल इंडिया (कौशल विकास-कुशल भारत)' की शुरुआत की गई। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। मंत्रालय को व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण का ढांचा तैयार करने से लेकर कौशल उन्नयन और मौजूदा रोजगारों के साथ-साथ चौथी औद्योगिक क्रांति (इंडस्ट्री 4.0) के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाले नए रोजगारों के लिए नए कौशलों का सृजन करने का दायित्व सौंपा गया है।

इस अभियान का उद्देश्य भारत के युवाओं को बाजार की दृष्टि से उपयुक्त कौशलों का प्रशिक्षण देकर उन्हें न्यू इंडिया ओर विश्व बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप सशक्त बनाना है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की वर्ष 2015-16 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की श्रमशक्ति में से केवल 5 प्रतिशत लोग ही विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित है।

अगस्त, 2016 में शुरू हुई राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) विभिन्न उद्योगों के कार्यस्थलों में बुनियादी प्रशिक्षण और काम करते हुए व्यावहारिक अनुभव हासिल करने की गाइड का काम करती है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं के नियोजित प्रशिक्षण के जरिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देना है।

नवम्बर, 2016 में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित परियोजना 'स्ट्राइड' (स्किल स्ट्रेंदनिंग फार इंडस्ट्रियल वैल्यू एनहांसमेंट) यानी औद्योगिक उपयोगिता बढ़ाने के लिए कौशल सुधार कार्यक्रम प्रारम्भ किया, जिसका उद्देश्य औद्योगिक क्लस्टरों और भौगोलिक चैम्बरों के जरिए जागरूकता पैदा करना था ताकि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की भागीदारी की चुनौती से निपटा जा सके।

## ■ रोजगार के परिप्रेक्ष्य में कौशल विकास

राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमिता नीति, 2015 में उल्लेख किया गया है कि भारत की 54 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या 25 वर्ष से कम है और 62 प्रतिशत जनसंख्या 15 से 59 वर्ष के बीच है। इस जनसांख्यिकी लाभ के अगले 25 वर्षों तक बने रहने की उम्मीद है। नीति में यह भी बताया गया है कि भारत में जनसंख्या की औसत आयु 29 वर्ष है, जबकि अमेरिका में यह 40 वर्ष, यूरोप में 46 और जापान में 47 वर्ष है। औद्योगीकृत विश्व में श्रमबल में 4 प्रतिशत की गिरावट अपेक्षित है, जबकि भारत में यह 32 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

15 जुलाई, 2015 को पहले विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रधानमंत्री ने कौशल भारत योजना पाठ्यक्रम शुरू किया। अखिल भारतीय स्तर पर दो प्रमुख कौशल विकास कार्यक्रम जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) और डीडीयू-जीकेवाई लागू किए जा रहे हैं। अपनी स्थापना के बाद से लगभग 2.5 करोड़ अभ्यर्थियों को मंत्रालय के कार्यक्रमों के तहत विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित 40.5 लाख अभ्यर्थी और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा संचालित शुल्क आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत 74 लाभ अभ्यर्थी शामिल हैं।

राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन को केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 01 जुलाई, 2015 को मंजूरी प्रदान की गई और विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा 15 जुलाई, 2015 को आधिकारिक रूप से इसका शुभारंभ किया।

## कृषि में कौशल विकास

कृषि क्षेत्र में कार्यरत 21.9 करोड़ कार्यबल में से केवल 0.3 प्रतिशत (7,54,000) ही कौशलपूर्ण है। जबकि यह आंकड़ा विनिर्माण क्षेत्र में में 4, गैर विनिर्माण क्षेत्र में 2 एवं सेवा क्षेत्र में 6.3 प्रतिशत है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2014) के अनुसार किसानों की औसत आय 6426 रुपए प्रतिमाह है और इस आय में किसान 3078 रुपए कृषि से, 2069 रुपए मजदूरी/पेंशन से, 765 रुपए पशुधन व 514 रुपए गैर कृषि कार्यों से अर्जित करता है।

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ( PMKVY ):-** वर्ष 2015 में मंजूर की गई PMKVY युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रमुख योजना है। वहीं, भारत सरकार ने वर्ष 2007-08 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की शुरुआत की थी जो वर्तमान में भी जारी है।

**भारतीय कृषि कौशल परिषदः-** भारतीय कृषि कौशल परिषद की स्थापना वर्ष 2013 में कृषि तथा कृषि से संबंधित क्षेत्रों में कौशल एवं उद्यमिता विकास हेतु की गई।

**भारत में निर्माण ( Make in India ):-** इस योजना को 25 सितम्बर, 2014 को प्रारंभ किया गया था ताकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ-साथ घरेलू कंपनियों को भी अपने उत्पादों का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस पहल के पीछे उद्देश्य अर्थव्यवस्था के 25 क्षेत्रों में रोजगार उत्पन्न करना और कौशल संवर्धन करना था।

**'स्टार्टअप इंडिया' पहलः-** इसका प्रयोजन भारतीय युवाओं के बीच उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना है। 'स्टार्टअप इंडियाः स्टैंड अप इंडिया' द्वारा उद्यमशीलता को बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने में स्टार्टअप के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ावा दिया जाता है और अन्य प्रोत्साहन दिए जाते हैं।

## भारत के स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा

व्यावसायिक शिक्षा को आजादी के बाद 1964 की कोठारी आयोग की रिपोर्ट में अहमियत मिली। रिपोर्ट में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर दो अलग धाराओं का सुझाव दिया गया-पहली, जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालयों में आगे शिक्षा प्राप्त करने के लिए तैयार किया जाए और दूसरी, जिसमें उन्हें विभिन्न व्यवसायों के लिए तैयार किया जाए।

परिणामस्वरूप 1986 की नई शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा के लिए व्यवस्थित, सुनियोजित और कठोरता के साथ लागू किए जाने वाले कार्यक्रम शुरू करने की परिकल्पना की गई, ताकि रोजगार के लिए योग्यता बढ़ सके, कुशल श्रमशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच खाई कम हो सके तथा माध्यमिक के आगे शिक्षा पाने जा रहे छात्रों को एक विकल्प मिल सके। 11वीं पंचवर्षीय योजना में भी व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण पर खासा जोर दिया गया।

## उद्यमिता और कौशल विकास

भारतीय अर्थव्यवस्था जो वर्तमान में लगभग 3 खरब अमेरिकी डॉलर अनुमानित की जा रही है, और भारतीय आर्थिक समीक्षा 2018-19 में इसे वर्ष 2025 तक 5 खरब डॉलर का आकार लेने के बारे में उल्लेख किया गया है। राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमिता नीति 2015 के अनुसार भारत विश्व में सर्वाधिक युवाओं का देश है जहां कुल आबादी की 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या कार्यशील आयुवर्ग (15-59) तथा 54 प्रतिशत जनसंख्या 25 वर्ष से कम आयु वाली है।

यद्यपि भारत युवाओं का देश है परन्तु यहां कुल कार्यबल में से केवल 2.3 प्रतिशत ही औपचारिक रूप से प्रशिक्षित हैं। भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक 50 करोड़ लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में कुशल बनाने का लक्ष्य रखा है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (2016-20) के अन्तर्गत 12 जून, 2019 तक कुल 57.75 लाख उम्मीदवारों ने नामांकन करवाया जिसमें 52.12 लाख को प्रशिक्षित किया गया।

भारत में उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रमुख कार्यक्रमः-

**1. स्टार्ट अप इंडिया :-** 16 जनवरी, 2016 को शुरुआत। इसका उद्देश्य मजबूत स्टार्टअप इको-सिस्टम व संस्कृति को बढ़ावा देने, उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ देश में नौकरी की मांग करने वालों के बजाय नौकरी देने वालों को विकसित करना है।

**2. स्टैंडअप इंडियाः-** यह योजना अनुसूचित जाति/जनजाति/महिलाओं के नए/ग्रीनफील्ड उद्यम स्थापित करने हेतु कम से कम एक महिला उधारकर्ता को प्रति बैंक शाखा 10 लाख से लेकर 01 करोड़ रुपए तक के बैंक ऋण की सुविधा प्रदान करती है, जो विर्निमाण, सेवाओं या व्यापारिक क्षेत्र में हो सकता है।

**3. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना:-** 8 अप्रेल, 2015 को शुरुआत। यह योजना गैर कॉर्पोरेट, गैर कृषि लघु/सूक्ष्म उद्यमों को शिशु (50 हजार तक), किशोर (5 लाख तक) और तरुण (10 लाख तक) ऋण प्रदान कर नए उद्यम विकसित करने की दिशा में प्रयास है।

**4. अटल इनोवेशन मिशन-इनक्यूबेशन सेन्टर (AIC):-** तकनीकी व नवाचार नवीन उद्यमों/स्टार्टअप को विकसित करने में सहायता प्रदान करना, जिसके अन्तर्गत व्यावसायिक नियोजन, बाजार में प्रवेश व वित्तीय मामलों से सम्बन्धित सलाह इत्यादि शामिल हैं।

**5. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (2.0):-** 2015-16 मे युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देकर बेहतर रोजगार योग्य बनाने की दिशा में पहला कदम था। इसके बाद योजना (2.0) के तहत वृहद् रूप से दूसरी बार 2016-20 के बीच एक करोड़ युवाओं को निःशुल्क 2 से 6 माह तक प्रशिक्षण प्रदान कर कुशल बनाने की दिशा में प्रयास किया गया।

**6. संकल्प :-** विश्व बैंक की सहायता से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य कौशल विकास एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थाओं को मजबूत बनाने, समाज के वंचित वर्ग को कौशल, शिक्षा व प्रशिक्षण के साथ-साथ विनिर्माण क्षेत्र में आवश्यक कुशल मानव संसाधनों को विकसित कर मेक इन इंडिया पहल में सहायता प्रदान करना है।

**7. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना:-** 15 से 35 वर्ष के ग्रामीण युवाओं को समर्पित यह योजना सरकार के सामाजिक और आर्थिक कार्यक्रमों जैसे मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटीज ओर स्टार्टअप इंडया, स्टैंडअप इंडिया अभियानों से सम्बन्धित है। ग्रामीण युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर श्रम शक्ति बाजार के अनुरूप तैयार करने की प्लेसमेंट से जुड़ी कौशल विकास की यह सशक्तीकरण योजना है।

**उद्यमिता और कौशल विकास से जुड़े हुए सतत् विकास लक्ष्य 2030:-**

1. गरीबी उन्मूलन
2. खाद्य सुरक्षा, बेहतर पोषण व सतत कृषि
3. लोगों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु कार्य
4. समावेशी, गुणवत्तापूर्ण व आजीविका उपार्जन
5. महिला सशक्तीकरण व लैंगिक समानता
6. पानी और स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष ध्यान
7. सभी के लिए सस्ती व आधुनिक ऊर्जा की उपलब्धता
8. सतत आर्थिक विकास, रोजगार सृजन तथा उत्पादकता
9. नवाचार व औद्योगीकरण को प्रोत्साहन
10. असमानता को (देशों में व मध्य) कम करना
12. सतत खपत व उत्पादन पर ध्यान
16. शांतिपूर्ण व समावेशी समाज तथा संस्थाएं

## ■ कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की पहल

**पीएम युवा योजना (प्रधानमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान):-** इसे पायलट परियोजना के रूप में 12 राज्यों (दिल्ली, यूपी, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, तेलंगाना, केरल, प. बंगाल, बिहार, असम, मेघालय, उत्तराखंड और महाराष्ट्र) और संघशासित क्षेत्रों के 300 संस्थानों में लागू किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य भविष्य के विकल्प के रूप में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देना और उद्यमिता शिक्षा देकर संभावित और नए उद्यमियों को सहायता देना है। इससे करीब 70,000 युवाओं के जुड़ने का अनुमान है।

**कौशलाचार्य पुरस्कार:-** प्रशिक्षकों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को मान्यता देने और सराहना के लिए 5 सितम्बर, 2019 को 'कौशलाचार्य पुरस्कार' का आयोजन किया गया।

**राष्ट्रीय उद्यमशीलता पुरस्कार, 2019:-** एमएसडीई ने देश में उद्यमशीलता ढांचा विकसित करने के लिए एनईए, 2019 में 30 युवा उद्यमियों और 6 संगठनों को सम्मानित किया। उद्यमिता विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए ये पुरस्कार दिए गए। इसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देना था।

**भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस):-** कौशल में गुणवत्ता और मात्रा के लिहाज से मानदंड और आकार देने के क्रम में एमएसडीई ने हाल में मुम्बई में भारतीय कौशल संस्थान की स्थापना की घोषणा की है, जिसका स्वरूप आईआईएम और आईआईटी की तरह होगा।

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप (MNGF):-** एमएसडीई ने 6 राज्यों के 75 जिलों में MNGF की शुरुआत की। इनके अन्तर्गत 75 युवा पेशेवरों को चुना जाएगा और जिला स्तर पर योजना बनाने में जिला स्तर के अधिकारियों को सहयोग देने, डाटा/सूचना के कौशल प्रबंधन से सम्बन्धित गतिविधियों की निगरानी, जिले के विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय में जिला कौशल विकास समिति को सहयोग देने के लिए चिह्नित 75 जिलों में नियुक्त किया जाएगा।

# बजट भाषण सार : 2020-21

## 20 फरवरी, 2020 ( फाल्गुन कृष्ण 12, विक्रम संवत् 2076 )

- केन्द्र सरकार द्वारा हमारे प्रदेश को जो Share in central taxes मिलता है। उसमें 10 हजार 362 करोड़ रुपये काटे जा रहे हैं।
- पिछली सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण हमें विरासत में लगभग 3 लाख 10 हजार करोड़ रुपये का कर्ज मिला साथ ही लगभग 13 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये कार्यों के भुगतान का भार भी हमारी वर्तमान सरकार पर छोड़ दिया। जिसके चलते कुछ विभागों के संवेदकों के बकाया बिलों के भुगतान समय पर नहीं हो पाये।

सात संकल्पों को इस बजट की प्राथमिकताएँ बनाना-

### पहला संकल्प - निरोगी राजस्थान

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

- दिसम्बर, 2019 से निरोगी राजस्थान अभियान प्रारंभ किया है इसके माध्यम से हमारी कोशिश बीमारियों के Prevention पर फोकस किया जाए। इस अभियान को गति देने के लिए 100 करोड़ रूपए के **'निरोगी राजस्थान प्रबन्धन कोष'** के गठन की घोषणा, इस कोष से प्रत्येक जिले को 1 करोड़ रूपए अभियान प्रबन्धन, प्रचार, प्रसार, परिचर्चा एवं गोष्ठियों के आयोजन हेतु दिए जाएंगे।
- अगले वर्ष से सम्पूर्ण राजस्थान के नागरिकों को Digital Health Survey किए जाने का निर्णय इसके साथ ही राज्य में समय पर निःशक्तता की पहचान के लिए सरकार जिला स्तर पर Early Intervention Centre की स्थापना करेगी जिससे समय पर इलाज प्रारम्भ हो सके।
- शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाया जाने हेतु एक पृथक से ऑथोरिटी के गठन की घोषणा। मिलावटी पदार्थों की जांच हेतु प्रत्येक जिले में लैब का गठन जिसमें नमूनें की रिपोर्ट online दी जाएगी। साथ ही मिलावटखोरों के विरूद्ध त्वरित कानूनी कार्यवाही हेतु अलग से Fast Track Courts स्थापित की जाएगी।
- पीपाड सिटी एवं फलौदी के राजकीय अस्पताल को जिला चिकित्सालय का दर्जा दिया जाएगा।
- राजकीय चिकित्सालय औसिया में मदर एण्ड चाइल्ड सेंटर खोला जाएगा। साथ ही सांचौर (जालौर), तारानगर (चुरू), सोजत (पाली), लोहावट, बालेसर एवं भोपालगढ़ (जोधपुर) के राजकीय अस्पतालों में ट्रोमा सेंटर खोले जाएंगे।
- हाल ही में निःशुल्क दवा योजना में कैंसर, किडनी एवं लीवर की दवाईयों को शामिल कर **निःशुल्क दवाईयों की संख्या 709** कर दी है।
- राज्य में कैंसर की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए Cancer Registry System प्रारंभ किया जाएगा इसमें राजकीय एवं निजी अस्पतालों में कैंसर के मरीजों का पंजीयन अनिवार्य होगा।
- जयपुर, जोधपुर एवं बीकानेर में कैंसर की जाँच हेतु PET CT Scan मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी।
- राज्य के 150 चिकित्सा संस्थानों में डेंटल चेयर विद एक्स-रे मशीन की स्थापना की जाएगी।

### चिकित्सा शिक्षा

- गत बजट में श्रीगंगानगर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, बूँदी एवं चित्तौड़गढ़ में नवीन मेडिकल कॉलेजों की घोषणा की थी। उक्त 6 मेडिकल कॉलेज सहित कुल 15 नवीन मेडिकल कॉलेज स्वीकृत, अगले 4 वर्षों में इन कॉलेजों का निर्माण पूर्ण किया जाएगा। जिसमें 5 हजार करोड़ (केन्द्र 60%, राज्य 40%) रूपए का व्यय होगा।
- राज्य का पहला एवं दूसरा हार्ट ट्रांसप्लांट SMS Hospital, Jaipur में किया गया। वर्तमान में SMS Hospital, Jaipur एवं मथुरादास माथुर चिकित्सालय, जोधपुर अंग प्रत्यारोपण के लिए अधिकृत है।
- SMS चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर में लीवर ट्रांसप्लांट की सुविधा के लिए गेस्ट्रोसर्जरी विभाग की स्थापना की जाएगी। इसके लिए Institute of Liver and Biliary Science, New Delhi के साथ MOU किया जा चुका है।
- जोधपुर के MDM अस्पताल में गत वर्ष कैथलैब की स्थापना तथा आगामी वर्ष में यहाँ पिडियाट्रिक कैथलैब की स्थापना की जाएगी।
- SMS हॉस्पिटल, जयपुर में न्यूक्लीयर मेडिसिन विभाग की स्थापना की जाएगी।

- जयपुर में कैंसर के उपचार के लिए उच्च श्रेणी का अस्पताल राज्य कैंसर संस्थान बनकर तैयार है। इसमें ओपीडी प्रारंभ कर दिया गया है।
- प्रदेश में एक भी **राजकीय हौम्योपैथिक महाविद्यालय नहीं है, अतः अजमेर एवं जोधपुर में राजकीय हौम्योपैथिक महाविद्यालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।**
- सीकर जिला मुख्यालय पर 50 शैय्याओं के एकीकृत आयुष चिकित्सालय की स्थापना की जाएगी।

### दूसरा संकल्प - सम्पन्न किसान

- पिछले बजट में **₹ 1000 करोड़** के कृषक कल्याण कोष की घोषणा की जिसमें **दिसम्बर, 2019** में स्थापित किया गया है।

### कृषि

- वर्षाजल को संग्रहीत कर सिंचित क्षेत्र बढ़ाने के लिए वर्ष 2020-21 में 12 हजार 500 फार्म पौण्डों का निर्माण करवाया जाएगा।
- राज्य में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली **(ड्रिप एवं स्प्रिंकलर)** की लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2020-21 में 30 हजार हैक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सूक्ष्म सिंचाई के तहत लाया जाएगा।
- राजस्थान कृषि क्षेत्र में सोलर पंपां की स्थापना में देश में प्रथम है। वर्ष 2020-21 में 25000 सोलर पंप लगाए जाएंगे।
- वर्ष 2020-21 में 2 लाख टन यूरिया तथा 1 लाख टन DAP के अग्रिम भण्डारण हेतु राज्य सरकार द्वारा 30 करोड़ रूपए का व्यय किया जाएगा।
- राजस्थान राज्य बीज निगम द्वारा प्रमाणित बीज उत्पादन 8 लाख क्विंटल से बढ़ाकर 12 लाख क्विंटल किया जाएगा।
- आगामी 4 वर्षों में जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर, नागौर, चुरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, पाली, जालौर, सिरोही एवं झुंझुनू आदि जिलों के 1500 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को खजूर की खेती में लाया जाएगा।
- प्रदेश में किसानों को किराये पर खेती सम्बन्धी यंत्र उपलब्ध करवाने के लिए KVSS/GSS के माध्यम से माँग के अनुसार 100 कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना की जाएगी।
- राज्य में चरणबद्ध रूप से 44 नई स्वतंत्र मण्डियाँ स्थापित किया जाना प्रस्तावित साथ ही 100 नवीन गौण उपज मण्डी समितियों की भी स्थापना की जाएगी।
- कृषि वि.वि. जोधपुर के अधीन नए डेयरी प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी संकाय की स्थापना की जाएगी।
- किसानों की आय में वृद्धि, विपणन व्यवस्था में आधारभूत परिवर्तन, कृषि को जोखिम रहित बनाने, किसान एवं खरीददार के मध्य लाभकारी व्यवस्था स्थापित करने की दृष्टि से दो नवीन अधिनियम **''राजस्थान राज्य कृषि उपज (संवर्द्धन एवं सरलीकरण) अधिनियम 2020 एवं राजस्थान कृषि उपज संविदा खेती एवं सेवाएं (संवर्द्धन एवं सरलीकरण) अधिनियम 2020 लाए जा रहे है।**

### सहकारिता

- फसली ऋणों में पारदर्शिता लाने एवं भेदभाव खत्म करने के लिए ग्राम सहकारी समितियों के माध्यम से बांटे जाने वाले फसली ऋणों के वितरण के लिए **सहकारी फसली ऋण ऑनलाइन पंजीयन एवं वितरण योजना 2019 लागू** की गई। जिसके तहत अब तक सहकारी बैंकों के द्वारा 22 लाख से अधिक किसानों को 8 हजार 700 करोड़ रूपए से अधिक का ब्याज मुक्त फसली ऋण वितरित किया जा चुका है।

### पशुपालन

- 10 करोड़ रूपए व्यय कर प्रदेश में अनुदानित दर पर कृत्रिम गर्भाधान हेतु सोर्टेड सीमन के उपयोग की योजना प्रारंभ की जाएगी। इस तकनीक से बछड़ियों के पैदा होने की संभावना अधिक रहती है।

### तीसरा संकल्प - महिला, बाल एवं वृद्ध कल्याण

- गत वर्ष घोषित 1000 करोड़ रूपए की ''इंदिरा महिला शक्ति निधि'' के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक रचनात्मक पहल की गई।

### महिला एवं बाल विकास

- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगी तथा ANM के मध्य बेहतर समन्वय व कन्वर्जेंस के लिए कॉमन प्लेटफॉर्म A3 एप विकसित किया जाएगा। इससे इनके मध्य बेहतर समन्वय एवं लाभार्थियों को समुचित सेवाएँ प्राप्त हो सकेंगी।
- **HCM रीपा, जयपुर में 'इंदिरा गाँधी महिला शोध संस्थान' स्थापित किया जाएगा।**

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

- आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्गों (EWS) के उत्थान एवं कल्याण के लिए सुझाव देने हेतु **'राजस्थान राज्य आर्थिक पिडछ़ा वर्ग बोर्ड'** के गठन की घोषणा।
- पालनहार योजना के 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र लाभार्थियों के लिए गत वर्ष जयपुर में एक पालनहार छात्रावास की घोषणा की गई इसे आगे बढ़ाते हुए अब प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर छात्रावास (हाफ-वे-होम) खोला जाएगा।
- 100 करोड़ रूपए के **'नेहरू बाल संरक्षण कोष'** के गठन की घोषणा इसके अंतर्गत बच्चों की तस्करी, बाल मजदूरी जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का कार्य किया जा सकेगा।
- **सरकारी खर्चे से कॉकलीयर इम्प्लांट करने में राजस्थान देश का अग्रणी राज्य है** इस योजना को भारत सरकार ने पूरे भारत में लागू किया गया है। अब हम बाल्यकाल की प्रारंभिक अवस्था में ही Hearing Screening की अनिवार्यता हेतु नीति बनाकर लागू करेंगे।
- गत वर्ष SC, ST एवं अल्पसंख्यक वर्गों के छात्रावासों को देय मैस भत्ते की राशि प्रतिविद्यार्थी 2000 रूपए से बढ़ाकर 2500 रूपए प्रतिमाह की गई। इस वर्ष शेष अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, वृद्धाश्रम, भिक्षावृत्ति वाले प्रस्तावित आवासीय संस्थानों में भी प्रति आवासी यह राशि 2500 रूपए प्रतिमाह की जाएगी।
- राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से स्वरोजगार हेतु 2500 युवाओं को ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। आगामी वर्ष में 50,000 युवाओं को ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

### अल्पसंख्यक

- मसूदा (अजमेर) कामां (भरतपुर) में अल्पसंख्यक बालक-बालिका आवासीय विद्यालयों भवनों का निर्माण करवाया जाएगा साथ ही जिला मुख्यालय नागौर, सवाई माधोपुर एवं लांडनू नागौर में 3 अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास भवनों का निर्माण करवाया जाएगा।
- जिला मुख्यालय जयपुर में 100 शैय्याओं के अल्पसंख्यक बालक छात्रावास भवन का निर्माण करवाया जाएगा।

### जनजाति विकास

- TSP Area के जनजाति युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतापगढ़, डूंगरपुर एवं उदयपुर में कौशल विकास केन्द्र प्रारम्भ किए जाएंगे।
- जनजाति क्षेत्र में संचालित सरकारी आवासीय विद्यालय एवं जनजाति छात्रावासों के छात्रावास अधीक्षकों के लिए पृथक कैडर बनाया जाएगा।
- TSP क्षेत्र के जनजाति किसानों को कुसुम योजना (सोलर पम्प स्थापना हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा 30–35 प्रतिशत अनुदान) का लाभ दिलाने हेतु ऊर्जा विभाग से समन्वय स्थापित कर 45000 रूपए प्रत्येक किसान को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### चौथा संकल्प - सक्षम मजदूर, छात्र-युवा-जवान

### युवा मामले एवं खेल -

- **पहली बार हाल ही में सम्पन्न हुई राज्य खेल प्रतियोगिता जिसमें 18 खेलों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसी का नतीजा था कि असम में हुए 'खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2020'** में **राज्य का प्रदर्शन** बेहतर हुआ है। खेलों के प्रति **जागरूकता लाकर हम Fit Rajasthan Hit Rajasthan के लक्ष्य** की ओर एक कदम और बढ़ाएंगे।
- ग्राम स्तरीय खेल प्रतिभाओं की खोज कर आगे लाने के लिए राज्य खेलों की तर्ज पर हम ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय खेलों का आयोजन करेंगे। जिससे वर्ष 2022 में होने वाले राज्य खेल और अधिक सफल हो सकेंगे।
- इस वर्ष आयोजित **खेलों में क्रिकेट और हैंडबॉल शामिल** नहीं किए जा सके। इन खेलों के भी ब्लॉक, जिला एवं राज्यस्तरीय आयोजन करवाए जाएंगे।
- राजस्थान के खिलाड़ियों को पदक जीतने पर राशि बढ़ाने की घोषणा।

**ओलम्पिक में -**

| | वर्तमान में दी जा रही राशि | बढ़ाकर दी गई राशि |
|---|---|---|
| स्वर्ण | 75 लाख रू. | 3 करोड़ रू. |
| रजत | 50 लाख रू. | 2 करोड़ रू. |
| कांस्य | 30 लाख रू. | 1 करोड़ रू. |

**एशियन गेम्स/कॉमनवेल्थ गेम्स**

| | वर्तमान में दी जा रही राशि | बढ़ाकर दी गई राशि |
|---|---|---|
| स्वर्ण | 30 लाख रू. | 1 करोड़ रू. |
| रजत | 20 लाख रू. | 60 लाख रू. |
| कांस्य | 10 लाख रू. | 30 लाख रू. |

- प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए संविदा पर विभिन्न खेलों के 500 कोच लगाए जाएंगे।
- राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर मिलने वाले दैनिक भत्तों की दरों को बढ़ाकर क्रमशः 500 से 1000 रूपए एवं 300 से 600 रूपए करने की घोषणा।

### उद्योग

- **राजस्थान औद्योगिक विकास नीति 2019** जारी की गई, **राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2019** भी लागू की गई।
- उद्योगों की **सुगम स्थापना के लिए वर्ष 2011 में सिंगल विंडो एक्ट लागू किया गया।** इस एक्ट के अनुपालन को और प्रभावी बनाने के लिए **'वनस्टॉप शॉप'** प्रणाली स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस प्रणाली में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में **एक 'बोर्ड ऑफ इनवेस्टमेंट'** का गठन किया जाएगा। यह बोर्ड निवेश प्रस्तावों सम्बन्धी स्वीकृतियाँ प्रदान करने में सक्षम होगा।

  प्रथम चरण में एकल खिड़की व्यवस्था के 14 विभागों के अधिकारियों को BIP में प्रतिनियुक्त किया जाएगा। जिससे निवेश प्रस्तावों को त्वरित Clearances मिल सकेगी।
- **राज्य में MSMEs की स्थापना हेतु वर्ष 2019 में नया एक्ट लेकर आए और पहले तीन सालों तक समस्त स्वीकृतियों एवं निरीक्षणों की बाध्यता से मुक्त किया।** इसमें Online रजिस्ट्रेशन की सुलभ सुविधा उपलब्ध है जिसके माध्यम से अब तक 3339 उद्यमियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। राजस्थान ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। उद्यमियों की सुविधा के लिए 'राज उद्योग मित्र पोर्टल' प्रारंभ किया गया है।
- जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का 'राजस्थान अंतरराष्ट्रीय निर्यात एक्सपो' ऑयोजित किया जाएगा जिसका व्यय रीको द्वारा वहन किया जाएगा।
- राज्य में औद्योगिक निवेश एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिए रीको द्वारा अलवर, चुरू, सीकर, जालौर, टोंक, बूंदी, भरतपुर, बांसवाड़ा एवं उदयपुर जिलों में नवीन औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।
- विशेष आर्थिक क्षेत्र -2 सीतापुरा, जयपुर में करीब 25000 वर्गफीट पर Plug and Play Facility का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

### गांधी स्मृति

- राष्ट्रपिता **महात्मा गाँधी की 150वीं जयंती के अवसर** पर **जयपुर में 'खादी प्लाजा' की स्थापना** की जाएगी।

### पेट्रोलियम एवं खनिज

- बाड़मेर में रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स परियोजना की कुल लागत 43129 करोड़ रूपए है। इस हेतु HPCL राजस्थान Refinery Ltd. कम्पनी में HPCL की 74% एवं राजस्थान सरकार की 26% भागीदारी है।
- हमनें 10 Petroleum Exploration License (PEL) स्वीकृत किए है। आगामी वर्ष में 3PEL और स्वीकृत किए जाएंगे। अन्वेषण एवं उत्पादन से सम्बन्धित कार्यों को शीघ्रता से संपादित करने के लिए बाड़मेर जिले में उपनिदेशक (पेट्रोलियम) कार्यालय खोला जाएगा।
- **राज्य में लगभग 2476 मिलियन टन पोटाश अयस्क के भण्डार की सम्भावना है। यह खनिज पूरे देश में सिर्फ हमारे प्रदेश में हनुमानगढ़ जिले सहित कुछ क्षेत्र में उपलब्ध है।**
- रिफाइनरी परियोजना में रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु जोधपुर व पचपदरा में हाइड्रोकॉर्बन सेक्टर की विभिन्न स्किल्स में प्रशिक्षण देने के लिए डेडिकेटेड कौशल केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

### ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज

- राज्य में **57 नई पंचायत समितियों एवं 1456 नई ग्राम पंचायतों के गठन के उपरांत** कार्यालय प्रयोजनार्थ विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नवीन भवनों का निर्माण करवाया जाएगा।
- महात्मा गाँधी नरेगा योजना को मजबूत बनाने के लिए काम मांगो अभियान के तहत मजदूरों की संख्या बढ़ाई है इस वर्ष अब तक 53 लाख परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया है। जिनमें से लगभग 4 लाख 87 हजार परिवारों द्वारा 100 दिवस का रोजगार पूर्ण कर लिया गया।

### पर्यटन

- **पर्यटन सम्बन्धी सुविधाओं के विकास व उन्नयन हेतु 100 करोड़ रूपए के पर्यटन विकास कोष के गठन की** घोषणा। साथ ही राज्य में Ease of Travelling in Rajasthan की नीति विकसित की जाएगी।
- RTDC की 4 हैरिटेज सम्पत्तियों लेक पैलेस सिलीसेढ (अलवर), झूमर बावड़ी, रणथम्भौर (सवाई माधोपुर), गोकुल नाथद्वारा (राजसमंद) एवं होटल सरोवर पुष्कर (अजमेर) के जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं विकास हेतु 4 करोड़ रूपए का प्रावधान प्रस्तावित है।

**पाँचवा संकल्प - शिक्षा का परिधान**

- राज्य के 301 शैक्षणिक ब्लॉक में से 134 ब्लॉक पर English Medium विवेकानन्द मॉडल स्कूल स्थापित हो चुके हैं। अतः अब शेष 167 ब्लॉक में प्रत्येक में एक English Medium महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है।
- **समस्त सरकारी विद्यालयों में शनिवार के दिन No Bag Day रहेगा।**
- राज्य के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा के लिए नए 'कम्प्यूटर शिक्षक कैडर' का सृजन किया जाना प्रस्तावित है।
- राज्य के 204 ब्लॉक में अभी 319 कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय है आगामी तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से 66 (प्रथम चरण में 22) कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालयों की स्थापना की जाएगी।

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा -**

- महाविद्यालयों में पढ़ रहे युवाओं के कौशल विकास हेतु Skill Enhancement and Employable Training (SEET) कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा। इसमें राज. कौशल एवं आजीविकास विकास निगम एवं राजस्थान स्किल यूनिवर्सिटी के माध्यम से प्रतिवर्ष 10,000 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- प्रदेश के महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो लेक्चर की सुविधा के लिए **'राजीव गाँधी ई कन्टेट बैंक'** की स्थापना की जाएगी।
- राज्य के सबसे पुराने एवं प्रदेश के प्रथम MBM Engineering College को Upgrade करके विश्वविद्यालय स्तर की सुविधाएँ प्रदान की जाएगी।

**छठा संकल्प-पानी, बिजली व सड़को का मान**

**पेयजल**

- **भारत सरकार की जल जीवन मिशन योजना जिसमें राज्य सरकार की भागीदारी 50 प्रतिशत है के माध्यम से हर घर में जल पहुँचाया जाना प्रस्तावित है। इसी कड़ी में प्रथम चरण में वर्ष 2020-21 में 16 जिलों** झुन्झुनु, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, झालावाड़ा, डूंगरपुर, पाली, भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर, नागौर, बारां, अजमेर, कोटा, बूंदी एवं करौली की 30 परियोजनाओं के कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।
- वर्ष 2020-21 में 4000 से कम आबादी के 250 गाँव जहाँ पेयजल स्रोत उपलब्ध हों में नवीन सेवा स्तर मापदण्ड अनुसार, जल से हर घर में पेयजल आपूर्ति की योजनाओं के कुल 625 करोड़ रूपए की लागत के कार्य हाथ में लिए जाएंगे।

**ऊर्जा**

- **राजस्थान सौर ऊर्जा नीति 2019 एवं राजस्थान पवन एवं हाईब्रिड ऊर्जा नीति 2019 जारी की गई।**
- नई सौर ऊर्जा नीति में चरणबद्ध रूप से 30,000 मेगावाट तक उत्पादन क्षमता स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- प्रत्येक जिला मुख्यालय एवं चिन्हित शहरी क्षेत्रों को **'ग्रीन एनर्जी सिटी'** के रूप में विकसित किया जाएगा। इसी क्रम में आगामी 5 वर्षों में 300 मेगावाट के रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने प्रस्तावित है।
- किसानों को खेती के लिए रात्रि में बिजली उपलब्ध करवाए जाने से उन्हें शारीरिक एवं मानसिक कष्ट उठाना पड़ता है। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से राज्य के सभी जिलों में दिन के दो ब्लॉक में कृषि हेड आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस क्रम में प्रथम चरण में दिनांक 01 अप्रैल, 2021 तक अजमेर, प्रतापगढ़, जैसलमेर, भीलवाड़ा, राजसमन्द, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़, पाली, सिरोही, जालोर, जैसलमेर, कोटा, बूंदी, झालावाड़, धौलपुर एवं द्वितीय चरण में 1 अप्रैल, 2022 तक सीकर, झुन्झुनू, जयपुर, जोधपुर, भरतपुर व तृतीय चरण में 1 अप्रैल, 2023 तक शेष जिलों के सभी ग्रामीण फीडरों पर दिन के ही ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति के लिए तंत्र को सुदृढ़ करने की व्यवस्था की जाएगी।

**सार्वजनिक विनिर्माण**

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के प्रथम एवं द्वितीय फेज का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है। इस योजना के तृतीय चरण में मार्च, 2025 तक राज्य की 8663 Km. लम्बाई की ग्रामीण सड़कों का उन्नयन करवाया जाना प्रस्तावित है।

**परिवहन**

- प्रदेश में कहीं भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के तुरन्त बाद नजदीकी अस्पताल में ले जाने पर ऐसे निजी अस्पताल द्वारा उसका उपचार करना अनिवार्य होगा।
- राज्य में प्रतिवर्ष लगभग 10500 व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में काल कवलित हो जाते है। राज्य में **तमिलनाडू** की तर्ज पर रोड मैप तैयार किया जाएगा। ताकि सड़क

दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। साथ ही मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें सम्बन्धित विभागों के मंत्रिगण, मुख्य सचिव, DGP, अतिरिक्त DGP, यातायात एवं सम्बन्धित विभागों के प्रशासनिक सचिव शामिल होंगे। यह कमेटी वर्ष में दो बार स्थिति की समीक्षा करेगी।

- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए समर्पित **सड़क सुरक्षा कोष की स्थापना जिसमें 100 करोड़ रूपए** की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी।
- सड़क दुर्घटना मृत्यु दर कम करने वाले सर्वश्रेष्ठ तीन जिले को क्रमशः **25 लाख रूपए, 15 लाख रूपए एवं 10 लाख रूपए का 'मुख्यमंत्री सड़क सुरक्षा पुरस्कार' दिए जाने की घोषणा।**
- पीपाड़ शहर (जोधपुर) परिवहन कार्यालय को जिला परिवहन कार्यालय में क्रमोन्नत किया जाएगा।
- प्रत्येक जिले में ट्रेफिक पार्क स्थापित किए जाएंगे।

**जलसंसाधन एवं सिंचित क्षेत्र विकास -**

- पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ERCP) को सिंचाई एवं जलदाय के लिए TOP Priority में सम्मिलित करने का निश्चय किया जा रहा है। यह योजना राजस्थान के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूँदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर तथा धौलपुर के लिए पेयजल एवं सिंचाई की दृष्टि से अतिमहत्त्वपूर्ण है। जिसकी अनुमानित लागत 37247 करोड़ रूपए है।
- सरकार बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (DRIP) के अंतर्गत आगामी वर्षों में 503 करोड़ रूपए के कार्य करवाएगी। परियोजना के प्रथम चरण में वर्ष 2020-21 में 18 बांधों का जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण तथा सुरक्षा सम्बन्धी कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।
- राजस्थान जल क्षेत्र पुनर्संरचना परियोजना (RWSRPD) के अंतर्गत इंदिरा गांधी नहर परियोजना पर इस वर्ष 245 करोड़ रूपए खर्च किए गए है। जिससे हनुमानगढ़ जिले के रावतसर, टिब्बी व हनुमानगढ़, श्री गंगानगर जिले के सूरतगढ़ व अनूपगढ़ तथा बीकानेर जिले के खाजूवाला तहसील क्षेत्र के काश्तकारों को इसका लाभ मिलेगा।
- राजस्थान फीडर एवं सरहिंद फीडर के रिलाइनिंग हेतु भारत सरकार व पंजाब सरकार के साथ MOU किया गया है। पंजाब द्वारा दिसम्बर, 2019 में सरहिंद फीडर के सर्वाधिक क्षतिग्रस्त लगभग 17 किमी. में रिलाइनिंग का कार्य संपादित करवा दिया गया है।
- भारत सरकार के सेंट्रल बोर्ड द्वारा इरिगेशन एण्ड पॉवर (CBIP) द्वारा प्रदेश को **जल प्रबन्धन के क्षेत्र में 2 श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर के CBIP Award 2020 से सम्मानित किया जाएगा।**

**स्थानीय निकाय एवं नगरीय निकाय :**

- प्रदेश में मण्डावरी (दौसा), बस्सी (जयपुर), रामगढ़, बानसूर (अलवर), जायल (नागौर), भोपालगढ़ (जोधपुर) में नगर पालिकाओं का गठन प्रस्तावित है।
- प्रदेशक के 9 जिला मुख्यालयों सिरोही, जैसलमेर, करौली, दौसा, बाड़मेर, बांसवाड़ा, बूंदी, धौलपुर एवं प्रतापगढ़ पर टाउनहॉल नहीं थे, उनमें से इस वर्ष सिरोही एवं जैसलमेर में टाउनहॉल का निर्माण करवाया जा रहा है। अगले वर्ष धौलपुर और करौली में टाउनहॉल बनवाए जाएंगे।
- जोधपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।
- वित्तीय वर्ष 2020-21 में RUIDP चतुर्थ चरण के अंतर्गत 7 शहरों आबूरोड, सिरोही, कुचामनसिटी, सरदारशहर, बांसवाड़ा, खेतड़ी एवं मण्डावा में सीवरेज एवं जलप्रदाय के कार्य करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 6 शहरों रतनगढ़, फतेहपुर, लांडनू, डीडवाना, मकराना व प्रतापगढ़ में सीवरेज कार्य एवं लक्ष्मणगढ़ शहर में जलप्रदाय कार्य करवाए जाएंगे।
- जोधपुर शहर की जोजरी नदी में सालभर उपचारित जल उपलब्धता के लिए तीन STP बनाए जाएंगे।
- जयपुर शहर के सिविल लाईन रेलवे फाटक पर JDA 4 लाईन के RoB का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा, पुलिस मेमोरियल से आदर्श नगर होते हुए मनोचिकित्सालय तक ऐलीवेटेड रोड की DPR, JDA एवं OTS चौराहे पर यातायात सुगम बनाने हेतु Feasibility Study करवाई जाएगी।
- आवासन मण्डल द्वारा प्रतापनगर जयपुर में लगभग 65000 वर्गमीटर भूमि पर **कोचिंग हब** बनाया जाएगा।

**सातवाँ संकल्प - कौशल व तकनीक प्रधान**

**कौशल एवं रोजगार**

- विद्यार्थियों में ग्यारहवीं कक्षा से ही उनकी प्रतिभा और अभिरूचि के अनुसार कौशल विकास के लिए मुख्यमंत्री कौशल मार्गदर्शन योजना प्रारंभ की जाएगी।
- अप्रवासी राजस्थानी श्रमिक भाईयों के लिए कल्याणकारी योजनाएँ लागू करवाने हेतु **10 करोड़ रूपए के 'प्रवासी राजस्थानी श्रमिक कल्याण कोष'** के गठन की घोषणा।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- भरतपुर में एक नवीन क्षेत्रीय विज्ञान कार्यालय खोला जाएगा।

## सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार

- राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 एवं राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम 2012 लाया गया। मुख्य सचिव स्तर पर कमेटी का गठन किया जाकर इन अधिनियमों को सही तरीके से लागू किया जाएगा।
- सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के अनुरूप जनसूचना पोर्टल बनाया गया। इस पोर्टल पर **27 विभागों की 51 योजनाओं/सेवाओं की 144 प्रकार की जानकारियाँ उपलब्ध करवाई जा रही है।**
- 20 अगस्त, 2019 को भारत रत्न राजीव गाँधी जी के जन्मदिन के अवसर पर जयपुर में I.T. आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें प्रदेश भर के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के उत्साह को देखते हुए हमनें तय किया है कि **स्टार्टअप्स के विकास के लिए 75 करोड़ रूपए के राजीव @ 75 फण्ड की स्थापना की जाएगी।**
- इस वित्त वर्ष में Ease of Doing Business (EoDB) के तहत Onilne बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (BPAS) को प्रदेश के जयपुर, जोधपुर व अजमेर विकास प्राधिकरण सहित 14 विकास न्यासों में सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है।
- **राजीव गाँधी की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों को 'राजीव गांधी ग्रामीण आईटी हब-राजगृह (RAJGRIH) के रूप में विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस सेवाओं की प्रदायगी** को और मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया गया है।
- गत बजट की घोषणा के अनुरूप भामाशाह की जगह राजस्थान राजस्थान जन आधार योजना सफलतापूर्वक प्रारंभ की जा चुकी है।

## कला एवं संस्कृति

- राजस्थान रत्न पुरस्कार को पुनः लागू करने की घोषणा।
- श्री जयनारायण व्यास स्मृति भवन (टाउन हॉल) जोधपुर शहर का एकमात्र प्रेक्षागृह है जिसके जीर्णोद्धार हेतु 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया जाएगा।

## वन एवं पर्यावरण

- गुरूनानक देवजी की 550वीं जयंती के उपलक्ष्य में 5 जिलों हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, कोटा, अलवर एवं बूँदी में गुरूद्वारा प्रबन्धन समिति के सहयोग से एक विद्यमान उद्यान। नए उद्यान को गुरूनानक जयंती पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा।
- राज्य में वनों की उत्पादकता बढ़ाने और ईमारती लकड़ी, बांस एवं लघुवन उपज के उत्पादन में वृद्धि हेतु **'राजस्थान राज्य वन विकास निगम'** गठित किया जाएगा।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक जिले की **''जिला पर्यावरण योजना'** तथा राज्य के लिए **'राज्य पर्यावरण योजना'** बनाई जाएगी।
- खेजड़ली में पर्यावरण संरक्षण के लिए बलिदान करने वाली अमृतादेवी को समर्पित 10 लाख रूपए की लागत से एक शहीद स्मारक का निर्माण किया जाएगा।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

- उचित मूल्य दुकानदारों की आय में वृद्धि के लिए उचित मूल्य दुकानों पर ई-मित्र केन्द्र स्थापित करने हेतु अधिकृत किया जाएगा।

## गृह

- सरकार ने थाने में प्रकरण दर्ज नहीं किए जाने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में FIR दर्ज करवाने की व्यवस्था की गई है। **थानों के समस्त परिवादों को CCTNS (Crime and Criminal Tracking Network and System) पर Online दर्ज करवाने की व्यवस्था कर दी गई है ऐसा करने वाला राजस्थान देशभर में पहला राज्य है।**
- राज्य में ERSS (Emergency Response Support System) चरणबद्ध रूप से स्थापित करने की घोषणा पिछले बजट में की थी। ताकि आपात स्थिति में 108 की तर्ज पर 112 नंबर डायल कर अल्पावधि में मोबाइल पुलिस यूनिट घटना स्थल पर पहुँच सके। इसी क्रम में इस वर्ष यह व्यवस्था पायलट बेसिस पर अलवर तथा भरतपुर जिले में प्रारंभ की जा रही है।
- मादक पदार्थों और नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए SOG में एक नई **'एण्टी नारकोटिक यूनिट'** का गठन किया जाएगा।
- वर्तमान में राज्य में केवल जयपुर में DNA Test की सुविधा उपलब्ध है। प्रथम चरण में क्षेत्रीय विधि प्रयोगशाला जोधपुर एवं द्वितीय चरण में क्षेत्रीय विधि प्रयोगशाला अजमेर में DNA खण्ड प्रारंभ किया जाएगा।

## सामान्य प्रशासन एवं प्रशासनिक सुधार –

- राज्य में सरकारी सेवाओं के रूप में नागरिकों को घर पर

ही जन्म, जाति, मूल निवास, आय, विवाह आदि प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस-रिन्यूवल, पेयजल कनेक्शन, पेंशन पीपीओ आदि हेतु नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने पर इनकी Door Step डिलीवरी के लिए जयपुर एवं जोधपुर में पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ करने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जा रही है।

- जयपुर एयरपोर्ट पर स्टेट फ्लाइंग स्कूल (क्लब) पुन: प्रारंभ किया जाएगा।

**राजस्व एंव सैनिक कल्याण-**

- राज्य सरकार द्वारा कृषि ऋण रहन पोर्टल बनाया गया है। जिसके माध्यम से किसान कृषि ऋण हेतु किसी भी बैंक में आवेदन कर सकेगा।
- राज्य के 14 जिलों दौसा, झालावाड़, धौलपुर, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़, सिरोही, बारां, बीकानेर, सवाई माधोपुर, श्रीगंगानगर, बूँदी, टोंक एवं करौली में शहीद स्मारक बने हुए नहीं है। इन शहीद स्मारकों का निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित है।

**देवस्थान :-**

- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2019 में इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रदेश से समानुपातिक भागीदारी के रूप में हर क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया जाए।

**कर्मचारी कल्याण**

- जुलाई, 2019 से महंगाई भत्ते को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 17 प्रतिशत किए जाने की घोषणा।
- वर्ष 2020-21 में 53181 पदों पर भर्तियाँ की जाएगी।
- आगामी वर्ष में बालिकाओं तथा महिलाओं के समग्र विकास हेतु महिला कल्याण नीति, कृषकों के उत्थान हेतु राजस्थान FPO (Farmer Producer Organization) नीति, शिल्पकला के विकास हेतु हस्तशिल्प नीति एवं स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट अप नीति लागू की जाएगी।

## ''कर प्रस्ताव''

**पंजीयन एवं मुद्रांक**

- राज्य सरकार, स्थानीय निकायों, राजकीय संस्थाओं द्वारा जारी पट्टों पर स्टॉम्प ड्यूटी की गणना, सम्पत्ति के बाजार मूल्य (DLC) के स्थान पर, पट्टों पर वसूल की गई राशि पर किए जाने की घोषणा।
- वर्षों से लंबित स्टाम्प प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए एमनेस्टी योजना लागू की जाएगी। जिसके तहत 30 जून, 2020 तक बकाया स्टॉम्प ड्यूटी जमा कराने पर ब्याज व शस्ति को शत प्रतिशत छूट देने की घोषणा।
- रियल एस्टेट क्षेत्र को मंदी से उबारने के लिए भूमि की वर्तमान DLC दरों को 10 प्रतिशत घटाकर स्टॉम्प ड्यूटी की दर को 1 प्रतिशत बढ़ाया जाना प्रस्तावित है।

**वाणिज्यिक कर विभाग**

- GST Audit एवं Anti Evasion कार्य के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्त विभाग के ऑडिट प्राधिकरण एवं बिजनेस इंटलीजेंस यूनिट का गठन किया जाएगा।

**खान एवं पैट्रोलियम विभाग -**

- खनिज अन्वेषण को गति देने के लिए **State Mining Exploration Trust ( राज्य खनिज अन्वेषण न्यास )** का गठन किया जाएगा।

**संशोधित अनुमान वर्ष 2019-20 एवं बजट अनुमान वर्ष 2020-21**

- भारत सरकार ने वर्ष 2019-20 के अंतरिम बजट में राज्य को केन्द्रीय करों में हिस्से के रूप में 46 हजार 411 करोड़ 8 लाख रूपए देने का अनुमान था जिसे वर्ष 2019-20 के बजट अनुमानों में घटाकर 44 हजार 461 करोड़ 86 लाख रूपए कर दिया। वर्ष 2019-20 के संशोधित अनुमानों में इसे और घटाते हुए मात्र 36 हजार 49 करोड़ 14 लाख रूपए कर दिया गया।

**राजस्व घाटा**

- वर्ष 2020-21 के बजट अनुमानों में 12 हजार 345 करोड़ 61 लाख रूपए का राजस्व घाटा रहने का अनुमान है।

**राजकोषीय घाटा**

- वर्ष 2020-21 के बजट अनुमानों में राजकोषीय घाटा 33 हजार 922 करोड़ 77 लाख रूपए अनुमानित है **जो कि GSDP का 2.99 प्रतिशत है।**